e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

प्रभात मंत्र

वर्ष 12, अंक 41

मंगलवार

11.02.2025

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

सुविचार

जिस मित्र की आपके दुश्मन के साथ बैठक हो, उस मित्र से सदैव सावधान रहना चाहिए!

ताजा खबरों के लिए देखें

क्विक न्यूज

डीएम ने फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ किया

पूर्वी चंपारण : फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत मोतिहारी सदर अस्पताल के एमसीएच हॉस्पिटल में डीएम सौरभ जोरवाल ने फाइलेरिया रोधी सर्वजन दवा का सेवन कर आगामी 17 दिनों तक चलने वाले सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होने सभी स्वस्थ लोगों से दवा सेवन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी स्वस्थ व्यक्ति जो 2 वर्ष से ऊपर के हैं, उन्हें फाइलेरिया(हाथी पाँव) से सुरक्षित रहने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जा रही डीइसी एवं एल्बेंडाजोल की दवा का सेवन करना चाहिए। मौके पर सिविल सर्जन डॉ रविभूषण श्रीवास्तव, डीएस विजय कुमार, डीभीडीसीओ डॉ शरत चंद्र शर्मा, डीईओ संजीव कुमार ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी, उन्होंने बताया की जिले के लगभग 60 लाख लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है।

राज्य सम्मेलन में भाजपा-तृणमूल के खिलाफ रणनीति बनाएगी माकपा

हुगली : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी माकपा पश्चिम बंगाल में अपने राज्य सम्मेलन की तैयारी कर रही है, जो 22 से 25 फरवरी, 2025 तक हुगली जिले के डानकुनी में आयोजित किया जाएगा। यह सम्मेलन महत्वपूर्ण है क्योंकि यह आगामी 2026 पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के लिए रणनीति बनाने पर केंद्रित है, जहां 294 नए सदस्य चुने जाएंगे।सूत्रों के अनुसार, पार्टी का लक्ष्य गठबंधन बनाते हुए भी अपनी अलग राजनीतिक पहचान को बनाए रखना है। सम्मेलन में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी दोनों के खिलाफ आक्रामक रुख पर जोर दिया जाएगा। माकपाअपने स्वतंत्र राजनीतिक अभियान और जन-आंदोलन प्रयासों को बढ़ाएगी। चर्चा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा सदस्यता बढ़ाकर और प्रभाव का विस्तार करके, विशेष रूप से पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा में पार्टी के संगठनात्मक आधार को मजबूत करने पर होगा।

38वें राष्ट्रीय खेलों के समापन समारोह को यादगार बनाने में जुटी सरकार

हल्द्वानी : 38वें राष्ट्रीय खेलों का समापन समारोह हल्द्वानी में होना है। समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का कार्यक्रम प्रस्तावित है।उत्तराखंड सरकार कार्यक्रम को यादगार बनाने की तैयारियों में जुटी हुई है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री के निर्देश पर कुमाऊं मंडल के आयुक्त दीपक रावत ने आयोजन स्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों को सभी आवश्यक इंतजाम करने के निर्देश दिए। अधिकारियों के साथ बैठक में कुमाऊं आयुक्त व मुख्यमंत्री के सलाहकार दीपक रावत ने सुरक्षा व्यवस्था, सफाई, जलपान, पार्किंग, स्टेज व्यवस्था, हेलीपैड, एलईडी, बैरिकेटिंग, शौचालय, वीआईपी, मीडिया पास, पार्किंग आदि की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। आयुक्त ने कहा कि 38वें राष्ट्रीय खेलों के समापन प्रबन्ध में कोई कमी है, तो उसे समय रहते पूर्ण कर लिया जाए।

ऑनलाइन सट्टेबाजी के आरोप में काठमांडू से 23 भारतीय गिरफ्तार

काठमांडू : ऑनलाइन सट्टेबाजी के आरोप में नेपाल की राजधानी काठमांडू से 23 भारतीय युवकों को गिरफ्तार किया गया है। नेपाल पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर रविवार देर रात छापा मार कर एक अड्डे से इन युवकों को पकड़ा।काठमांडू के एसएसपी केशव अधिकारी ने मीडिया को बताया कि बूढ़ानीलकंठ इलाक में एक किराए के घर से ऑनलाइन सट्टेबाजी की गतिविधियां संचालित करने वाले इन युवकों को पकड़ा गया। छापेमारी के दौरान 88 स्मार्ट फोन, 10 लैपटॉप और 81 हजार रुपये नकद बरामद किए गए।पकड़े गए युवकों के जब्त किए गए मोबाइल और लैपटॉप से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस का अनुमान है कि पिछले तीन महीने में इनलोगों ने करीब 300 करोड़ रुपये की धोखधड़ी की।

ममता बनर्जी का संदेश : दल पर मेरी नजर, मैं ही देखूंगी सब कुछ

कोलकाता : पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया कि पार्टी में अंतिम फैसला उन्हीं का होगा। सोमवार को विधानसभा में तृणमूल कांग्रेस के विधायक दल की बैठक में उन्होंने यह संदेश दिया कि पार्टी और सरकार में अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में कई विधायकों को फटकार मिली, तो कुछ को उनकी मेहनत के लिए सराहा भी गया।बैठक में ममता बनर्जी ने साफ कहा कि पार्टी के मुद्दों को सार्वजनिक रूप से उठाना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

रांची का तापमान

अधिकतम 24^{0}

न्युनतम 13^{0}

राज्यसभा में मोदी सरकार पर भड़कीं सोनिया गांधी,जनगणना में देरी पर की चिंता जाहिर

जल्द हो जनगणना सोनिया गांधी

सोनिया गांधी ने कहा कि एनएसएसए के लाभार्थियों का आंकड़ा 2011 की जनगणना पर आधारित है जबकि अब तक एक दशक से ज्यादा का समय बीत चुका है.

जनगणना में देरी पर उठाए सवाल

सोनिया गांधी ने कहा कि एनएसएसए के लाभार्थियों का आंकड़ा 2011 की जनगणना पर आधारित है जबकि अब तक एक दशक से ज्यादा का समय बीत चुका है. उन्होंने सवाल उठाया कि पिछले एक दशक में जनगणना क्यों नहीं कराई गई जबकि ये हर 10 साल पर होती है. साथ ही ये भी कहा कि ये पहली बार है जब देश में जनगणना में चार साल से ज्यादा की देरी हुई है. सोनिया ने सरकार से जल्द से जल्द जनगणना कराने की मांग की ताकि ये सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी पात्र व्यक्ति एनएफएसए का लाभ पाने से वंचित न रहे.

एजेंसी

नई दिल्ली : कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने सोमवार को राज्यसभा में नेशनल फूड सिक्योरिटी एक्ट को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की और जनगणना के मुद्दे को उठाया. उन्होंने कहा कि इस कानून को 2013 में यूपीए सरकार के दौरान लाया गया था जिसका मुख्य उद्देश्य ये सुनिश्चित करना था कि देश के हर नागरिक को खाद्यान्न और पोषण मिले. सोनिया गांधी ने इस कानून की अहमियत को बताते हुए कहा कि इसने लाखों लोगों को खाद्यान्न उपलब्ध कराने में मदद की है, खासकर कोरोना महामारी जैसे मुश्किल समय में.
सोनिया गांधी ने एनएफएसए के तहत लागू की गई प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का भी जिक्र किया और बताया कि इस योजना के लिए एनएफएसए एक्ट ही आधार उपलब्ध कराता है. उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत 75 प्रतिशत ग्रामीण और 50 प्रतिशत शहरी आबादी को सब्सिडी वाले खाद्यान्न मिलते हैं जिससे लाखों गरीबों को फायदा हुआ है.
उनका मानना था कि ये योजना देश की खाद्य सुरक्षा में एक अहम कदम साबित हुई है.

14 करोड़ लोगों को नहीं मिल रहा उनका हक

सोनिया गांधी ने बताया कि गांवों में 75 प्रतिशत और शहरों में 50 प्रतिशत आबादी को सस्ते अनाज का लाभ देने वाला यह कानून 2011 की जनगणना के आंकड़ों पर आधारित है. उस समय, कुल लाभार्थियों की संख्या 81.35 करोड़ थी, लेकिन आज 14 करोड़ और लोग इसके हकदार हैं, जो लाभ से वंचित हो रहे हैं. सोनिया गांधी ने जोर देकर कहा, 'खाद्य सुरक्षा कोई विशेषाधिकार नहीं, बल्कि एक मौलिक अधिकार है.

फूड सिक्योरिटी मौलिक अधिकार है

राजस्थान से कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी ने आगे ये भी कहा कि बजट आवंटन में भी जनगणना की योजना की कोई झलक नहीं मिल रही है जिससे लगता है कि इस साल भी जनगणना नहीं होगी. उन्होंने सरकार से जल्द से जल्द जनगणना कराने की अपील की और इसे एक मूलभूत अधिकार मानते हुए कहा कि ये फूड सिक्योरिटी का प्रिविलेज नहीं बल्कि एक अधिकार है. उनका कहना था कि जनगणना से ही सही आंकड़े मिलेंगे जिससे सही तरीके से खाद्य सुरक्षा योजनाओं का फायदा सभी तक पहुंच सकेगा.

नागरिक सुरक्षा की दिशा में हेमन्त सरकार की पहल

आपात स्थिति में बटन दबाते ही दिलायी जाएगी त्वरित मदद

एक तरफ जहां कमांड कंट्रोल एंड कम्यूनिकेशन सेंटर की मदद से पूरे शहर में स्वचालित यातायात प्रबंधन किया जा रहा है तो दूसरी ओर अपराध नियंत्रण और उसके उद्भेदन में भी कमांड सेंटर से मदद ली जा रही है। अब अगर आप किसी आपात स्थिति का सामना कर रहे हैं जैसे कि आप सड़क से गुजर रहें और आपके साथ या आपके सामने किसी के साथ कोई दुर्घटना हो जाती है तो आप सीधे सरकार की एजेंसियों से जुड़ सकते हैं ।

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : अगर आप राजधानी रांची में रहते हैं तो आपको यह जानकर बेहद खुशी होगी कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन ने राजधानी वासियों की सुरक्षा को लेकर कई इंतजाम किए हैं। एक तरफ जहां कमांड कंट्रोल एंड कम्यूनिकेशन सेंटर की मदद से पूरे शहर में स्वचालित यातायात प्रबंधन किया जा रहा है तो दूसरी ओर अपराध नियंत्रण और उसके उद्भेदन में भी कमांड सेंटर से मदद ली जा रही है। अब अगर आप किसी आपात स्थिति का सामना कर रहे हैं जैसे कि आप सड़क से गुजर रहें और आपके साथ या आपके सामने किसी के साथ कोई दुर्घटना हो जाती है तो आप सीधे सरकार की एजेंसियों से जुड़ सकते हैं । इसके लिए रांची शहर के महत्वपूर्ण 50 चौक चौराहों पर पीले रंग का इमरजेंसी कॉल बॉक्स लगाया गया है। इस बॉक्स में लगे लाल बटन के दबाते ही कमांड कंट्रोल सेंटर से आवाज आएगी, ताकि आप अपनी समस्या बता सकें। समस्या बताते ही स्मार्ट सिटी और पुलिस की टीम आपकी मदद के लिए संबंधित एजेंसी से संपर्क कर आपको राहत दिलाएगी। इसके लिए ना आपको मोबाईल फोन की जरुरत है ना ही किसी नंबर को याद रखने की जरुरत। बस आपके आसपास पीले रंग का बॉक्स होना चाहिए।

किस-किस प्रकार की मदद दिलायी जा सकती है

सड़क दुर्घटना, चेन स्नेचिंग, गोलीबारी, मारपीट, छेड़खानी या कोई अन्य आपराधिक वारदात होती है तो तुरंत मदद के लिए इस बॉक्स का उपयोग किया जा सकता है। यह जरुरी नहीं है कि पीड़ित ही फोन करे। प्रत्यक्षदर्शी भी मदद पहुंचाने के लिए कॉल कर सूचना दे सकता है। यदि आसपास के इलाके में आग लग जाए तो भी या तो पीड़ित या आसपास के लोग फायरब्रिगेड से संपर्क साधने के लिए इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

एंबुलेंस तथा नगरीय सेवा प्रदान करने के लिए

अगर सड़क पर कोई दुर्घटना होती है तो एंबुलेंस सेवा के लिए भी इस बॉक्स का इस्तेमाल हो सकता है। पीड़ित या वहां मौजूद कोई भी व्यक्ति इसकी सूचना कमांड सेंटर को दे सकता है।आंधी तूफान में तार, बिजली के खंभे गिरने और सड़क पर मृत मवेशियों के पड़े होने पर भी अगर सूचना मिलती है तो इसकी सूचना कमांड सेंटर को दी जा सकती है। वर्तमान में शहर के 50 केन्द्रों पर ये सुविधा प्रदान की गयी है।

महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं का वाहन दुर्घटनाग्रस्त, तीन की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : महाकुंभ में स्नान कर लौट रहे श्रद्धालुओं का वाहन हजारीबाग के चरही घाटी में दुर्घटनाग्रस्त हो गया.जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई है. वहीं पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. हादसे में मृतक और घायल सभी महिलाएं हैं. मृतकों में अंश देवी, संजू देवी और सोनी देवी शामिल हैं. वहीं घायलों में रंजू देवी, पुनीता देवी, असिता देवी, उमा देवी और ज्योति देवी शामिल हैं. बताया जाता है कि सभी रांची से महाकुंभ के लिए निकले थे और सभी एक ही परिवार के रहने वाले थे. महाकुंभ से स्नान कर लौटने के दौरान चरही घाटी के पास उनका वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया. मृतक अंश देवी गुमला की रहने वाली है. संजू देवी और सोनी देवी रांची आदिवासी चौक आईटीआई की रहने वाली हैं. घायलों में रंजू देवी और उमा देवी मां-बेटी हैं. दोनों आईटीआई चौक के पास की रहने वाली हैं. पुनीता देवी बुंडू, असिता देवी मांडर और ज्योति देवी भी रांची की रहने वाली हैं.जानकारी के अनुसार सभी मृतक और घायल एक ही परिवार के हैं. 8 फरवरी की सुबह कार किराए पर लेकर प्रयागराज के लिए निकले थे. 9 फरवरी को सभी ने महाकुंभ में स्नान किया. रात में रांची के लिए निकले थे. इसी दौरान चरही घाटी के पास कोयला लदे मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर खड़ी ट्रक से टकरा गई, जिससे यह घटना घटी.

मूल स्थिति में बहाल हो शीशमहल : भाजपा

नई दिल्ली : भारतीय जनता पार्टी द्वारा आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की घेराबंदी चुनाव के बाद भी जारी है। दरअसल भाजपा ने सोमवार को उपराज्यपाल को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि शीश महल के साथ विलय की गई अन्य संपत्तियों को रद्द किया जाए। प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि शीश महल का विस्तार चार सरकारी संपत्तियों को मिलाकर किया गया है। बता दें कि %शीश महल का इस्तेमाल भाजपा ने हालिया विधानसभा चुनावों के दौरान भ्रष्टाचार के मुद्दों पर अरविंद केजरीवाल को घेरने के लिए एक राजनीतिक हथियार के रूप में किया था।सचदेवा ने कहा कि हमारी सरकारी बनने के बाद इस बात का फैसला करेगी कि इस बंगले का इस्तेमाल कैसे करना है। लेकिन हमारा मुख्यमंत्री इस घर में नहीं रहेगा। ज्ञात हो कि यह बंगला 2015 से अक्टूबर 2024 तक दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में अरविंद केजरीवाल का आधिकारिक निवास था।

उद्योग लगाने को लेकर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई हाई पावर कमिटी की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : राज्य में निवेश को लेकर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का प्रयास रंग पकड़ने लगा है। पिछले सप्ताह कोलकाता में संपन्न इंवेस्टर मीट में मुख्यमंत्री और उद्योगपतियों के साथ बैठक के बाद झारखंड को 28 हजार 306 करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। निवेशक झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी उत्पादन इकाई लगाने के लिए इच्छुक हैं। इनमें से कुछ के प्रस्ताव स्वीकृत भी किये जा चुके हैं। इन प्रस्तावों से राज्य में परोक्ष और अपरोक्ष रूप से 17 हजार 823 लोगों को रोजगार मिलेगा। मुख्य सचिव श्रीमती अलका तिवारी ने उद्योग निदेशालय को राज्य में उद्योग लगाने के लिए उद्यमियों को बेहतर माहौल देने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि सिंगल विंडों सिस्टम को ज्यादा कारगर और पारदर्शी बना कर हम झारखंड में जहां नये उद्योगों को आकर्षित कर

सकते हैं, वहीं पहले से चल रहे उद्योगों को नई उर्जा दे सकते हैं। उद्योग निदेशालय को अपनी क्षमता में वृद्धि करने और कमियों को दूर करने पर बल देते हुए उन्होंने राज्य के संसाधन आधारित उद्योगों पर फोकस करने का निर्देश दिया। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि देश का 80 प्रतिशत तसर का उत्पादन करने वाला झारखंड आज भी ज्यादातर ककून बेच रहा है, जबकि राज्य में ही ककून का वैल्यू एडिशन कर तैयार माल का वितरण और विपणन किया जा सकता है। उन्होंने विजन के साथ इस क्षेत्र में आगे बढ़ने पर जोर दिया। वह सोमवार को उद्योग निदेशालय के साथ हाई पावर कमिटी की बैठक कर रही थीं।झारखंड में सबसे अधिक 8485 करोड़ रुपये का स्टील और पावर प्लांट सरायकेला के निमडीह में लगाने का प्रस्ताव एसएम स्टील एंड पावर लिमिटेड की ओर से मिला है। वहीं वोलटॉक्स रेल प्राइवेट लिमिटेड ने चाकुलिया में रेलगाड़ी का चक्का और वंदे भारत के डिब्बे बनाने के लिए 3967.84 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्ताव झारखंड सरकार को समर्पित किया है।

राष्ट्रपति के रांची दौरे को लेकर मुख्य सचिव ने की बैठक

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू दो दिवसीय दौरे पर 14 फरवरी को रांची आ रही हैं। वह 15 फरवरी को वापस दिल्ली लौट जाएंगी। इस दौरान वह बीआइटी मेसरा के प्लैटिनम जुबली कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी। उनके रांची आगमन पर तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव श्रीमती अलका तिवारी की अध्यक्षता में समीक्षा की गयी। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रोटोकॉल के अनुसार राष्ट्रपति के दौरा के दौरान पूरी व्यवस्था चाक चौबंद रखें। जहां जरूरी हो, विभाग एक दूसरे से समन्वय बना कर तैयारियों को पुख्ता करें।समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने आबाध विद्युत आपूर्ति का निर्देश दिया।

प्रयागराज में जाम से मचा त्राहिमाम

एजेंसी

प्रयागराज : उत्तर प्रदेश के प्रयागराज स्थित संगम में स्नान के लिए श्रद्धालु हजारों की संख्या में आ रहे हैं। हर रोज स्नान जारी है। जिसके चलते प्रयागराज आने और जाने वाले रास्तों पर जाम देखा जा रहा है। सड़कों पर वाहनों और पैदल चलने वाले यात्रियों को मिनटों की दूरी घंटों में तय करनी पड़ रही है। श्रद्धालु कई किलोमीटर पैदल चल रहे हैं। माघ पूर्णिमा से पहले महाकुंभ में महाजाम की स्थिति देखी जा रही है। प्रयागराज पहुंचने में श्रद्धालुओं को भारी दिक्कत हो रही है। बता दें कि

प्रयागराज में चारों तरफ से श्रद्धालु आ रहे हैं। फाफामऊ, झूंसी, नैनी, वाराणसी-प्रयागराज रोड यानी जीटी रोड में जगह जगह जाम लगा हुआ है। सड़कों पर वाहनों की रफ्तार थम गई है। तो वहीं सड़कों पर चलने वाले यात्री घंटों में घाटों तक पहुंच रहे हैं।वसंत पंचमी के बाद शनिवार को लगातार पांचवें दिन शहरी व श्रद्धालु भीषण जाम से कराहते रहे। शहर से लेकर जनपदीय इंट्री प्वाइंटों पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं।
मुख्य मार्ग चोक होने पर शहरों में गलियां भी पट गई। सीमा से सटे ग्रामीण इलाकों में सुबह से रात तक 10-10 किमी तक एक के पीछे एक वाहन लगे रहे। एक किमी की दूरी तय करने में रविवार को लोगों को दो से तीन घंटे लगे। 12 घंटे के भीतर तीन गाड़ियां ओवरहीट होने की वजह से जल गई। लखनऊ रूट पर बेला कछार इलाके में अलग-अलग स्थानों पर ये घटनाएं हुई। फायर कर्मियों ने तो एक गाड़ी का शीशा तोड़कर कार सवारों को बाहर निकाला। इस दौरान दो लोग बुरी तरह से झुलस गए। वसंत पंचमी के बाद श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ी है। उससे ट्रैफिक को लेकर की जा रही सभी कवायदें नाकाफी साबित हो रही हैं।

चार दिवसीय फ्रांस व अमेरिका दौरे के लिए रवाना हुए पीएम मोदी

एजेंसी

नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फ्रांस और अमेरिका की अपनी चार दिवसीय यात्रा पर रवाना हो गए। फ्रांस में वे एआई एक्शन समिट की सह-अध्यक्षता करेंगे। वे फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों फ्रांस में पहले भारतीय वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन करने और अंतर्राष्ट्रीय थर्मोन्यूक्लियर प्रायोगिक रिएक्टर परियोजना का दौरा करने के लिए मार्सिले भी जाएंगे। फ्रांस के बाद वह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निमंत्रण पर संयुक्त राज्य अमेरिका की दो दिवसीय यात्रा पर जाएंगे।ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद अपनी पहली अमेरिका यात्रा को पीएम मोदी ने द्विपक्षीय संबंधों की सफलताओं को आगे बढ़ाने का अवसर करार दिया। पीएम मोदी ने फ्रांस रवाना होने से पहले कहा कि इस यात्रा से प्रौद्योगिकी, व्यापार, रक्षा, ऊर्जा और आपूर्ति श्रृंखला लचीलेपन के क्षेत्रों सहित अमेरिका के साथ भारत की साझेदारी को और ऊपर उठाने और गहरा करने के लिए एक एजेंडा विकसित करने में भी मदद मिलेगी।

असर्फी कैंसर संस्थान
असर्फी हॉस्पीटल
हर प्रकार के कैंसर का इलाज अब धनबाद में
Comprehensive Cancer care Hospital
Scope Of Services
- Medical Oncology
- Surgical Oncology
- Radiation Oncology
- PET SCAN
- Mammography
- Onco. & Histo. Pathology
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road,Bhuli,Dhanbad-828105

छतरपुर अनुमंडल के तीन निजी स्वास्थ्य संस्थानों पर प्रशासन ने की कार्रवाई

स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ बर्दास्त नहीं : उपायुक्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

छतरपुर : अनुमंडल क्षेत्र में निर्धारित मानकों के विरुद्ध संचालित तीन निजी स्वास्थ्य संस्थानों पर प्रशासन की बड़ी का कार्रवाई हुई है। उपायुक्त-सह-पीसी एंड पीएनडीटी के अध्यक्ष शशि रंजन के निदेश पर छतरपुर अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार के नेतृत्व में स्वास्थ्य मानकों पर खरा नहीं उतरने वाले स्वास्थ्य संस्थानों में छापेमारी की गई। छतरपुर के सरईडीह रोड में संचालित तीन संस्थान वर्मा हॉस्पीटल, मॉ ललिता हॉस्पीटल एवं खुशी अल्ट्रासाउण्ड में छापेमारी में कई तथ्य उजागर हुए हैं। तीनों संस्थानों के संचालकों के विरूद्ध उपाधीक्षक-सह-छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा शो-कॉज किया गया है। इन्हें 48 घंटे के अंदर विस्तृत स्पष्टीकरण समर्पित करने का निदेश दिया गया है। स्पष्टीकरण असंतोजनक, अप्राप्त रहने की स्थिति में कठोर कार्रवाई हेतु उच्चाधिकारियों को प्रतिवेदित किया जायेगा। छापेमारी-सह-औचक निरीक्षण में अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार सहित छतरपुर के अंचल अधिकारी एवं उपाधीक्षक-सह- छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी शामिल रहे। उपायुक्त शशि रंजन के निदेश पर पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत प्रशासन की कार्रवाई जारी रहेगी। उपायुक्त ने कहा कि पलामू वासियों को समयबद्धता के साथ बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के दिशा में प्रशासन निरंतर कार्य कर रही है। स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ बर्दास्त नहीं की जाये। जिले में बिना निबंधन एवं निबंधन वैद्यता समाप्त पाये जाने वाले हॉस्पीटल एवं अन्य संस्थानों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

बिना वैध दस्तावेज तथा रजिस्टर्ड डॉक्टर के संचालित हो रहा था वर्मा हॉस्पीटल

वर्मा हॉस्पीटल के छापेमारी-सह- औचक निरीक्षण में कई त्रुटियां पाई गई। अस्पताल का निबंधन वैद्यता समाप्त पाई गयी। वहीं अयोग्य व्यक्ति के द्वारा मरीजों का ऑपरेशन किया जा रहा था। बीडीएस डॉ0 सुनिल वर्मा(दांत के डॉक्टर) के द्वारा मरीजों का ऑपरेशन किया जा रहा था। वहीं ऑपरेशन के पूर्व मरीजों से लिए जाने वाले घोषणा पत्र तथा अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों का संधारण लगभग न के बराबर किया जा रहा था। इतना ही नहीं निरीक्षण के दौरान अस्पताल में कोई भी रजिस्टर्ड डॉक्टर नहीं पाये गये। जांच से स्पष्ट हुआ कि अस्पताल का संचालन बिना वैध दस्तावेज तथा रजिस्टर्ड डॉक्टर के किया जा रहा है। साथ ही बिना योग्य डॉक्टर के मरीजों का ऑपरेशन करते हुए आवश्यक दस्तावेजों का संधारण भी नहीं किया जा रहा है।

मॉ ललिता हॉस्पीटल में नहीं मिले अल्ट्रासाउण्ड से संबधित चिकित्सक

पदाधिकारियों द्वारा मॉ ललिता हॉस्पीटल के औचक निरीक्षण के दौरान अस्पताल का निबंधन वैद्यता समाप्त पाई गयी। साथ ही भर्ती मरीजों से संबंधित दस्तावेजों का संधारण सही ढंग से नहीं किया जा रहा था। वहीं पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत अल्ट्रासाउण्ड किये जाने वाले लाभार्थियों के दस्तावेजों का संधारण सही ढंग से नहीं किया गया था। अल्ट्रासाउण्ड से संबंधित चिकित्सक भी मौके पर उपलब्ध नहीं पाये गये। निरीक्षण के दौरान पाये गये उपरोक्त तथ्यों से स्पष्ट होता है कि अस्पताल का संचालन बिना वैध दस्तावेज का करते हुए आवश्यक दस्तावेजों का संधारण भी नहीं किया जा रहा है।

जांच केन्द्र बंद कर गायब हो गये कर्मी

छतरपुर के सरईडीह रोड में ही स्थित खुशी अल्ट्रासा, उण्ड के औचक निरीक्षण करने पहुंचे पदाधिकारियों को दूर से आते देख जांच केन्द्र के कर्मीगण जल्दबाजी में केन्द्र बंद कर गायब हो गए। साथ ही दूरभाष पर वापस आने के लिए कहने के बावजूद भी वापस नहीं आए। निरीक्षण के क्रम में ऐसी जानकारी मिली है कि अल्ट्रासाउण्ड जांच केन्द्र का न तो निबंधन है और न ही अहर्ता प्राप्त चिकित्सक द्वारा जांच की जाती है।

ग्रामीणों को फाइलेरिया का दवा खिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ करते : मनीष

प्रभात मंत्र संवाददाता

केतार (गढ़वा) : प्रखंड अंतर्गत ग्राम-पंचायत बलिगढ़ के आंगनबाड़ी केंद्र एवं दासीपुर HB चौपाल के समीप सोमवार को ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति (VHSNC) के अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता ने कई लोगों को फाइलेरिया की दवा खिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता ने कहा कि फाइलेरिया मच्छर के काटने से होने वाला संक्रामक रोग है। इससे बचाव के लिए सरकार द्वारा लोगों को मुफ्त में दवा दी जा रही है। जो 10 फरवरी से 25 फरवरी तक चलने वाली फाइलेरिया मुक्ति अभियान में कार्यक्रम की सफलता के लिए स्वास्थ्य सहिया,आंगनबाड़ी सेविका घर-घर जाकर दो वर्ष के ऊपर के सभी लोगों को दवा की खुराक देंगे। दो से पांच वर्ष के बच्चों को डीईसी एवं एल्बेडाजोल की एक-एक गोली, छह से चौदह साल के किशोर को डीईसी की दो तथा एल्बेडाजोल की एक गोली तथा 15 साल के ऊपर के लोगों को डीईसी की तीन गोली एवं एल्बेंडाजोल की एक गोली की खुराक दी जाएगी। वही उन्होंने ने कहा कि डीईसी की गोली खाली पेट नहीं खाना है एवं एल्बेंडाजोल की गोली को चबाकर खाना है। दो साल के कम उम्र के बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को दवा नहीं खिलाई जाएगी इसके अलावा जो गंभीर बिमारी से पीड़ित हैं उन्हें भी दवा नहीं दी जाएगी। उन्होंने फाइलेरिया से बचाव के लिए सोने के समय मच्छरदानी का प्रयोग करने एवं घर के आसपास साफ-सफाई रखने की आवश्यकता जताई है। साथ ही बताया कि घरों के इर्द-गिर्द गंदगी रहने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ता है। जिससे कई प्रकार की संक्रामक बिमारी फैलती है। मौके पर उपस्थित शिक्षक नारेन्द्र सिंह रूपेश कुमार स्वस्थ्य सहिया मतता देवी संगीता देवी सेविका अनिता देवी संगीता देवी सहित अन्य कई लोग शामिल थे।

सूर्य मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर ध्वज हुआ स्थापित

प्रभात मंत्र संवाददाता

हुसैनाबाद, पलामू : हुसैनाबाद प्रखंड के कररबार नदी के तट पर अवस्थित सूर्य मंदिर के परिसर कजरात नावाडीह गांव में भगवान भास्कर की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा सह पांच दिवसीय लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर ध्वज स्थापित किया गया.इसके पूर्व यज्ञाचार्य धर्मराज पांडेय ने नव निर्मित सूर्य मंदिर मंदिर स्थल पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत ध्वज पूजन किया. इसके बाद ध्वज के साथ यज्ञाचार्य के नेतृत्व में ढोल-बाजे के साथ ग्रामीणों ने गांव भ्रमण किया. इस क्रम में भ्रमण में शामिल लोगों ने भगवान भास्कर की जय, छठी मईया की जय, जय जय श्री राम की जयकारे के साथ कजरात नावाडीह, कड़मरी, लामार, बेल बिगहा, दंगवार, गोगो, ठेंगो, राजबरिया सहित झारखंड व बिहार के दर्जनों गांव का भ्रमण कर यज्ञाचार्य धर्मराज पांडेय द्वारा विधिवत ध्वज स्थापित किया गया. समिति के लोगो ने बताया कि महायज्ञ को लेकर आगामी 17अप्रैल 2025 को भब्य जलयात्रा,18 अप्रैल को पंचांग पूजन मंडप प्रवेश एवं यज्ञ प्रारंभ,19 अप्रैल को पूजन पाठ,20 अप्रैल को नगर भ्रमण,21 अप्रैल श्री भगवान भास्कर का प्राण प्रतिष्ठा,22 अप्रैल 2025 को हवन व महाभंडारा के साथ महायज्ञ की पूर्णाहुति होगी. इस दौरान 17 अप्रैल से 21 अप्रैल 2025 तक अपराह्न 5ः00 बजे से 8:00 बजे तक आए हुए विद्वानों द्वारा प्रवचन दी जाएगी. महायज्ञ समिति के लोगों ने सभी धर्मानुरागी बंधुओ से महायज्ञ में शामिल होकर तन-मन-धन से सहयोग कर पुण्य की भागी बनने की अपील की है.नगर भ्रमण के दौरान विजय शाह, दिलीप साव,शिव प्रसाद शाह, रामाकांत यादव, बिगन प्रजापति,ललन मेहता ,अजीत प्रजापति, परशुराम यादव,जितेंद्र सोनी, दीपू मेहता, बलराम यादव, ब्रिज देव प्रजापति, श्री राम यादव, कबिलास प्रजापति, जयराम यादव,संतोष गुप्ता, अमरेश राम, धनंजय राम, रामप्रवेश यादव, सूर्यदेव यादव सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

समता स्कूल में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

हुसैनाबाद, पलामू : शहर के अमन चैन मोहल्ला स्थित समता स्कूल में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निर्देशक अक्षय कुमार चौहान व उपस्थित शिक्षकों ने मां सरस्वती के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में जूनियर क्लास की छात्र-छात्राओं व विद्यालय परिवार ने दसवीं के छात्र छात्राओं को विदाई दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार और विद्यार्थियों के द्वारा दसवीं के छात्र छात्राओं को पेन कॉपी डायरी आदि देकर सम्मानित किया गया। इस विदाई समारोह के दौरान छात्राओं ने आकर्षक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मौके पर विद्यालय के निदेशक अक्षय कुमार चौहान ने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षिक तथा शिक्षणेत्तर क्रियाकलापों में हमारा विद्यालय हुसैनाबाद क्षेत्र में विगत कई वर्षो से अग्रसर रहा है। बिद्यालय परिवार का प्रयास है कि बच्चों को बेहतर व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें। मौके पर उपस्थित विद्यालय के शिक्षक विनोद चौधरी, संतोष मिश्रा, किरण देवी, अंजली सिंह, सुधांशु कुमार सिंह, अनुज कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, राहुल गुप्ता, राहुल कुमार चौहान, प्रियंका देवी, दशरथ कुमार, रिमझिम देवी, प्रियंका देवी, सानिया खातून, प्रियंका देवी, सुभाष कुमार शकुंतला देवी, बबिता देवी, सारिका कुमारी, रीना देवी, उम्म जहरा, मुकेश कुमार, नंदू प्रजापति, अनूप पांडे एवं परिचारिका विमला कुंवर एवं सैकड़ो छात्राओं भी उपस्थित थे।

फाईलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम का किया गया शुभारंभ

बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता): अनुमंडलीय अस्पताल में सोमवार को फाईलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। फाईलेरिया उन्मूलन अभियान का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी रौशन कुमार, अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ सुचित्रा कुमारी ने संयुक्तरूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ सुचित्रा कुमारी ने कहा कि यह कार्यक्रम 10 फरवरी से आगामी 25 फरवरी तक चलेगा।उन्होंने कहा कि अनुमंडल को फाईलेरिया मुक्त बनाने में सबकी भागीदारी जरूरी है।फाईलेरिया से बचाव के लिये सभी को दवा खाना है। उन्होंने स्वयं दवा खाकर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया इसके बाद उपस्थित पदाधिकारियों व कर्मियों को भी दवा खिलाया गया। उन्होंने कहा कि 11 फरवरी से घर घर जाकर फाईलेरिया रोधी दवा खिलाया जायेगा। मौके पर प्रधान सहायक राजेश कुमार, एमटीएस विजय पाठक, प्रखंड लेखा प्रबन्धक राजीव रंजन, अनिता कच्छप, एमपीडब्ल्यू अशफाक अहमद, कौशलेश कुमार, अनिमेष राज, सुनील कुमार ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विपेश राज तामंग ने किया।

ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल में दसवीं के बच्चों को दी गयी विदाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

विश्रामपुर (पलामू) : उमेश सिंह एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित बेलचंपा ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल में वर्ग दशम के विद्यार्थियों को विदाई दी गयी. इसके लिये सोमवार को स्कूल परिसर में आशीर्वाद सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया.कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के निदेशक अमित कुमार सिंह बाबुल, प्राचार्य दीपक तिवारी व वरीय शिक्षक अजीत तिवारी ने सामूहिक रूप से मां सरस्वती का पूजा अर्चना के बाद दीप प्रज्वलित कर किया. कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन द्वारा बच्चों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उपहार भेंट किया गया. निदेशक बाबुल सिंह बच्चों को बोर्ड परीक्षा के लिये कई टिप्स दिया और उनके उज्वल भविष्य की कामना किया. प्राचार्य दीपम तिवारी ने बच्चों को तनाव मुक्त होकर परीक्षा में शामिल होने की सलाह दी. कार्यक्रम के दौरान बच्चों को परीक्षा में बेहतर करने के लिये काउंसलिंग का भी आयोजन किया गया. इस अवसर पर बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया. मौके पर शिक्षिका आभा चौबे, खुशबू पांडेय, सुरेंद्र शर्मा, अब्दुल लतीफ सहित कई लोग मौजूद थे।

श्री सर्वेश्वरी समझ के गुरी प्रार्थना गृह में गुरुपद संभव राम बाबा का मनाया गया पदार्पण दिवस

कई धार्मिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन, एक अनाथ बच्ची को दिया गया सिलाई मशीन

प्रभात मंत्र संवाददाता

विश्रामपुर (पलामू) : बिश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत गुरी स्थित सर्वेश्वरी समूह के प्रार्थना गृह में सोमवार को परम पूज्य अवघड़ गुरुपद संभव राम बाबा का प्रथम पदार्पण दिवस मनाया गया.इस अवसर पर कई धार्मिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया. प्रार्थना गृह मंदिर में स्थापित श्री चरणपादुका, शिवलिंग व अघोरेश्वर महाप्रभु जी के चित्र के समक्ष विशेष पूजा अर्चना व आरती के बाद अखंड दीप प्रज्जवलित कर सफल योनि का पाठ सत्येंद्र कुमार मिश्रा के द्वारा किया गया.यहां बताते चलें कि समूह के गुरी शाखा द्वारा गुरुपद संभव राम बाबा के पदार्पण दिवस को प्रत्येक वर्ष महोत्सव के रूप में मनाया जाता है. इस दौरान एक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया.जिसकी अध्यक्षता नागेन्द्र पांडेय ने किया. संचालन संजीत कुमार मिश्रा ने किया. गोष्ठी के मुख्य अतिथि डॉ नरेंद्र पाल सहित सभी अतिथियों को अंग वस्त्र देकर जय राम मिश्रा ने सम्मानित किया.मंगला चरण चंचला कुमारी ने की.गोष्ठी में समूह के विचारधारा के बारे में बताया गया.गुरु देव वाणी से लोगों को आलोकित किया गया. कहा गया कि आत्मा ही गुरु है,आत्मा ही कल्प वृक्ष है. इस कल्प वृक्ष के नीचे की हुई कामनाएं अवश्य पूर्ण होती है. इसलिए अपनी आत्मा की रक्षा करें. आत्म की रक्षा ही साबसे बड़ा धर्म है. इस दौरान चार जरूरतमंद लोगों को वस्त्र प्रदान किया गया.इसके अलावा सुषमा कुमारी को एक सिलाई मशीन भी दिया गया.सुषमा के माता - पिता का निधन एक सड़क दुर्घटना में पांच वर्ष पहले हो गया था. सुषमा को स्वालंबी बनाने हेतु समूह द्वारा सिलाई मशीन दिया गया है. गोष्ठी के बाद अखंड कीर्तन की शुरुआत हुयी. दोपहर एक बजे से भंडारा प्रारंभ किया गया, जिसमे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया. आयोजकों ने बताया कि संध्या आरती के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया है.कार्यक्रम के सफल आयोजन में राधेश्याम मिश्रा, हलकानी राम, लखन पांडेय, चंद्रदेव साव, सरयू पांडेय, साहेब राम, आकाश कुमार, बिनोद राम, देवकी साव, दुखराज राम, बिनोद पांडेय, श्रीकांत मिश्रा, केदार नाथ पांडेय, सत्येंद्र कुमार मिश्रा, संजीत कुमार मिश्रा, श्रेया कुमारी, अंश राज, श्याम सुन्दर पासवान सहित कई लोगों का अहम योगदान रहा।

बी मोड़ -उंटारी मुख्य पथ पर हुयी सड़क दुर्घटना में एक की मौत

विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता): बी मोड़-उंटारी मुख्य पथ पर कूल्ही गांव के पास रविवार की शाम हुई सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गयी. जानकारी के अनुसार सड़क किनारे मोटरसाइकिल से एक व्यक्ति गिरकर घायल पड़ा हुआ था.स्थानीय लोगों ने लोगो ने निजी वाहन से उसे विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया.जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुये गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया.जहां जांचोपरांत चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया.मृतक की पहचान कांडी थाना क्षेत्र के ध्रुवा गांव निवासी कैलाश राम का पुत्र बिनोद राम के रूप में हूयी है।

रांची में झारखंड सेवा सम्मान 2025 से नवाजे गये पिता पुत्र शौकत और साजिद

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : मानवता के क्षेत्र मे हर पल सराहनीय योगदान देने वाले राष्ट्रीय तिरंगा सम्मान समारोह सह अनेक निशुल्क बैंक के संस्थापक शौकत खान और संचालक साजिद खान ने लगातार दस वर्षो से हर घर तिरंगा कि अलख जगाकर और अनेक निशुल्क बैंक गरीबों के लिए खोलकर प्रतिदिन गरीबों कि मदद किया। समाज सेवा के क्षेत्र में ये पिता पुत्र कि जोड़ी को देश भर से लगातार सम्मान मिल रहा है।रांची में नौ फरवरी को यूफोरीया इवेंट के मंच पर झारखंड सेवा सम्मान 2025 से बाप बेटा दोनो को एक साथ सम्मानित किया गया।शौकत खान और साजिद खान मंच पर यूफोरिया के डायरेक्टर मारीया शहाब और ढ़ेर सारे गण्यमान्य अतिथियों के बीच प्रशस्ति पत्र, मोमेंट के साथ अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।मंच से पिता पुत्र कि निस्वार्थ सेवा कार्यो कि सभी ने सराहना किया और बधाई दी। वहीं तिरंगा वाले शौकत खान ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा एक एक अवार्ड और सम्मान हमारे अनेक निशुल्क बैंक के चाहने वाले और निशुल्क बैंक को हर पल सहयोग करने वाले नागरिकों को समर्पित है। उन्होंने कहा कि गरीबों की सभी के दुआओं का असर है,जो अब तक सैकड़ों अवार्ड और सम्मान से हमें नवाजा जा चुका हैं। जिसमें से सबसे महत्वपूर्ण अवार्ड कहें तो महामहिम राज्यपाल महोदय के हाथों आइकॉन ऑफ झारखंड सम्मान, लायंस इंटरनेशनल अवॉर्ड, कई नेशनल अवार्ड, झारखंड रत्न सम्मान, झारखंड गौरव सम्मान, झारखंड बिरसा मुंडा सम्मान, गढ़वा गौरव सम्मान, दिल्ली में मानवता सेवा सम्मान समेत पलामू प्रमंडलिय डीआईजी सर, गढ़वा जिला प्रशासन के द्वारा गणतंत्र दिवस एवम् स्वतंत्रता दिवस पर कई बार सम्मानित किया गया है। उसके साथ गढ़वा जिला पुलिस प्रशासन एवम् गढ़वा सीआरपीएफ 172 बटालियन के द्वारा भी कई बार सम्मानित किये जा चुके हैं।बात करें कोरोना काल कि तो 50 से अधिक कोरोना योद्धा सम्मान से सम्मानित हो चुके हैं। शौकत खान और अब तक दो दर्जन से अधिक अवार्ड और सम्मान को अपने निजी कारणों से छोड़ चुके हैं।

दो दिवसीय राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला आज से, तैयारी पूरी

नगर आयुक्त, उप विकास आयुक्त एवं अन्य वरीय पदाधिकारियों ने तैयारियों का लिया जायजा

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एंव युवा कार्य विभाग के तत्वावधान में दो दिवसीय राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला 11 फरवरी 2025 से शुरू होगी। मेदिनीनगर सदर प्रखंड के दुबियाखाड़ में आयोजित मेले की प्रशासनिक तैयारी पूरी कर ली गई है। उपायुक्त शशि रंजन तैयारी की हरपल जानकारी ले रहे हैं। उन्होंने कहा है कि राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला को ऐतिहासिक बनाने को लेकर जिला प्रशासन वृहद तैयारी की है। मेला का उदघाटन समारोह में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण (अल्पसंख्यक कल्याण को छोड़कर) विभाग के माननीय मंत्री चमरा लिंडा बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि वित्त, वाणिज्यकर, योजना एवं विकास व संसदीय कार्य विभाग के माननीय मंत्री राधाकृष्ण किशोर होंगे। गणमान्य अतिथि के रूप में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, पांकी विधायक कुशवाहा शशि भूषण मेहता, डालटनगंज विधायक आलोक कुमार चौरसिया, विश्रामपुर विधायक नरेश प्रसाद सिंह, हुसैनाबाद विधायक संजय कुमार सिंह यादव भाग लेंगे। मेला को भव्य स्वरूप प्रदान करने को लेकर नगर आयुक्त जावेद हुसैन, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीना सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों ने आज मेला स्थल का निरीक्षण कर वहां चल रहे तैयारियों का जायजा लिया। पदाधिकारियों ने भव्य मेला आयोजन का निदेश दिया। मेला में जिला प्रशासन की ओर से विभिन्न विभागों के 40 से अधिक स्टॉल लगाये गये हैं। इन स्टॉलों के माध्यम से संबंधित विभाग द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया जायेगा। साथ ही योजनाओं को लेकर जागरूक किया जायेगा। वहीं मेला में परिसंपतियों को वितरण के साथ-साथ गोदभराई, अन्न प्रासन्न आदि रश्म पूरी की जायेगी। मेला के तैयारियों के निरीक्षण के दौरान जिला कल्याण-सह-जिला खेल पदाधिकारी सेवा राम साहू, मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष अर्जुन सिंह आदि सदस्य शामिल थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

लोगों की शिकायतों पर त्वरित करें कार्रवाई : डीसी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा 10 फरवरी 2025 को समाहरणालय ब्लॉक- ए स्थित सभागार में जिला स्तरीय सभी वरीय अधिकारियों/पदाधिकारियों के साथ अहम बैठक आयोजित की गई।बैठक में उपायुक्त ने सभी सम्बंधित पदाधिकारी को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा की सभी अधिकारी सुनिश्चित रूप से कार्यालय ससमय आए एवं आम लोगों की शिकायतों को संजीदगी से सुनते हुए उनकी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए समस्या का निष्पादन करें साथ ही सामाजिक शिकायत पर भी ध्यान दे। जिला प्रशासन आम नागरिकों की शिकायत को दूर कराने को लेकर लगातार 24×7 लगी हुई है। आम जनों की शिकायतों को दूर करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। उपायुक्त ने सभी सम्बंधित पदाधिकारी को विशेष रूप से कहा की अबुआ साथी में आए शिकायतों का निष्पादन सम्बंधित पदाधिकारी जल्द से जल्द करें, ताकि आम लोगों का विश्वास जिला प्रशासन में बना रहें। लोगों की समस्या को दूर करना सब सम्बंधित पदाधिकारी की नैतिक जिम्मेदारी है। साथ ही उन्होंने कहा की लगातार शिकायत प्राप्त होती है, की कार्यालयों में दलाल बिचौलिया अपना पैठ जमा कर रखें है, कार्यालयों में दलाल,बिचौलिया किसी भी परिस्थिति में ना आए यह सम्बंधित सभी अधिकारी सुनिश्चित रूप से ध्यान दे। साथ ही ऐसे तत्वों पर जिला प्रशासन कानूनी कार्रवाई भी करेगा। आम जन भी ऐसी शिकायत को सीधे तौर पर जिला प्रशासन को कर सकते है। जिला प्रशासन दलाल बिचौलिया पर कड़ी कार्रवाई करेगा। इसके लिए सतत निगरानी भी रखी गई है।उपायुक्त ने सभी सम्बंधित अधिकारियों/पदाधिकारियों को स्पष्ट तौर पर कहा की जन शिकायतों का त्वरित निष्पादन करें। आम लोगों की समस्या हर हाल में दूर हो उन्हें कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़े। उनके साथ किसी भी अधिकारियों/पदाधिकारियों/कर्मी द्वारा दुर्व्यवहार की शिकायत नहीं आनी चाहिए। ऐसी शिकायत प्राप्त होने पर जिला प्रशासन द्वारा सुनिश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी, बैठक में उपायुक्त द्वारा केंद्रीय शांति समिति के प्रस्तावों पर विचार करते हुए उन्होंने कहा की शांति समिति के सदस्यों ने ट्रैफिक, नशा-पान एवं सामाजिक कार्यों में अपना सहयोग देने की बात कही थी इसपर सम्बंधित पदाधिकारी कार्य करें। ताकि उनका सहयोग भी लिया जा सकें।जानकारी हो की जिला दण्डाधिकारी -सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा इस तरह की बैठक वरीय पदाधिकारियों के साथ हमेशा करते हुए कई आवश्यक निर्देश दिए जाते है। उनके द्वारा सभी शिकायतों पर स्वयं सतत निगरानी रखी जाती है साथ सभी शिकायतों की समीक्षा बैठक की जाती है।इस बैठक में उप विकास आयुक्त रांची, दिनेश कुमार यादव, अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची, उत्कर्ष कुमार, अपर समाहर्ता रांची, रामनारायण सिंह एवं अन्य सम्बंधित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

मोबाईल छीनतई करने वाले दो युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

राँची : नगर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने बताया कि बीतें 8 फरवरी की रात लगभग 9.30 बजे लालपुर थाना अन्तर्गत आर के मार्केट के पास स्थित रोड पर अपने घर जा रहे एक युवक से टीवीएस अपाची-आरटीआर -160 रजिस्ट्रेशन-जेएच01एफए-7848 पर सवार दो युवकों द्वारा मोबाईल लूट लिया गया था। जिसके बाद लालपुर थाने मे इसकी शिकायत की गई थी, जिसके आधार पर लालपुर थाना द्वारा कार्यवाई करते हुए टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई करते हुए रितिक सोनी उर्फ रितिक सोनी उर्फ मिक्की,बाँधगाढ़ी, दिपाटोली रोड न0-05, राँची एवं अशोक कुमार सिंह किशोरगं चौक, रोड न0-01,राँची को गिरफ्तार किया गया तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल एवं लूटे गये चार मोबाईल को बरामद किया गया है। रितिक कुमार उर्फ रितिक सोनी का पहले से आपराधिक इतिहास है। इस छापेमारी दल में लालपुर थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक रूपेश कुमार सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक जितेंद्र साहू, जिमी हंसदा, सहायक अवर निरीक्षक उदय कुमार सिंह शामिल थे।

अवैध खनन को लेकर किया गया छापेमारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : विभिन्न स्रोतों से रामगढ़ एवं राँची जिला के सीमावर्ती ईलाकों यथा बरंलगा, सिल्ली आदि इलाके में कोयले की तस्करी की सूचना प्राप्त हो रही थी।साथ ही ओरमांझी और रामगढ़ जिले के सीमावर्ती क्षेत्र यथा खीराबेड़ा आदि क्षेत्रों में अवैध पत्थर खनन, भण्डारण, क्रशर संचालन की भी सूचना प्राप्त हो रही थी। दोनों स्थलों पर अवैध खनन, भण्डारण एवं परिवहन पर रोक लगाने एवं छापेमारी हेतु उपायुक्त रांची एवं रामगढ़ द्वारा सयुक्त आदेश के माध्यम से एक टीम का गठन किया गया। उक्त आदेश के आलोक में दिनांक 08/02/2025 को 12 बजे के करीब ओरमांझी अंचल अंतर्गत मौजा - खेड़ा? बेड़ा में संयुक्त जाँच किया गया जिसमें जिला खनन पदाधिकारी राँची, जिला खनन पदाधिकारी रामगढ़ अंचल अधिकारी ओरमांझी, वन विभाग के वनरक्षी एवं अन्य लोग जिसमें ओरमाइझी थाना के पदाधिकारी इत्यादि उपस्थित थे।जाँच के क्रम में पाया गया कि बिना अनुज्ञप्ति के वसन्त प्रसाद अजय कुमार एव सतिश मुण्डा द्वारा अवैध क्रशर का संचालन किया जा रहा था। अथ उक्त के आलोक में , खान निरीक्षक के द्वारा सभी के विरुद्ध ओरमांझी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई ।

रिम्स ब्लड सेंटर में एक्सटेंशन रूम का किया गया शिलान्यास

रांची। रिम्स ब्लड सेंटर में एक्सटेंशन रूम का रिम्स निदेशक प्रो (डॉ) राजकुमार द्वारा शिलान्यास किया गया।मरीजों की दिक्कतों को देखते हुए इस एक्सटेंशन का निर्माण किया गया है। मौके पर चिकित्सा अधीक्षक प्रो (डॉ) हिरेंद्र बिरुआ, डीन प्रो (डॉ) शशि बाला सिंह,अपर चिकित्सा अधीक्षक डॉ शैलेश त्रिपाठी, उपाधीक्षक 1 डॉ अजय कुमार, उपाधीक्षक 2 डॉ राजीव रंजन एवं रक्त अधिकोष की इंचार्ज डॉ सुषमा कुमारी मौजूद थी।

नगर निगम के निर्देशों के अवहेलना पर रोशपा टावर के दो प्रतिष्ठानों को किया गया सील

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : नगर निगम के द्वारा निगम क्षेत्रांतर्गत भवनों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में होल्डिंग, ट्रेड लाइसेंस एवं रेजिडेंशियल होल्डिंग में व्यावसायिक गतिविधियों की जांच हेतु लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है व विधिसम्मत कार्रवाई की जा रहीं है। इस क्रम में 10.02.2025 को सहायक प्रशासक के नेतृत्व में निगम के राजस्व शाखा की टीम के द्वारा रोशपा टावर अवस्थित दो प्रतिष्ठान, यथा POJ Furniture एवं One Step Services को सील किया गया।

क्यों किया गया सील : निगम की टीम के द्वारा पूर्व में POJ Furniture को ट्रेड लाइसेंस प्राप्त करने हेतु 26.11.2024, 20.12.2024 एवं 31.01.2025 को नोटिस निर्गत किया गया था। साथ ही कर संग्रहकर्ताओं के द्वारा भी कई बार स्वयं जा कर प्रतिष्ठान में ट्रेड लाइसेंस प्राप्त कर लेने हेतु निर्देशित किया गया था। निगम की टीम के द्वारा One Step Services में पूर्व में कई बार लाइसेंस प्राप्त करने हेतु निर्देश दिया गया। इसके अलावा निगम द्वारा दिनांक 31.01.2025 को ट्रेड लाइसेंस हेतु विशेष शिविर का भी आयोजन किया गया था। जिसपर प्रतिष्ठानों के द्वारा ट्रेड लाइसेंस लेने में रुचि नहीं दिखाई गई। जिसके उपरांत झारखंड व्यापार लाइसेंस विनियम, 2017 के कंडिका 19 का प्रयोग करते हुए निगम द्वारा दुकानों को सील किया गया।

मौके पर सहायक प्रशासक द्वारा बताया गया कि निगम क्षेत्रांतर्गत व्यवसाय करने वाले सभी दुकानदारों को म्युनिसिपल ट्रेड लाइसेंस लेना अनिवार्य है। जिस परिसर में बिना लाइसेंस के व्यवसाय संचालित हो रहा है, वैसे परिसर को पकड़े जाने पर सील किया जाएगा। जितने भी व्यवसायिक प्रतिष्ठान म्युनिसिपल लाइसेंस ले चुके हैं, वे लाइसेंस की अनुज्ञप्ति को अपने प्रतिष्ठान में ऐसे स्थापित करें जिसका अवलोकन वेरिफिकेशन के क्रम में सहजता के साथ किया जा सके।इस दौरान नगर प्रबंधक, निगम के कर संग्रहकर्ता, मेसर्स श्री पब्लिकेशन के कर संग्रहकर्ता एवं राजस्व शाखा के पदाधिकारी उपस्थित थे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के रांची परिभ्रमण तैयारी से संबंधित बैठक सम्पन्न

रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता): जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा 10 फरवरी 2025 को समाहरणालय ब्लॉक- ए स्थित कार्यालय कक्ष में राष्ट्रपति भारत, द्रौपदी मुर्मू के 14-15 फरवरी 2025 को प्रस्तावित रांची परिभ्रमण कार्यक्रम की तैयारी से संबंधित बैठक आयोजित की गयी। राष्ट्रपति के परिभ्रमण कार्यक्रम की तैयारी एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संबंधित सभी पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि प्रोटोकॉल के अनुसार समय पर सारी तैयारियां सुनिश्चित रूप से पूरा कर ले।एयरपोर्ट, राजभवन एवं कार्यक्रम स्थल के लिए नोडल पदाधिकारियों एवं सहायक नोडल पदाधिकारियों को आपसी समन्वय करने का निर्देश दिया गया।बैठक में उप विकास आयुक्त रांची, श्री दिनेश कुमार यादव, अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची, उत्कर्ष कुमार, वक्रढ्ढज्जष्ठ, जिला नजारत उप समाहर्ता रांची, डॉ. सुदेश कुमार एवं जिला जन संपर्क पदाधिकारी रांची, श्रीमती उर्वशी पांडेय उपस्थित थे।

जेएलकेएम नेता देवेन्द्र नाथ पद्मश्री महावीर से मुलाकात कर दिया बधाई

रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता): भीनसरिया राग का राजा 83 वर्षीय नागपुरी गीतों के महान गीतकार लोक गायक महावीर नायक को कला के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए पद्मश्री सम्मान 2025 के लिए नाम चयनित होने पर जेएलकेएम नेता देवेन्द्र नाथ महतो ने उनके हटिया चांदनी चौक स्थित आवास पर मुलाकात कर पारम्परिक वस्त्र और पुष्प गुच्छ देकर दिया बधाई। देवेन्द्र नाथ महतो ने बताया कि महावीर नायक कला के क्षेत्र में झारखण्ड का नाम रोशन और झारखंडियों का मान सम्मान अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाया है, इनका योगदान को झारखंड हमेशा गर्व करेगा। झारखंडी भाषा संस्कृति कला संरक्षण कार्य में जो कीर्तिमान स्थापित किया है वह अविस्मरणीय है, उन्होंने अपने जीवन का करीब 60 वर्षों से संरक्षित, संवर्द्धन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहें हैं। उन्होंने अबतक 5000 से ज्यादा लोक गीत, रूपक , नाटक की रचना कर चुके हैं , वहीं एक हजार से ज्यादा गीतों का संग्रह भी किया है।बधाई देने में देवेन्द्र नाथ महतो के साथ साथ चंदन कुमार, के सी मेहता, रवि सिंह, सिकन्दर, संजय नायक, विक्की, बंटी उपस्थित थे।

चैती दुर्गा मंदिर भुतहा तालाब का वार्षिक उत्सव सम्पन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : श्री चैती दुर्गा मंदिर भुतहा तालाब का नवां वार्षिक महोत्सव के तीसरे दिन सुबह से ही भक्तों के जयकारों से गुंज उठा। जैसे-जैसे दिन चढ़ रहा था वैसे - वैसे भक्तों की संख्या मां के दर्शन करने के लिए पहुंच रही थी।दोपहर कों हवन, आरती, पुष्पाजलि, भंडारा का महाभोग अर्पण करने के बाद महाभंडारा का प्रसाद 11000 से ऊपर भक्तों के बीच वितरण किया गया और भजन शंध्या कलाकारों के द्वारा की गयी शाम में महाआरती के बाद वार्षिकउत्सव का समापन किया गया। कार्यक्रम में संस्था के रांची के विधायक सी.पी सिंह, किशोर साहू, उदय साहू, शंकर दुबे, गोपाल पारीक, महेश चन्द्रा, रमेश गुप्ता,नन्द किशोर सिंह चंदेल, शेखर गुप्ता,सुनील यादव,राजेश ठाकुर,यश वर्मा, बबलू वर्मा,शंकर साहू, लीलू प्रसाद, मुन्ना शर्मा, राकेश सिंह, राजेश अग्रवाल,अमित झुंनवाला,नमन भारतीय, शंकर सिन्हा, करण सिंह, सुमित तिवारी, मोहित रजक, आशीष रजक,आकाश रजक, रोहन सिंह, अर्जुन सिंह सदस्यों ने कार्यक्रम में सहयोग किया।

भविष्य के लिए बच्चों को तैयार कर रहा सरना एकेडमी

प्रभात मंत्र संवाददाता

खलारी : सरना एकेडमी कुसुमटोला का 12वां वार्षिक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। अतिथि एनके एरिया के विस्थापित नेता बहुरा मुंडा व बेती पंचायत की मुखिया सरिता देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इससे पूर्व अतिथियों को पारम्परिक तरीके से स्वागत करते हुए कार्यक्रम स्थल तक लाया गया। गमछा व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। छात्र छात्राओं ने नृत्य, नाटक, कव्वाली, डांडिया आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। विद्यालय के निदेशक महेंद्र उरांव ने कहा कि सुदूरवर्ती इलाकों में स्थित सरना एकेडमी के बच्चों को केवल शिक्षित ही नहीं बना रहा बल्कि भविष्य के लिए उन्हें तैयार कर रहा है, ताकि वे स्वयं अपनी मंजिल पा सकें। प्रधानाचार्य गोपाल सिंह ने कहा कि शिक्षकों की मेहनत और मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के समर्थन और विश्वास के बिना विद्यालय की सफलता संभव नहीं है। बहुरा मुंडा ने कहा कि हाल ही में इस विद्यालय को सीबीएसई बोर्ड द्वारा मान्यता मिला है। ग्रामीण इलाकों के बच्चों को इससे बेहतर अवसर मिलेगा। इस अवसर पर पवनकुमार चौरसिया, सनीकुमार आर्या, उप प्रधानाचार्य ओमप्रकाश गुप्ता, शिक्षक रतन सिंह, बलबीर यादव, पवन सिंह, रोहित साहू, बिलेंद्र उरांव, सुरेंद्र चौहान, रोस्ट मिंज, रिया शर्मा, सुनीता कुमारी, संगीता उरांव, शगुफ्ता परवीन, नीलू मिंज, खुशी झा, अनिशिखा कुमारी, गुनगुन कुमारी, प्रिया रौंदा, क्रांति हैंशाला, दिव्या कुमारी आदि उपस्थित थे।

बासुदेव मिश्रा और सुशील कुमार सिंह को मिला प्लेयर ऑफ द मैच

रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता): द रांची प्रेस क्लब मीडिया क्रिकेट के चौथे दिन जेके क्रिकेट मैदान में दो लीग मुकाबले खेले गए। पहले मुकाबले में अमानत ने गंगा को 70 रनों से हराया। इस मुकाबले में अमानत टीम से सुशील कुमार सिंह प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। दूसरे मुकाबले में दामोदर ने अजय को 45 रनों से पराजित किया। इस सत्र का पहला शतक जड़ने वाले दामोदर टीम के बासुदेव मिश्रा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, जिन्होंने 103 रनों की नाबाद शानदार पारी खेली। पहले मुकाबले में अमानत ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए (188/3) रन बनाए। अमानत के कप्तान ने ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए बल्लेबाजी में 65 रन और गेंदबाजी में 2 विकेट लिए। टीम के समीर सृजन ने ताबड़तोड़ 54 रनों की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करते हुए गंगा टीम (118/9) रन ही बना सकी। गंगा की ओर से रियाज ने सर्वाधिक 25 रन बनाए। अमानत की ओर से असगर ने 3 विकेट लिए दामोदर के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दामोदर ने (188/2) रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से बासुदेव में 57 गेंदों में 103 रन बनाए। श्रवण ने 38 रनों की पारी खेल उनका साथ दिया। दूसरी पारी में अजय (143/7) ही बना सकी। अजय की ओर से अशोक गोप ने सर्वाधिक 42 रन बनाए। दामोदर के श्रवण और राजेश ने 2- 2 विकेट लिए।

शाहिन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में नामांकन करने वालों की उमड़ी भीड़

प्रभात मंत्र संवाददाता

ओरमांझी : शाहिन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस कोईलारी इरबा में 1अप्रैल से क्लास शुरू हो जाएगी,जिसके लिए स्कूल में बच्चों का नामांकन चल रहे हैं.स्कूल प्रबंधक द्वारा 10 फरवरी तक नामांकन शुल्क फ्री क़र दिया गया था,जिसके चलते झारखंड के कोने कोने से पहुंच क़र अभिभावकों ने अपने बच्चों का नामांकन कराया.सोमवार को स्कुल में नामांकन कराने वाले बच्चे एवं अभिभावकों का ताँता लगा रहा,सोमवार क़ो एक सौ से अधिक बच्चों ने नामांकन कराया.स्कूल के चेयरमेन हसीब अंसारी ने बताया कि डॉ अब्दुल कदिर साहब ने भारत सहित अन्य देशों में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए जिस तर्ज पर काम कर रहे हैं उसी तर्ज पर इस स्कूल में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और संस्कार दी जाएगी,बच्चों को बेहतर तालीम और तहजीब देने के लिए इस स्कूल को खोला गया है,यहाँ देश भर के चुनिंदा शिक्षकों द्वारा सीबीएसई पैटर्न पर छात्रों को पढ़ाई कराया जाएगा.

अभी 8 क्लास तक की पढ़ाई की व्यवस्था की गई है,बहुत जल्द उच्च स्तरीय शिक्षा के लिए व्यवस्था की जाएगी.

ताकि झारखंड के छात्रों को उच्च स्तरीय पढ़ाई करने के लिए बाहर जाना ना पड़े। नामांकन करने पहुंचे अभिभावक एवं छात्र काफी उत्साहित दिखे,अभिभावकों ने कहा कि अब्दुल कादिर साहब ने झारखंड में शाहिन इंस्टिट्यूट खोलकर यहां के छात्रों को अच्छा अवसर दिया है। निश्चित तौर से भविष्य में इसका असर झारखंड में देखने को मिलेगा।

फेयरवेल कार्यक्रम सफरनामा का आयोजन

रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता): डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल बरियातु रॉंची में बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए फेयरवेल कार्यक्रम सफरनामा का आयोजन ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आरंभ हवन से हुआ हवन

उपरान्त विद्यार्थियों को आशीर्वाद प्रदान किया गया। अपने आशीर्वचन में प्राचार्य डॉ तापस घोष ने विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा में स्मरणीय सफलता की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि समय का सदुपयोग कर आप अपेक्षित अंक हासिल कर सकते हैं। एकाग्रता से किया गया स्वाध्याय प्रतियोगात्मक परीक्षाओं में भी सफलता की राह आसान करेगा। उन्होंने कामना की कि ये सभी विद्यार्थी कल एक प्रबुद्ध नागरिक बन विकसित भारत के सपने के लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में गीत, नृत्य, रैम्प वॉक हुए। विद्यार्थियों ने अपने विद्यालयीय अनुभव साझा किए।

32 दिवसीय सीआरपी ईपी प्रशिक्षण का समापन

सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता): श्रीधर्मस्थला मंजुनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एंव केनरा बैंक द्वारा प्रवर्तित रुडसेट संस्थान सिल्ली मे पलाश जे0 एस0 एल0 पी0 एस0 रॉंची जिला के सहयोग से 32 दिवसीय सीआरपी ईपी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया

गया। इस प्रशिक्षण मे नामकुम, लापुंग, खलारी, अनगड़ा,सोनाहातु,चान्हो,कांके आदि कुल 30 प्रशिक्षणार्थियों ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा किय,इन सीआरपी ईपी द्वारा नये उद्यम को स्थापित करने मे तकनिकी सहायता एंव पुराने उद्यमों को विस्तार करवाना उद्यमों का व्यापार योजना बनाना उद्यमीयों को प्रशिक्षण हेतु सहायता प्रदान करना एंव हैन्डहोल्डिंग सपोर्ट करना, उद्यम आधार बनाना आदि कार्य करना एंव सहयोग देना है।समापन समारोह के मुख्य अतिथि निशिकांत निरज जिला कार्यक्रम प्रबंधक पलाश जे0 एस0 एल0 पी0 एस0 रॉंची जिला उपस्थित थे।उन्होने अपने संबोधन मे प्रशिक्षणार्थियों को ग्रामीण क्षेत्र मे उद्यम को बढ़ावा देने के लिए सही उद्यमशील व्यक्ति के चुनाव करने का निर्देश दिए इस अवसर पर संस्थान के निदेशक संजीत कुमार जिला प्रबंधक अभिषेक चांद,देवाशीष कुमार, प्रमोद कुमार, बीपीओ प्रेम कुमार, जगदीश चंद्र महतो, दशरथ कुमार महतो, महेश रुहीदास, मो0 जावेद, पुस्तम महतो आदि उपस्थित थे।

ओरमांझी राजकीय मध्य विद्यालय में बालसभा का किया गया अयोजन

ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड क्षेत्र स्थित रा़ म़ वि ओरमांझी में सबकी योजना सबका विकास के तहत बाल सभा का आयोजन सोमवार को किया गया। अध्यक्षता पंचायत की मुखिया दीपक बड़ाइक ने की। बाल सभा में उपस्थित

बाल विकास पदाधिकारी लक्ष्मी भारती व पंचायत समिति सदस्य ललिता देवी ने बच्चों से विद्यालय में शौचालय, खेलकूद सामग्री ,खेल मैदान सहित अन्य सुविधाओं पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही यह भी बताया कि आपके घर के आसपास खेल मैदान नहीं है ,तो भी आप सभी बता सकते है। इसके पश्चात् बच्चों ने विभिन्न खेल के लिए खेल सामग्री, सुव्यस्थित शौचालय की कमी पर ध्यानाकृष्ट कराया। शिक्षकों की कमी भी बताई। सभी समस्याओं को सूचीबद्ध किया गया है। सभी का समाधान बहुत जल्द करने का आश्वाशन भी दिया गया। बैठक में उपस्थित पंचायत की मुखिया दीपक बड़ाइक, पूर्व मुखिया मीना देवी,उप मुखिया संतोष गुप्ता, ग्राम प्रधान दीनदयाल मुंडा, किरण देवी ने बन रहे मध्यान भोजन का भी निरक्षण किया। निरक्षण के दौरान संयोजिका से कही की मीनू के अनुसार ही मध्यान भोजन बच्चों को समय पर दें। किसी भी तरह की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। बालसभा में विद्यालय की सह प्रभारी प्रधानाध्यापिका सविता पन्ना अनिता देवी सहित कई शिक्षक ,शिक्षिका और छात्र छात्राएं भी उपस्थित थी।

शहीद शेख भिखारी टिकैत उमराव सिंह सद्भावना क्रिकेट टूर्नामेंट

ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड क्षेत्र स्थित शहीद शेख भिखारी टिकैट उमराव सिंह सद्भावना समिति हेंदेबिली ओरमांझी की ओर से गुंजा डहूटोला मैदान पर सोमवार को जिला स्तरीय विशाल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया

गया। क्रिकेट मैच के आयोजक अध्यक्ष मुबारक अंसारी ने मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य कमिश्नर मुंडा, विशिष्ट अतिथि कांके विधानसभा के विधायक प्रतिनिधि बबुवा मुंडा को अंग वस्त्र व मोमेंटो एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि व क्रिकेट टूर्नामेंट के अध्यक्ष मुबारक अंसारी व जिला परिषद सदस्य कमिश्नर मुंडा ने संयुक्त रूप से क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन फीता काटकर किया। खेल मैदान में पूर्व सांसद ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। उद्घाटन मैच ईरबा टीम बनाम उलातू टीम के बीच खेला गया। ईरबा की टीम ने 6 विकेट से मैच जीता। वहीं दूसरा मैच अताउल्लाह ब्रदर्स की टीम बनाम बड़गांई एलवन की टीम के बीच खेला गया। जिसमें अताउल्लाह ब्रदर्स की टीम ने 4विकेट से जीता। मौके पर मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य कमिश्नर मुंडा ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया और खेल भावना के साथ प्रतिस्पर्धा करने का आह्वान किया। इस आयोजन से क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों में उत्साह का संचार हुआ और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर मंच मिला। मौके पर मुख्य रूप से मुख्य अथिति ओरमांझी पश्चिमी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य कमिश्नर मुण्डा , विशिष्ट अतिथि बबुवा मुंडा, अध्यक्ष मुबारक़ अंसारी, इसराफिल अंसारी, प्रवेज आलम, विकास सिंह भोकता, सईद अंसारी, यूनुस अंसारी,सकिल अंसारी, सोहैल अंसारी, सुलेमान बेन आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। हेंदेबिल्ली पंचायत की मुखिया दशमी मिंज तारालाल यादव, अध्यक्ष मुबारक़ अंसारी, इसराफिल अंसारी, प्रवेज आलम, विकास सिंह भोकता, सईद अंसारी, सकिल अंसारी, सोहैल अंसारी, सुलेमान बेन आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

राय रेलवे स्टेशन के वजन घर के पास मिला अज्ञात व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव

पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा संगम विहार गेस्ट हाउस के पीछे और राय रेलवे स्टेशन के वजन घर के समीप सोमवार की सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव बरामद किया गया है।जानकारी के मुताबिक सोमवार की सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले कुछ लोगों ने रेलवे लाइन के बगल दो टुकड़ों में बंटा एक व्यक्ति का शव देखा,इसके बाद इसकी सूचना रेलवे विभाग एवं स्थानीय पिपरवार पुलिस को दी गई।सूचना पाकर रेलवे के कई अधिकारी जीआरपी एवं पिपरवार पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की जानकारी ली।शव की पहचान को लेकर आसपास के इलाकों में काफी प्रयास किया गया लेकिन मृतक व्यक्ति का पहचान नहीं हो पाया है।इस संबंध में पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि अनुमान लगाया जा रहा है कि रेलवे लाइन से कट कर व्यक्ति की मौत हुई है,लेकिन पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

अपराधियो के फायरिंग में एक सीसीएलकर्मी जख्मी

प्रभात मंत्र संवाददाता

खलारी : खलारी थाना क्षेत्र के सीसीएल एनके एरिया अंतर्गत चूरी परियोजना मुख्य द्वार के निकट हुई फायरिंग की घटना में सीसीएलकर्मी प्रदीप साव जख्मी हो गए. प्रदीप को पैर में गोली लगी है. डकरा सिथत सीसीएल सेंट्रल अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद प्रदीप को रांची स्थित मेडिका अस्पताल रेफर कर दिया गया. घटना के संबंध में बताया गया कि सुबह करीब साढ़े दस बजे तीन पल्सर 220 बाइक पर सवार होकर छह अज्ञात युवक डकरा की ओर से चूरी परियोजना मेन गेट के निकट एक झोपड़ीनुमा होटल में आए. अपना पहचान छिपाने के लिए सभी मंकी कैप पहने हुए थे.होटल में 10-12 लोग थे.

अपराधियों ने होटल में मौजूद लोगों से पूछा कि तुमलोग कौन हो. इसके बाद पिस्टल निकाल लिए.

पिस्टल देखते ही वहां मौजूद लोग वहां से इधर उधर चले गए. इसी दौरान अपराधी फायरिंग करने लगे. कुल 7 गोली चलाए जाने की बात की जा रही है. इनमें से कुछ गोली जमीन की ओर चलाए गए तो कुछ हवा में चलाए गए. फायरिंग के दौरान सीसीएलकर्मी प्रदीप होटल के बाहर ही खड़ा रहा.अपराधियों ने उससे पूछा कि तुम्हें डर नहीं लगता है. इसपर प्रदीप का जबाब था कि मैं तो सीसीएलकर्मी हूं. फायरिंग के क्रम में ही एक गोली प्रदीप के पैर में लग गई. गोली चलाने के बाद सभी अपराधकर्मी पिपरवार जीएम आफिस की ओर भाग गए. इधर वहां मौजूद प्रदीप के एक साथी ने अपनी मोटरसाइकिल से ही डकरा अस्पताल पहुंचाया. प्रदीप ने बताया कि वह बचरा अपने घर से डिउटी करने माइन्स रेस्क्यू डकरा कार्यालय जा रहा था. एक परिचित के आवाज देने पर होटल पर रूक गया था. खलारी थाना के पुअनि ने डकरा अस्पताल में प्रदीप से घटना की जानकारी ली.घटना की सूचना मिलते ही सबसे पहले पुलिस उप अधीक्षक खलारी रामनारायण चौघरी घटनास्थल पर पहुंचे.उन्हें बताया गया कि अपराधी पिपरवार की ओर भागे हैं. इसके बाद वे बिना देर किए पिपरवार जीएम आफिस की ओर भागे. जीएम आफिस और टेढ़ी पुल के बीच एक नीले रंग का 220 पल्सर पर दो युवक दिखाई दिए. संदेहास्पद देख डीएसपी पल्सर की ओर अपना वाहन ले जाने लगे. पुलिस की गाड़ी आता देख पल्सर सवार भागने लगे. डीएसपी ने उसका पीछा किया. टेढ़ी पुल पार कर पल्सर सवार युवक बेती के निकट एक पतले कच्चे रास्ते की ओर चले गए. उस रास्ते में केवल दोपहिया ही जा सकता था. डीएसपी को वापस लौटना पड़ा. पुलिस अपराधियों के धर पकड़ के लिए रणनीति बना रही है. डीएसपी चौधरी ने बताया कि घटनास्थल से चार नाइन एमएम का खाली खोखा बरामद हुआ है.

श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

नामकुम : श्रीमद् भागवत कथा आयोजन समिति टाटीसिलवे द्वारा श्रीमद् भागवत कथा कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया।इसमें समिति के अध्यक्ष रासेश्वर नाथ मिश्र ने कहा कि लोगों में शिक्षा संस्कार, सांस्कृतिक, वैचारिक और आध्यात्मिक धरोहर के संरक्षण, संवर्धन एवं धार्मिक चेतना को जागृत करने के उद्देश्य से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन ई ई एफ मैदान टाटीसिलवे में 15-22 फरवरी 2025 तक किया जा रहा है।सचिव मनोरंजन मनोरंजन मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि 14 फरवरी को विशाल कलश शोभा यात्रा निकली जाएगी। इसमें 2100 महिलाए कलश उठाकर

चलेंगी।इस कलश यात्रा में घोड़ा नाच,बंगाल का ढाक, छौ नृत्य,कीर्तन मंडली साथ चलेंगी।कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक सांसद सह रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ,राज्य सभा सांसद डॉक्टर प्रदीप वर्मा,संरक्षक खिजरी विधायक राजेश कच्छप,पूर्व सांसद सुबोध कांत सहाय,पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो, दिपक बंका, डॉक्टर गोपाल पाठक,पूर्व विधायक राम कुमार पाहन,गणेश मिश्रा, आचार्य कृष्ण,हरनाम सिंह नामधारी, जैलेंद्र कुमार,सीताराम पाठक ,नवनीत सिंह,संजीत चौरसिया,शंकर प्रसाद इत्यादि।समिति के कोषाध्यक्ष उमेश प्रसाद ने कहा कि इस भव्य कथा के मुख्य यजमान शांतनु कुमार सिंह,सह यजमान रवि सोनी होंगे। यहां दस हजार भक्त बैठकर परमपूज्य इंद्रेश महाराज जी के कथा का रसपान करेंगे। भव्य पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है।इसमें पेयजल,पादुका सेवा, शौचालय इत्यादि की व्यवस्था करेंगे। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए हमारे सौ कार्यकर्ता के साथ प्रशासन के लोग रहेंगे।इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए राजेंद्र प्रमाणिक,मंगल गुप्ता,प्रहलाद मिश्रा,आशीष मिश्रा, ब्रजेश सिंह, अजय वर्मा,संजय गोयल, आशुतोष द्विवेदी,बी के सिंह,राजू पाठक, लखींद्र महतो,विनोद अग्रवाल, श्रीदाम सिंह मुंडा,हलधर मिश्रा, नित्यानंद मिश्रा, गोविंद महतो, धीरेन्द्र त्रिपाठी,रामजी पांडे,राजेश मिश्रा इत्यादि कार्यकारिणी सदस्य लगे हुए है।

आत्मविश्वास, लगन और सही दिशा में किये गये कठिन परिश्रम से मिलती है सफलता : अमीन अंसारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

चान्हो : मैट्रिक परीक्षा का परिणाम कैरियर के द्वार खोलने के साथ ही उसकी दशा और दिशा भी तय कर देती है। इसलिए छात्र-छात्राओं को 10 साल तक स्कूली शिक्षा प्राप्त करने के बाद दी जाने वाली मैट्रिक परीक्षा हेतू योजनावद्ध ढंग से सिलेबस को समझते हुए कड़ी मेहनत करनी चाहिए। विद्यार्थी यदि समय प्रबंधन करते हुए आत्मविश्वास और लगन के साथ सही दिशा में कठिन परिश्रम करते रहें तो सफलता मिलती ही है। ये बातें आज प्रखंड क्षेत्र के टांगर अवस्थित आदर्श ग्रामीण पब्लिक स्कूल में 10वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं के विदाई समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमीन अंसारी ने कहीं। इसी बीच शाइन पब्लिक स्कूल नगजुआ के निदेशक माजिद आलम ने कहा कि किसी भी विद्यालय का सबसे कीमती संपत्ति वहां के बच्चे होते हैं। विद्यालय रूपी बाग बच्चों की पढ़ाई-लिखाई, खेलकूद और अन्य पाठ्येत्तर गतिविधियों से महकता रहता है। मुझे खुशी है कि यहां के बच्चों ने पिछले कई सालों से प्रखंड और जिला

स्तर पर कई प्रतियोगिताओं में अपनी बेहतरीन उपस्थिति दर्ज की है। निश्चित रूप में विद्यालय के शिक्षकों की कड़ी मेहनत और प्रयासों का नतीजा है कि इस स्कूल के छात्र अनुशासित, संस्कारी और समाज की बेहतरी के लिए सकारात्मक सोच रखने वाले हैं। उन्होंने छात्रों के लंबी सफल और उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे चलकर समाज और देश का एक जिम्मेदार नागरिक बनने हेतू प्रेरित किया। इसके पूर्व दसवीं कक्षा के नीचे के छात्र-छात्राओं ने दसवी के बच्चों का शानदार स्वागत किया और विदाई गीत साथ संस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति दी। दसवीं के फरहाना प्रवीण पल्लवी कुमारी निर्मला कुमारी सूर्यवंशी कुमार ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि इस विद्यालय से उन्हें काफी कुछ सीखने का मौका मिला है। विद्यालय के सभी शिक्षकों ने सभी विषयों की तैयारी कराने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। यहां के सभी शिक्षकों की कड़ी मेहनत से ही हमारी मैट्रिक परीक्षा की तैयारी पूरी हो पाई है। वहीं उप प्रधानाध्यापक बुद्धदेव उरांव ने भी छात्र-छात्राओं को लक्ष्य निर्धारित कर जीवन में हमेशा आगे बढ़ने के लिए हौसला दिया। उन्होंने कहा कि मैट्रिक तक अच्छी पढ़ाई कर विषय वस्तु में पकड़ बना लेने से आगे की राह आसान हो जाती है। कार्यक्रम को अंतिम रूप देने में सद्दाम हुसैन का सबसे बड़ा भूमिका रहा। मौके पर दिलीप कुमार कालीमुल्लाह अंसारी मेराज अंसारी संजय उरांव फादर अंकित डोना मेहरूशी अजीज सीमा उरांव अजमेरी खातून पुनीता कुमारी संजना कुमारी प्रीति कुमारी ने भी अपनी अपनी बातों को बच्चों के सामने रखे। अंत में विदा लेने वाले सभी विधार्थीयों स्कूल के तरफ से उपहार स्वरूप फाइल और एक एक पेन भेंट किया गया ।

सिल्ली थाना परिसर में महाशिवरात्रि के भव्य आयोजन को लेकर बैठक

सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता): सिल्ली थाना परिसर में आगामी 26 फरवरी को भव्य रूप से महाशिवरात्रि का आयोजन करने को लेकर थाना परिसर में सोमवार को थाना के पदाधिकारी व स्थानीय लोगों की एक बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख जितेन्द्र बड़ाईक ने किया। मुख्य रूप से थाना परिसर स्थित शिवालय में भव्य तरीके से महाशिवरात्रि का आयोजन किया जाय, इसपर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम में आकर्षक विवाह समारोह तथा सिल्ली बजार के लालबाग कालोनी शिव मंदिर से निकलने वाली शिव बारात की झांकी की स्वागत की तैयारी को लेकर भी चर्चा की गयी। भव्य पूजन समारोह को लेकर विभिन्न तैयारी समिति का गठन करने की बात कही गयी। इस मौके पर सर्वसम्मति से आगामी 15 फरवरी को आयोजन समिति की विशेष

बैठक करने का निर्णय लिया गया। थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने सभी मंदिर समिति के सदस्यों, व्यवसायी संघ के सदस्यों, जन प्रतिनिधियों, विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्यों एवं स्थानीय लोगों को आगामी 15 फरवरी को बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया। इस मौके पर नरोत्तम गोराई, रविन्द्र नाथ मुंडा, किशोर कुशवाहा, मनोज रजक, संतोष कोइरी, पिंटू साव, नृपेन्द्र महतो, हरे कृष्ण महतो, मोहम्मद फखरूद्दीन, प्रभात हालदार समेत कई गणमान्य मान्य लोग उपस्थित थे।

पिपरवार में यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के 200 कार्यकर्ताओं ने दिया इस्तीफा

पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता): यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के द्वारा पिपरवार क्षेत्र के बचरा श्रमिक क्लब में आयोजित दूसरा क्षेत्रीय सम्मेलन के दौरान भारी संख्या में पहुंचे यूनियन के

कार्यकर्ताओं ने सम्मेलन का विरोध करते हुए इस्तीफा सौंपा।यूनियन के लोगों ने मनमानी तरीके से क्षेत्रीय सम्मेलन आयोजित कर एरिया कमेटी गठन करने का आरोप लगाते हुए अपना इस्तीफा सौपा।जानकारी के अनुसार बचरा श्रमिक क्लब में चल रहे सम्मेलन के दौरान काफी संख्या में कार्यकर्ता सम्मेलन स्थल पहुंचकर पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित अशोक यादव से मुलाकात किया और अपना विरोध दर्ज कराते हुए कार्यकर्ताओं ने अपना इस्तीफा सौपा।इस संबंध में यूनियन से इस्तीफा देने वाले मजदुरो ने बताया कि षड्यंत्र रचकर मनमानी तरीके से डेलीगेट का चयन कर कार्यक्रम आयोजित कर क्षेत्रीय कमेटी का गठन किया गया है,जिसमें पुराने और कर्मठ कार्यकर्ताओं की अनदेखी की गई है।मजदूरों ने कहा कि पिछले कई वर्षों से यूनियन के लिए काम कर रहे लोगों को अनदेखा किया गया है,जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।यदि केंद्रीय नेतृत्व इस पर गंभीर होकर ध्यान नहीं देती है तो आने वाले दिनों में और कार्यकर्ता यूनियन को छोड़ने का काम करेगें।मजदूरों ने कहा कि आज के सम्मेलन के बाद और मनमानी तरीके से हुई एरिया कमेटी के गठन के खिलाफ करीब 200 से अधिक कार्यकर्ताओं ने अपना इस्तीफा पर्यवेक्षक को सौपा है।इस्तीफा देने वालों में हिमांशु शेखर चार्टर,गणेश राम, चमन महतो,जयशंकर चौधरी, जागे भगत,महावीर महतो, बैजनाथ प्रजापति,महेश महतो, सुरेश राजभर,रतन गंझु,मनोज तुरी,कुलदीप महतो,रामचंद्र मोची, नागेश्वर राम,रामदयाल उरांव, धनेश्वर महतो,रविंद्र महतो,ललकु भुंइया,हीरालाल महतो,मुंशी महतो,शिबू लहर,नरेश गंझु सहित कई मजदूर का नाम शामिल है।

पिपरवार मे हुआ यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन का दुसरा क्षेत्रीय सम्मेलन

पिपरवार :सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा श्रमिक क्लब मे सोमवार को यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन पिपरवार क्षेत्र का दुसरा क्षेत्रीय सम्मेलन संपन्न हुआ।सम्मेलन में कुल 91 डेलीगेट उपस्थित

हुए। सम्मेलन की अध्यक्षता धनेश्वर गंझु,रहमतुल्ला एंव मोहम्मद अब्दुल्लाह के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि झारखंड एटक के महासचिव अशोक यादव एवं विशिष्ट अतिथि मे युसीडब्लुयु के सचिव नरेश मंडल उपस्थित थे।सम्मेलन में पर्यवेक्षक के रूप मे विनोद बिहारी पासवान एवं प्रेम कुमार उपस्थित थे।सम्मेलन में प्रतिवेदन क्षेत्रीय संयोजक रहमतुल्लाह के द्वारा प्रस्तुत किया गया,जिसे चर्चा के बाद बहुमत से पास किया गया एवं यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के नए क्षेत्रीय कमेटी का गठन किया गया। इसके पहले पहला सम्मेलन 2002 में हुआ था।जिसमें स्वर्गीय रामचंद्र राम एरिया सचिव बने थे।सम्मेलन में पिपरवार क्षेत्र के लिए 31 सदस्यीय कार्यकारिणी का गठन किया गया।जिसमें अध्यक्ष मोहम्मद अब्दुल्ला, कार्यकारी अध्यक्ष धनेश्वर गंझु,उपाध्यक्ष सेवक गंझु, सचिव अरविंद कुमार शर्मा, सहायक सचिव मोहम्मद रहमतुल्ला,कोषाध्यक्ष ऋषिकेश मिश्रा को बनाया गया।वही कार्यकारणी सदस्य में गीता देवी,हिमांशु चार्टर,सुखदेव राम,शिवनाथ भोक्ता,सरजू सिंह, राजकुमार,बंटी मोदी, अवधेश पांडे,प्रतिमा देवी, भरत नोनिया,रामखेलावन माझी,मोहम्मद अहसान, बालेश्वर महतो,भीम प्रकाश ठाकुर,लकेश्वर लाल, मोहम्मद यूनुस,दिलीप कुमार महतो,कयूम अंसारी,सोहेल अख्तर,बिमल महतो, रामजीत राम,चमन महतो को बनाया गया है।कार्यक्रम में यूनियन के गौरवशाली इतिहास पर चर्चा करते हुए यूनियन को मजबूत बनाने एवं सदस्यता अभियान चलाने का आह्वान किया गया।इस कार्यक्रम में काफी संख्या में कोयला मजदूर मौजूद थे।

डीएवी पब्लिक स्कूल खलारी में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

खलारी : डीएवी पब्लिक स्कूल खलारी में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया.इस अवसर पर 12वीं कक्षा के बच्चों एवं उनके माता-पिता के साथ वैदिक हवन का आयोजन करके कार्यक्रम की शुरुआत की गई. विद्यालय के प्राचार्य डॉ कमलेश कुमार ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें स्वअनुशासन और आगामी परीक्षा में अच्छे अंकों से सफल होने के लिए सकारात्मक रहने के लिए प्रेरित किया. प्राचार्य ने बच्चों को सलाह दी कि आगे की पढ़ाई के लिए कॉलेज अथवा विश्वविद्यालय में जहाँ भी आप पढ़ें , कोई भी कदम उठाने से पहले उसके सकारात्मक और नकारात्मक पहलू

के बारे में सोचें तथा देखें कि इससे हमारे ऊपर क्या प्रभाव पड़ेगा, साथ ही अपने माता-पिता के मान सम्मान का भी ध्यान रखें . विद्यालय के शिक्षकों ने कक्षा 12वीं के बच्चों को उपहार स्वरूप आशीर्वाद देकर सम्मानित किया. विद्यालय से विदा लेने वाले बच्चों ने अपने अनुभव साझा करते हुए प्राचार्य एवं शिक्षकों को मार्गदर्शन व सहयोग के लिए धन्यवाद दिया.इसमें स्कूल के 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अपने वरिष्ठ साथियों के सम्मान में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों लघु नाटिका, नृत्य आदि की प्रस्तुति दी. इस मौके पर शिक्षकों ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कठिन परिश्रम करने की सलाह दी. उन्होंने बच्चों को बताया कि वार्षिक परीक्षा में कैसे अपना सर्वोत्तम प्रयास करना है और अच्छे अंकों से परीक्षा पास करके अपने माता-पिता एवं विद्यालय का नाम रोशन करना है.सभी शिक्षकों ने परीक्षा में सफल होने के लिए बरती जाने वाली सावधानियों के संबंध में विस्तार से समझाया.

बुढ़ाखुंखरा में निःशुल्क स्वास्थ्य मेला का आयोजन, विशेषज्ञ डॉक्टर देंगे परामर्श

समय और स्थान

- **तारीख :** 12 फरवरी 2025
- **समय :** दोपहर 12 बजे
- **स्थान :** सरकारी हाई स्कूल, बुढ़ाखुंखरा, मांडर

प्रभात मंत्र संवाददाता

मांडर : 12 फरवरी 2025 को बुढ़ाखुंखरा स्थित सरकारी हाई स्कूल में एक भव्य निःशुल्क स्वास्थ्य महा मेला का आयोजन किया जाएगा। इस मेले का आयोजन झारखंड सरकार की कृषि मंत्री श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की के सौजन्य से किया जा रहा है।

इस स्वास्थ्य मेले में हड्डी रोग, नेत्र रोग, शिशु रोग, सामान्य रोगों और बच्चों से संबंधित किसी भी प्रकार के विकार के लिए विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा निःशुल्क परामर्श दिया जाएगा।

विशेष अतिथि और विशेषज्ञ डॉक्टर रहेंगे मौजूद : इस कार्यक्रम में कई सम्मानित अतिथि और चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। मुख्य अतिथि के रूप में श्री बंधु तिर्की (पूर्व विधायक, झारखंड सरकार) उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा, डॉ. रजनीश कुमार (हड्डी रोग विशेषज्ञ), डॉ. हेमलता भारती (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ. हेमलाल भारती (एमबीबीएस, एमडी) सहित अन्य विशेषज्ञ चिकित्सक उपस्थित रहेंगे।

स्वास्थ्य मेला का उद्देश्य : इस निःशुल्क स्वास्थ्य मेले का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाना और जरूरतमंद लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सकों की सुविधा प्रदान करना है।

इस स्वास्थ्य मेले में अधिक से अधिक लोगों को भाग लेने की अपील की गई है, ताकि वे अपने स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं का उचित समाधान प्राप्त कर सकें।

टाटा एआईजी का नया विथ यू लाइक फैमिली, विथ यू ऑलवेज़ कम्पैन शुरू

रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) : भारत की एक अग्रणी जनरल इन्शुरन्स कंपनी टाटा एआईजी जनरल इन्शुरन्स कंपनी लिमिटेड ने अपना नया ब्रांड कैम्पेन शुरू किया है - विथ यू लाइक फैमिली, विथ यू ऑलवेज़, हर परिवार में एक दूसरे के प्रति प्यार और देखभाल की भावना होती है, अक्सर बिना कुछ बोले एक दूसरे का अटूट साथ देता है परिवार, बहुत अच्छे से खयाल रखता है द्य इस अनकहे लेकिन गहराई से महसूस किए जाने वाले प्यार को इस कैम्पेन में दर्शाया गया है। टाटा एआईजी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और विपणन प्रमुख शेखर सौरभ ने कहा, यह अभियान पिता और पुत्र के बीच के मज़बूत रिश्ते को उजागर करता है, यह ऐसा रिश्ता है जिसके बारे में बहुत कम बात की जाती है। टाटा एआईजी उनकी इस यात्रा में उनका समर्थन करता है, उन्हें ऐसे समाधान प्रदान करता है जो उन्हें अपने प्रियजनों की सर्वोत्तम संभव तरीके से देखभाल करने में मदद करते हैं। टीबीडब्ल्यूए के सीईओ गोविंद पांडे ने कहा, हमारे लिए बिना शर्त प्यार सबसे पहले परिवार से मिलता है और ज़िन्दगी की प्रतिकूलताओं के दौरान पहला समर्थन भी परिवार से ही मिलता है। टाटा एआईजी स्वास्थ्य बीमा ज़िन्दगी के सबसे अनिश्चित क्षणों में सुरक्षा, विश्वास और आश्वासन प्रदान करता है, जो एक परिवार द्वारा प्रदान की जाने वाली एकमात्र चीज है। टाटा एआईजी की स्वास्थ्य बीमा योजनाएं व्यापक कवरेज प्रदान करती हैं, जो अस्पताल में भर्ती होने, मरीज़ की देखभाल और गंभीर बीमारियों के दौरान वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करती हैं। डॉक्टर कन्सल्टेशन, निदान, फार्मेसी कवरेज और बीमा राशि का रिस्टोरेशन जैसे लाभों के साथ बढ़ती स्वास्थ्य सेवा लागतों को प्रबंधित करने में मदद करती हैं।

TATA AIG INSURANCE WITH YOU ALWAYS

हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष का गोविंदपुर दौरा, अतिक्रमण व विकास की योजना पर चर्चा

जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) : झारखंड राज्य आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान ने हाल ही में गोविंदपुर का दौरा किया. जिला परिषद कार्यालय में उनका स्वागत किया गया, जहां पर स्थानीय जिला परिषद सदस्य डॉ. परितोष ने उन्हें पुष्प गुच्छ और अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया. इस दौरान, अध्यक्ष महोदय ने असहाय व्यक्तियों के बीच कंबल वितरण भी किया. हाउसिंग बोर्ड की भूमि परिसंपत्तियों का निरीक्षण अध्यक्ष संजय लाल पासवान ने गोविंदपुर में हाउसिंग बोर्ड के खाली पड़े भू परिसंपत्तियों का निरीक्षण किया. इस दौरान स्थानीय लोगों ने हाउसिंग बोर्ड की भूमि पर हो रहे अतिक्रमण की समस्या से अध्यक्ष को अवगत कराया. इसके पश्चात, अध्यक्ष ने खुद मौके पर जाकर सभी स्थानों का निरीक्षण किया. इस अवसर पर डॉ. परितोष सिंह ने अध्यक्ष महोदय के समक्ष पांच सूत्री मांग पत्र प्रस्तुत किया, जिसमें निम्नलिखित प्रस्ताव शामिल थे- सरकारी हाट बाजार में बाजार कॉम्प्लेक्स का निर्माण, वीर शिवाजी पार्क की चारदीवारी और पार्क का निर्माण, वीर कुंवर सिंह स्टेडियम के दक्षिण छोर पर विवाह मंडप का निर्माण, गोविंदपुर में हाउसिंग बोर्ड का ऑफिस बनवाना और सीवरेज सिस्टम का पुनर्निर्माण है। हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष ने सभी जगहों का निरीक्षण किया और कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया कि इन स्थानों पर स्थानीय लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रस्ताव तैयार कर बोर्ड में प्रस्तुत करें. इस मौके पर हरेंद्र मिश्रा, अरविंद साहू, नरेश गोरा, श्याम किशोर सिंह, अशोक सिंह, सतवीर सिंह बग्गा, मनीष सिंह, विमलेश कुमार, विजय कुमार, रामनवमी सिंह, प्रकाश दुबे, रजनी दास, आनंद मिश्रा, सत्यजीत बनर्जी, नीतीश कुमार, अभिषेक कुमार, मनोज यादव, अमित सिंह, अशोक मुखिया, रितेश सिंह, मनोज गुप्ता, उमेश श्रीवास्तव, मंटू कुमार, रमेश अग्निहोत्री, सी वी राजू सहित अन्य प्रमुख लोग उपस्थित थे. इस अवसर पर परविंदर सिंह, रजनीश सिंह, ज्योतिष यादव, संजय यादव भी उपस्थित थे.

एसएसपी ने किया गुड़ाबांदा थाना का निरीक्षण, पेंडिंग मामलों में तेजी लाने का दिया निर्देश

गुड़ाबांदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) : वरीय पुलिस अधीक्षक कौशल किशोर ने सोमवार का गुड़ाबांदा थाना का निरीक्षण किया। थाना में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उन्होंने पेंडिंग केस फाइलों को देखा। थाना क्षेत्र में अपराधिक गतिविधियों की जानकारी ली। थाना प्रभारी सन्नी टोप्पो को पेंडिंग मामलों के अनुसंधान में तेजी लाने का निर्देश दिया। साथ ही अपराध नियंत्रण के लिए अपराधियों पर त्वरित कार्रवाई करने को कहा। थाना में मौजूद सुविधाओं और कमियों की जानकारी ली। विगत दिनों मुढ़ाठाकरा में अपराधियों द्वारा पिस्टल दिखाकर रंगदारी लेने के मामले की त्वरित खुलासा करने और आरोपियों को हिरासत में लेने के लिए डीएसपी व थाना प्रभारी की प्रशंसा की। निरीक्षण के दौरान मुसाबनी डीएसपी संदीप भगत भी मौजूद थे।

पेयजल संबंधी समस्याओं के लिए झार जल पोर्टल पर करें शिकायत, त्वरित समाधान का प्रयास

जमशेदपुर : राज्य सरकार द्वारा पेयजल संबंधी शिकायतों के लिए झार जल पोर्टल लॉन्च किया गया है जिसमें पूर्वी सिंहभूम जिलावासी भी दिए गए फोन नंबर, टोल फ्री नंबर या ईमेल के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। आम नागरिकों द्वारा चापाकल मरम्मती समेत लघु जलापूर्ति योजना, वृहद जलापूर्ति योजना, जल गुणवत्ता व स्वच्छता से सम्बंधित शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रातः 8 बजे से संध्या 8 बजे तक टोल फ्री नम्बर पर सम्पर्क किया जा सकता है। गौरतलब है कि पूर्वी सिंहभूम जिला से अबतक पेयजल संबंधी 744 शिकायत प्राप्त हुए हैं जिनमें 587 का निष्पादन किया जा चुका है जिनमें चापाकल मरम्मती संबंधित 515 आवेदन, लघु जलापूर्ति योजना से संबंधित 159, वृहद जलापूर्ति से संबंधित 22, पाइपलाइन लिकेज 6, जलापूर्ति संबंधित 28, जल गुणवत्ता से संबंधित 3 तथा शौचालय एवं स्वच्छता से संबंधित 3 व अन्य 10 शिकायत शामिल हैं। उपायुक्त अनन्य मित्तल द्वारा जिलेवासियों से पेयजल सम्बन्धी समस्याओं के लिए टोल फ्री नम्बर पर शिकायत दर्ज कराने की अपील की गई है ताकि पेयजल स्त्रोतों की आवश्यक मरम्मती सुनिश्चित की जा सके। टोलफ्री नंबर- 1800-3456-502/ 94701-76901 या ईमेल callcentredwsd.jharkhand@gmail.com पर भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

उपायुक्त ने की सभी विभागीय पदाधिकारी, बीडीओ के साथ समीक्षा बैठक

पोटका, पटमदा, चाकुलिया एवं जिला मनरेगा टीम को शो-कॉज

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : जिले में विकास योजनाओं को अपेक्षित प्रगति लाने के उद्देश्य से जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल द्वारा सभी विभागीय पदाधिकारी एवं बीडीओ के साथ ऑनलाइन समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। ऑनलाइन समीक्षा बैठक में उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान, परियोजना निदेशक आईटीडीए दीपांकर चौधरी समेत जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी एवं सभी बीडीओ, बीपीओ, प्रखंड समन्वयक जुड़े।

बैठक में सिद्धो कान्हू युवा खेल क्लब निबंधन, आवास, मनरेगा, चिकित्सा सहायता योजना, जल जीवन मिशन, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, झारखंड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना, झार जल पोर्टल पर प्राप्त पंयजल संबंधी शिकायत समेत अन्य सभी विभागीय योजनाओं की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी विभागीय पदाधिकारी को जिला में एवं बीडीओ को ब्लॉक में विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में नेतृत्व प्रदान करना है । योजनायें ससमय पूर्ण हों, सुयोग्य लाभुकों को याजनाओं का लाभ मिले इसे जिला एवं प्रखंड के स्तर पर सतत अनुश्रवण करते हुए सुनिश्चित करना है।

उपायुक्त द्वारा समीक्षा के क्रम में सभी प्रखंडों में सिद्दो कान्हू युवा खेल क्लब का सोसाइटी एक्ट के तहत निबंधन में अपेक्षित प्रगति नहीं पाये जाने पर अप्रसन्नता जाहिर की गई। कुल 1582 के लक्ष्य के विरूद्ध अबतक 1567 ग्रामों में क्लब का गठन किया गया है, वहीं 84 का मात्र निबंधन किया गया है, सभी प्रखंडों को एक सप्ताह के अंदर शेष ग्रामों में क्लब का गठन करते हुए सोसाइटी एक्ट के तहत निबंधन कराने का निदेश दिया गया ।

मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता अनुदान में जिला कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि कुल 1135 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनमें 1102 आवेदनों में स्वीकृति प्रदान की गई । शेष आवेदनों को भी जिला स्तरीय समिति से अनुमोदन प्राप्त करने का निदेश दिया गया ।

मनरेगा की समीक्षा में प्रति ग्राम योजना का क्रियान्वयन एवं मानव दिवस सृजन की समीक्षा की गई। मनरेगा योजना में अबतक जिले की उपलब्धि 82 फीसदी है जिसे वित्तीय वर्ष के अंत तक शत प्रतिशत करने का निदेश दिया गया । वहीं मनरेगा योजनाओं के क्रियान्वयन में धीमी प्रगति पर पोटका, पटमदा, चाकुलिया तथा जिला की मनरेगा टीम को शो-कॉज का निदेश दिया गया ।

झारखंड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना की समीक्षा में अपात्र लाभुकों को चिन्हित करने साथ ही भुगतान के रिजेक्शन के कारणों की समीक्षा की गई । 39298 लाभुकों का भुगतान बैंक खाता में त्रुटि या अन्य कारणों से नहीं किया गया है, जांचोपरांत त्रुटि निराकरण करते हुए अग्रेत्तर कार्रवाई का निदेश दिया गया ।

एक कार सहित 5 बकरा चोरों को ग्रामीणों ने पकड़कर जमकर पिटाई की, पुलिस को सौंपा

प्रभात मंत्र संवाददाता

ईचागढ़ : सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के बरदाडीह के पास एक सुईफ्ट डीजायार कार में बकरा चोरी के आरोप में ग्रामीणों ने खदेड़ कर 5 बदमाशों को घेर कर पकड़ लिया और जमकर धुनाई कर दिया। सुचना पर ईचागढ व तिरूलडीह थाना मौके पर पहुंचे और चोरों को कब्जे में लेकर टीकर स्थित एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया जहां सभी का इलाज किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि पुलिस के पहुंचते ही ग्रामीण और उग्र हो गए। चोरों के आतंक से परेशान उग्र ग्रामीणों को किसी तरह समझा बुझाकर चोरों को पुलिस कब्जे में लिया। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की शाम को कार संख्या जे एच 05 डी डब्ल्यू 0255 में 6-7 बदमाश दयालटांड़ गांव के पास एक बकरे को पकड़ कर कार में रखा। ग्रामीणों को इसकी भनक लगते ही कार का पीछा किया और बरदाडीह के पास पकड़ा। बताया जा रहा है कि पुलिस को उग्र ग्रामीणों से बदमाशों को छुड़ाने में

आक्रोश का सामना करना पड़ा, जिसमें तिरूलडीह के एक एएसआई भी जख्मी हो गए। घटना की सुचना मिलते ही ईचागढ़ थाना प्रभारी बिक्रम आदित्य पांडे, तिरूलडीह थाना प्रभारी अविनाश कुमार, चौंका थाना प्रभारी बजरंग महतो, एएसआई मनिंदर सिंह, रंजीत प्रसाद आदि घटना स्थल पर पहुंचे और मामले की जांच में जुटे।ईचागढ़ थाना प्रभारी बिक्रम आदित्य पांडे ने बताया कि ग्रामीणों ने 5 बदमाशों को पकड़ कर रखा था , जहां सभी को कब्जे में लेकर जख्मी हालत में अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मामले का जांच किया जा रहा है।

खरसावां के गोदपुर में नवनिर्मित शिव मंदिर एवं प्रतिमा की हुई प्रतिष्ठा, नगर भ्रमण में उमड़े श्रद्धालु

प्रभात मंत्र संवाददाता

खरसावां : खरसावां प्रखंड के गोंदपुर गांव में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ नव निर्मित शिव मंदिर की प्रतिष्ठा की गयी. तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के अंतिम दिन सोमवार को श्रद्धालुओं ने विभिन्न देवी देवताओं के प्रतिमाओं का नगर भ्रमण कराया. इसके पश्चात मंदिर परिसर में पुरोहित कन्हैया पांडेय ने विधिवत पूजा अर्चना की. वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मंदिर के भीतर शिव लिंग की स्थापना की गयी. साथ ही दुग्धाभिषेक, जलाभिषेक,रुद्राभिषेक आदि का आयोजन किया गया. हर हर महादेव के जयजारे के बीच पूरे गांव में

भक्तिमय वातावरण बना रहा. इस दौरान गोंदपुर गांव में भंडारे का भी आयोजन किया गया. मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में गोढपुर, सिमला, चिलकू, बदिराम, पांचगछिया, चमरूडीह, कोल सिमला, हांसदा, बुरूडीह, पोटका, देवली खरसावां सहित विभिन्न गांवो से श्रद्धालुओं पहुचे थे. भक्तों ने पूजा अर्चना कर गांव व क्षेत्र के खुशहाली की कामना की. इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व विधायक मंगल सिंह सोय,संजू अग्रवाल,अनुप अग्रवाल,मिन्टु अग्रवाल,रास बिहारी मंडल,शैलेश सिंह,शम्भू मंडल,दुर्गा साहु,तापस मडल,रंजीत मंडल,हेंमत पुष्टी,कार्तिक तांती,सुनील नायक आदि उपस्थित थे.

पंचायत समिति सदस्यों की कार्यकारिणी बैठक में योजनाएं चयनित, कई प्रस्ताव पारित

प्रभात मंत्र संवाददाता

खरसावां : कुचाई प्रखंड सभागार में पंचायत समिति की कार्यकारिणी की बैठक सोमवार को प्रखंड प्रमुख गुड्डी देवी की

अध्यक्षता में आयोजित की गयी बैठक में वित्तीय वर्ष 2024 -25 की योजनाओं का चयन की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी साधु चरण देवगम ने निर्देशित करते हुए कहा कि पंचायत के विकास के लिए सरकार द्वारा वर्तमान में चल रही योजनाओं को शीघ्रता के साथ पूरा किया जाए तथा दूरगामी योजना को निर्धारित किया जाए। इस दौरान मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख गुड्डी देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी साधुचरण देवगम, सांसद प्रतिनिधि मानसिंह मुंडा, विधायक प्रतिनिधि भरत सिंह मुंडा, उप प्रमुख सुखदेव सरदार, पंसस जयंती मुंडा, चांदमनी मुंडा, सोनामनी मुंडा, पंकज कुंभकार, सुमित कवि, बुधुराम सिंह मुंडा आदि उपस्थित थे।

गम्हरिया क्षेत्र को आदित्यपुर नगर निगम से हटाकर अलग नगर परिषद गठित करने की उठी मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

गम्हरिया : पूर्व पार्षद सिद्धनाथ सिंह के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को सम्बोधित एक ज्ञापन अंचलाधिकारी को सौंपकर गम्हरिया क्षेत्र को आदित्यपुर नगर निगम से हटाकर अलग नगर परिषद गठित करने की मांग की गई है। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया है कि गम्हरिया क्षेत्र में स्थित आठ वार्डो की आबादी करीब एक लाख से अधिक है। आदित्यपुर नगर निगम द्वारा इस वार्ड के साथ भेदभाव किया जाता है। बताया गया है कि आदित्यपुर नगर निगम द्वारा हमेशा से गम्हरिया क्षेत्र में योजना चयन तथा विकास कार्य में भेदभाव किया जाता है। हाल में पुरे नगर निगम क्षेत्र में खराब सड़क को अलकतरा किया जाना है। आदित्यपुर नगर निगम में अच्छी सड़क के

उपर बुटमिन्स (अलकतरा) किया जा रहा है लेकिन गम्हरिया के कई वार्ड में इस महत्वपूर्ण योजना का कार्य 10 प्रतिशत से भी कम है। जबकि नगर निगम द्वारा सभी 35 वार्ड में एक समान टैक्स लिया जाता है। फिर इस तरह की भेदभाव दुर्भागयपूर्ण है। बताया है कि गम्हरिया के कई वार्ड में वर्ष 2021 में योजना का टेडर किया गया है। लेकिन अभी तक धरातल पर नहीं उतर पाया। इसके अलावा गम्हरिया क्षेत्र में अतिक्रमण सम्बंधित कई बार नगर निगम को लिखित शिकायत किया गया एवं सैकडो लोगों के साथ नगर निगम का घेराव भी किया गया। लेकिन नगर निगम द्वारा अबतक कोई पहल नहीं किया गया। उन्होंने सीएम से राज्य स्तरीय टीम गठित कर नगर निगम के विगत पाँच वर्ष के कार्यकाल की जांच कराने की मांग की है। इसके अलावा किस वार्ड में कितनी राशि की योजना धरातल पर उतारा गया, इसकी भी जांच की मांग की गई है। प्रतिनिधिमंडल में डीएन सिंह, शैलेश तिवारी, श्याम सुंदर साह, उमाशंकर राय, कमलदेव राय, अमरेश ईश्वर, चंदेश्वरी यादव, लक्ष्मण सिंह, राजू रजक, प्रभात ठाकुर, अनय सिंह, संजय सिंह, श्याम सुंदर मालाकार, विशाल सिंह, अमरेंद्र कुमार आदि शामिल थे।

उपायुक्त, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर ने फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का किया शुभारंभ

- डीईसी एवं एल्बेंडाजोल की दवा सेवन कर सभी से दवा लेने की अपील की

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का शुभारंभ जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल एवं एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनिकेत सचान द्वारा टाटा वर्कर्स यूनियन हाई स्कूल कदमा से किया गया। इस मौके पर जिला के वरीय पदाधिकारियों ने बच्चों के बीच दवा का सेवन कर सभी से अपने बूथ पर जाकर तथा स्वास्थ्य विभाग की

टीम के घर आकर दवा उपलब्ध कराने पर दवा का सेवन करने की अपील किया। गौरतलब है कि बोड़ाम, पटमदा, पोटका, गोलमुरी एवं जुगसलाई तथा जमशेदपुर शहरी क्षेत्र में फाइलेरिया रोधी मास ड्रग एडिमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) अभियान 10 से 25 फरवरी तक चलाया जाएगा। मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के तहत लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई जाएगी। अभियान के तहत नोडल विभाग के रूप में स्वास्थ्य विभाग सभी विभागों के सहयोग से अभियान को संचालित किया जाएगा। स्कूलों में बच्चों को मिड डे मील के बाद दवा दी जाएगी। शिक्षा, पंचायती राज, समेकित बाल विकास, समाज कल्याण, आपूर्ति सहित अन्य विभाग स्वास्थ्य विभाग को सहयोग करेंगे। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा प्रखंडों में दवा की उपलब्ध करा दी गई है। उपायुक्त ने बताया कि अभियान के तहत 10 फरवरी को चिन्हित बूथ में आमजनों को दवा उपलब्ध कराई जा रही वहीं 11 से 25 फरवरी स्वास्थ्य (आशा) कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को दवा खिलाएंगी। उन्होने जिला से फाइलेरिया के समूल उन्मूलन के लिए व्यापक जन सहभागिता की अपील किया। साथ ही बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि फाइलेरिया मच्छर के काटने से होने वाली बीमारी है। इसे आमतौर पर हाथी पांव के नाम से भी जाना जाता है।

मालगाड़ी से कट कर युवक ने की आत्महत्या

प्रभात मंत्र संवाददाता

गम्हरिया : आदित्यपुर- गम्हरिया अप लाइन के पोल संख्या 258/19- 21 के समीप एक मालगाड़ी से कटकर सतवाहिनी निवासी करीब 32 वर्षीय श्रीकांत माझी नामक युवक ने आत्महत्या कर ली। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक रेल लाइन के समीप ही पहले से खड़ा था। इसी दौरान हावड़ा-मुम्बई रेल लाइन पर खड़ी मालगाड़ी गुजरते देख युवक अचानक उसके आगे कूद गया जिससे उसका शरीर कटकर दो टुकड़ों में बंट गया। घटना की सूचना पर वहां पहुंची रेल पुलिस और आरआईटी थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की जेब मे पाए गए आधार कार्ड पर उसकी पहचान की गई। पुलिस द्वारा उसके परिजनों को घटना की सूचना दी गई। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

पटमदा में बीडीओ व सीओ ने फाइलेरिया की दवाई खिलाकर किया अभियान का शुभारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

पटमदा : पटमदा के माचा स्थित सीएचसी भवन परिसर में सोमवार को एक कार्यक्रम आयोजित कर एमडीए के तहत फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का शुभारंभ किया गया। इस दौरान पटमदा बीडीओ शशि नीलिमा डुंगडुंग, सीओ डॉ. राजेन्द्र कुमार दास, सीएचसी प्रभारी डॉ. क्रिस्टोफर बेसरा व सीडीपीओ सुनीता केरकेट्टा ने कई लोगों को फाइलेरिया की दवाई खिलाई। यह अभियान 10 से 25 फरवरी तक चलने वाली है। इस दौरान उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने खुद भी दवाओं का सेवन करते हुए लोगों को जागरूक किया। सीएचसी प्रभारी डॉ.

बेसरा ने बताया कि अभियान के पहले दिन पटमदा सीएचसी के अधीन आने वाले 157 गांवों के 311 बूथों पर फाइलेरिया रोधी दवाइयां खिलाई गई। 11 से 25 फरवरी तक स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा डोर टू डोर घूमते हुए 2 वर्षो से अधिक उम्र के लोगों को दवा खिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चे, गर्भवती महिलाओं के अलावे गंभीर बीमारी से पीड़ित व्यक्तियों को दवाई का सेवन नहीं करना है। मौके पर बीएएम सुगदा मुर्मू, उत्तम कुमार मल्लिक, रविन्द्र कुमार दास, विप्लव दत्त, गोपाल गोराई समेत मुखिया, आंगनवाड़ी सेविका, सहिया एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

हरि साधना आश्रम में अंतिम दिन हुआ रामचरित मानस पाठ व बाउल संगीत

प्रभात मंत्र संवाददाता

पटमदा : पटमदा के दगड़ीगोड़ा गांव स्थित श्री श्री हरि साधना आश्रम में तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के अंतिम दिन सोमवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। अंतिम दिन पटमदा उत्तरी के जिला पार्षद खगेन चंद्र महतो व उनकी धर्मपत्नी बिंदु वाला महतो भी शामिल हुए और मंदिर में मत्था टेक कर क्षेत्र की खुशहाली हेतु प्रार्थना की। इस दौरान जिला पार्षद खगेन चंद्र महतो ने अगले वित्तीय वर्ष में श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु जिला परिषद फंड की योजना से आश्रम परिसर में एक टीना शेड निर्माण कराने की घोषणा की। इस दौरान

उन्होंने मंदिर में प्रसाद भी ग्रहण किया। आश्रम के मुख्य संचालक शंभु दास बाबाजी ने बताया कि अंतिम दिन भोगराग एवं पश्चिम बंगाल के नदिया जिला से आए हुए गुरुपद दास बाबाजी के द्वारा भागवत पाठ, रामचरित मानस पाठ एवं बांकुड़ा व मेदनीपुर जिले से आए कलाकारों द्वारा बाउल संगीत प्रस्तुत की गई। थाना प्रभारी कमलपुर दीपक कुमार ठाकुर के हाथों 200 साधु संतों के बीच कंबलों का वितरण किया गया। मौके पर भाजपा नेता कृपासिंधु महतो, अजीत दास, गुणधर घोषाल, प्रेमानंद दास वैरागी आदि मौजूद थे।

विचार प्रवाह

संपादकीय

आओ एक दीया जलाएं

आर्थिकी और विकास के गठजोड़ पर हिमाचल की सूरत सुधारने का एक बड़ा ख्वाब 'हिमाचल-2045 संगोष्ठी श्रृंखला' लेकर आ रही है। मनमोहन सिंह हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासनिक संस्थान (एमएसएचआईपीए) के तत्वावधान में होने जा रही तीन दिवसीय संगोष्ठी में नीति दस्तावेज तैयार होगा। हिमाचल में थिंक टैंक की परिभाषा के प्रशासनिक स्वरूप को संवारने के लिए कुछ राष्ट्रीय हस्तियों को आमंत्रित किया जा रहा है ताकि चर्चाओं के दौर में विकास का ग्रंथ लिखा जा सके। हिमाचल के ढर्रे को बदलने के लिए किश्तियां तो मिल जाएंगी, मगर दरिया में तैर चुके लोगों को पतवार थमाएं तो जानें। यानी प्रदेश की हकीकत का वर्तमान, जिन लोगों की साझी विरासत है, उनसे भी पूछा जाए कि टापू कहां है। हिमाचल के भविष्य में पर्यावरण चेतना, एक लाजिमी चरित्र है, लेकिन हमारी वकालत की जमीन पर जंगल खड़ा है। एक प्रदेश जिससे सत्तर फीसदी जमीन पर्यावरण के नाम पर छीन ली गई हो, उसके विकास, निजी निवेश, भविष्य के अधिकार, खेतीबाड़ी, बागबानी, उद्योग, बाजार, शहरी विकास, अधोसंरचना निर्माण और आवासीय सुविधाओं के लिए तीस फीसदी भूमि पर निर्वहन करना अति कठिन है। हिमाचल की भौगोलिक स्थिति का महज विकास से उत्थान नहीं होगा, यहां सामाजिक चरित्र और राजनीतिक परिदृश्य को बदलना पड़ेगा। हिमाचल ने विकास की चादर से पांव बाहर निकाले, तो कुछ ऐसा ढांचा बन गया जिसे ढोना मुश्किल है। दरअसल राष्ट्रीय नीतियों में पर्वत की पीड़ा ही दर्ज नहीं हुई। यह इसलिए कि पर्वतीय विकास मंत्रालय जैसा कोई स्वतंत्र विभाग नहीं बना। जम्मू-कश्मीर से अरुणाचल प्रदेश के पर्वतीय परिवेश तक को समझने के लिए अगर राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के संदर्भ दिखाई देते, तो हर योजना का महत्त्व बढ़ जाता। मसलन पर्वतीय विकास के मानदंड पूरी तरह मैदानों से भिन्न और लागत में अधिक हैं। इसलिए यहां अलग तकनीक, पर्यावरण मैत्री विकास तथा जनसमस्याओं के समाधान की अलग दृष्टि चाहिए। अगर शिमला की ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू करने के लिए रोपवे परियोजना अब कहीं जाकर आकार ले रही है, तो इसी तरह की रूपरेखा में कितने ही अन्य शहर भी कदमताल कर सकते हैं। वाजपेयी सरकार ने हिमाचल को औद्योगिक पैकेज देकर इस राज्य को फार्मा हब की रूपरेखा में सुसज्जित कर दिया, तो राष्ट्र को पर्वतीय राज्यों के लिए सॉफ्ट प्रोफेशन, कनेक्टिविटी, पर्यावरण, जल एवं जलवायु पैकेजों के तहत चिन्हित करना होगा। हमारा विकास कंक्रीट का पहाड़ खड़ा करना तो नहीं है, फिर भी हिमाचल को पर्यटन, सांस्कृतिक, सूचना-प्रौद्योगिकी, खेल-साहसिक खेल, ट्राइबल, जैव विविधता, वन तथा जल राज्य का दर्जा मिलना चाहिए। देश स्वीकार करे कि पानी, जलवायु, मौसम-चक्र और वनों के मार्फत हिमाचल जैसे पर्वतीय राज्यों का राष्ट्रीय सम्मान होना चाहिए। बड़ी बांध परियोजनाओं के डूब क्षेत्र में उजड़े हिमाचली आज भी विस्थापन के मरुस्थल से लड़ रहे हैं। ऐसा नहीं है कि हिमाचल की अपनी आर्थिक क्षमता नहीं है। देश भर के प्रवासी मजदूर, रेहड़ी-फड़ी, फेरीवाले तथा व्यापारी अगर यहां से कमाकर घर को पाल रहे हैं, तो हम ऐसी क्षमता के अनुरूप रोजगार की परवरिश नहीं कर पाए। दूसरी ओर पढ़ाई के जिस स्रोत से बच्चों ने डिग्रियां प्राप्त कीं, उसे संवारने का रोजगार राज्य में पैदा नहीं हुआ। अगर आधा दर्जन आईटी पार्क स्थापित कर लिए होते, तो रोजगार के साथ-साथ हमारी शहरी आर्थिकी को चार चांद लग जाते। आज भी हिमाचल का शहरीकरण रोजगार पैदा कर रहा है। रिटेल मार्केटिंग, ऑनलाइन मार्केटिंग और पर्यटन मार्केटिंग से ही निजी क्षेत्र में रोजगार बढ़ रहा है। ऐसे में इन क्षेत्रों के साथ-साथ निजी निवेश को प्रेरित करना होगा। हिमाचल के हर शहर के चारों छोर पर वन विभाग से बड़े-बड़े मैदानों के विकास की अनापत्ति चाहिए।

हिमाचल में थिंक टैंक की परिभाषा के प्रशासनिक स्वरूप को संवारने के लिए कुछ राष्ट्रीय हस्तियों को आमंत्रित किया जा रहा है ताकि चर्चाओं के दौर में विकास का ग्रंथ लिखा जा सके। हिमाचल के ढर्रे को बदलने के लिए किश्तियां तो मिल जाएंगी, मगर दरिया में तैर चुके लोगों को पतवार थमाएं तो जानें। यानी प्रदेश की हकीकत का वर्तमान, जिन लोगों की साझी विरासत है, उनसे भी पूछा जाए कि टापू कहां है। हिमाचल के भविष्य में पर्यावरण चेतना, एक लाजिमी चरित्र है, लेकिन हमारी वकालत की जमीन पर जंगल खड़ा है। एक प्रदेश जिससे सत्तर फीसदी जमीन पर्यावरण के नाम पर छीन ली गई हो, उसके विकास, निजी निवेश, भविष्य के अधिकार, खेतीबाड़ी, बागबानी, उद्योग, बाजार, शहरी विकास, अधोसंरचना निर्माण और आवासीय सुविधाओं के लिए तीस फीसदी भूमि पर निर्वहन करना अति कठिन है। हिमाचल की भौगोलिक स्थिति का महज विकास से उत्थान नहीं होगा, यहां सामाजिक चरित्र और राजनीतिक परिदृश्य को बदलना पड़ेगा। हिमाचल ने विकास की चादर से पांव बाहर निकाले, तो कुछ ऐसा ढांचा बन गया जिसे ढोना मुश्किल है।

चुनाव परिणाम के बारे में अध्ययन किया जाए तो यह ध्यान में आता है कि आम आदमी पार्टी का सबसे ज्यादा नुकसान कांग्रेस ने किया है

आम आदमी पार्टी की हार, भाजपा की सरकार

सुरेश हिंदुस्तानी

अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी को ऐसी ही सफलता मिली, जिसे संभालने का राजनीतिक अनुभव उनके पास नहीं था। लोक लुभावन वादे एक निश्चित अवधि तक ही सुख का अनुभव करा सकते हैं, वह लम्बे समय तक सफलता का आधार नहीं बन सकता। दिल्ली के विधानसभा चुनाव में लगभग यही दिखाई दिया। केजरीवाल को बिना लम्बे परिश्रम के सत्ता मिल गई, जिसे वे स्थायित्व नहीं दे सके। वे खुद भी चुनाव हार गए और उनके बाद आम आदमी पार्टी में दूसरे नंबर पर आने वाले नेता मनीष सिसोदिया को भी पराजय का सामना करना पड़ा। दिल्ली राज्य में विधानसभा की तस्वीर लगभग साफ हो चुकी है।

कहा जाता है कि जिसको जल्दी सफलता मिलती है, वह उस सफलता को यथावत नहीं रख सकता। जिसको संघर्ष के बाद सफलता मिलती है, वह स्थायित्व को प्राप्त कर सकती है, क्योंकि संघर्ष करने से अनुभव आता है। अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी को ऐसी ही सफलता मिली, जिसे संभालने का राजनीतिक अनुभव उनके पास नहीं था। लोक लुभावन वादे एक निश्चित अवधि तक ही सुख का अनुभव करा सकते हैं, वह लम्बे समय तक सफलता का आधार नहीं बन सकता। दिल्ली के विधानसभा चुनाव में लगभग यही दिखाई दिया। केजरीवाल को बिना लम्बे परिश्रम के सत्ता मिल गई, जिसे वे स्थायित्व नहीं दे सके। वे खुद भी चुनाव हार गए और उनके बाद आम आदमी पार्टी में दूसरे नंबर पर आने वाले नेता मनीष सिसोदिया को भी पराजय का सामना करना पड़ा। दिल्ली राज्य में विधानसभा की तस्वीर लगभग साफ हो चुकी है। इसमें अब तक अपने आपको अपराजेय मान रही आम आदमी पार्टी को बहुत बड़ी निराशा हाथ लगी है। भारतीय जनता पार्टी ने स्पष्ट बहुमत प्राप्त करने के साथ ही सरकार बनने का रास्ता साफ कर दिया है। चुनाव परिणाम के बारे में अध्ययन किया जाए तो यह ध्यान में आता है कि आम आदमी पार्टी का सबसे ज्यादा नुकसान कांग्रेस ने किया है। इससे विपक्ष का वोट विभाजित हो गया। इसका आशय यह भी है कि पिछले चुनाव में आम आदमी पार्टी को जो आशातीत समर्थन मिला, वह समर्थन केवल आम आदमी पार्टी और उसके नेताओं के प्रति पूरा समर्थन नहीं था। कहा जाता है कि पिछले चुनाव में अगर कांग्रेस का अंदरूनी समर्थन नहीं होता तो आम आदमी पार्टी राजनीतिक आकाश में चमक नहीं बिखेर सकती थी। इस पर एक बात कहना बहुत ही आवश्यक है कि जो दूसरों की शक्ति से चमकते हैं, उनकी चमक लम्बे समय तक नहीं रहती। केजरीवाल की आम आदमी पार्टी की चमक ऐसी ही थी। जहां तक पंजाब में सरकार बनाने की बात है तो यही कहना समुचित होगा कि वहां चुनाव के समय दिल्ली की योजनाओं को प्रचारित किया गया, जिसका राजनीतिक लाभ आम आदमी पार्टी को मिला। दिल्ली के विधानसभा चुनाव परिणाम का अध्ययन किया जाए तो यही परिलक्षित होता है कि इस बार अरविन्द केजरीवाल ने कांग्रेस को आईना दिखाने के प्रयास में अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारने का ही काम किया है। अगर

अरविन्द केजरीवाल कांग्रेस की बात मानकर गठबंधन कर लेते तो चुनाव परिणाम की तस्वीर कुछ और ही होती, लेकिन अरविन्द केजरीवाल का अहंकार ही उनको ले डूबा। हम जानते हैं कि एक बार आम आदमी पार्टी के नेता अरविन्द केजरीवाल ने सार्वजनिक तौर पर कहा था कि "मोदी जी दिल्ली में आम आदमी पार्टी को इस जन्म में तो आप हरा नहीं सकते"। ऐसी भाषा को सुनकर यही लगता है कि केजरीवाल को अहंकार हो गया था। दूसरी बड़ी बात यह है कि उन पर भ्रष्टाचार के बड़े आरोप लगे थे, इन सब आरोपों पर उन्होंने हमेशा भाजपा पर निशाना साधने का काम किया। जबकि यह सारा काम जांच एजेंसियों और सर्वोच्च न्यायालय ने किया। अरविन्द केजरीवाल को जेल भेजने का निर्णय सर्वोच्च न्यायालय का था, लेकिन उनका आरोप भाजपा पर था। दिल्ली की जनता ने केजरीवाल की इस बात को झूंठ ही माना। आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल इस तथ्य को भूल गए कि भारतीय जनता पार्टी का भी दिल्ली में व्यापक राजनीतिक प्रभाव है। लोकसभा के चुनाव में भाजपा को दिल्ली की सभी सीट प्राप्त होना, इसको प्रमाणित भी करता है। विधानसभा में भाजपा को भले ही कम सफलता मिली हो, लेकिन इससे भाजपा के राजनीतिक प्रभाव को नकारा नहीं जा सकता। बड़ी बात यह भी है कि भाजपा ने भी इस चुनाव को आम आदमी पार्टी की तर्ज पर ही लड़ा। भाजपा ने लोहे को लोहे से काटने की रणनीति पर काम किया, जिसमें भाजपा ने बाजी मार ली। दिल्ली के चुनाव में इस बार जिस प्रकार से आधुनिक संचार तकनीक का प्रयोग किया गया, उसने भी केजरीवाल की कथनी और करनी की भिन्नता को ही उजागर किया। केजरीवाल एक बात पर टिके दिखाई नहीं दिए। वे कभी कुछ तो कभी उसके विपरीत दिखाई दिए। यमुना साफ करने के नाम पर बार बार वादे करना आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल के लिए भारी पड़ गया। यह बात सही है कि वादे करना सरल है, उनको पूरा करना उतना ही कठिन है। केजरीवाल जो वादे कर रहे थे, वे वही वादे थे, जो उन्होंने दस वर्ष पूर्व किए थे। उनमें से कई बड़े वादे अब तक पूरे नहीं किए जा सके। सबसे बड़ा वादा यमुना साफ करने का ही था। इसके अलावा भ्रष्टाचार समाप्त करने के नाम पर गठित आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल खुद ही भ्रष्टाचार के आरोप में जेल की हवा खा चुके थे। हद तो तब हो गई, ज़ब वे अपनी सरकार को जेल से ही चलाने लगे। उधर उनको ज़मानत मिलने पर सर्वोच्च न्यायालय ने यह स्पष्ट निर्देश दिया कि केजरीवाल न तो मुख्यमंत्री कार्यालय में जा सकते हैं और न ही किसी फ़ाइल पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। केजरीवाल अभी भी आरोपी हैं, इसलिए उनका मुख्यमंत्री बनना असंभव ही था, क्योंकि अगर वे चुनाव जीतते तो बिना काम के मुख्यमंत्री ही रहते। ये सब भ्रष्टाचार के आरोप के कारण ही हुआ। वहीं दूसरी तरफ केजरीवाल के राजनीतिक गुरु के रूप प्रचारित समाजसेवी अण्णा हजारे इस चुनाव में केजरीवाल से रूठे से दिखाई दिए। इसको केजरीवाल के विरोधियों ने एक राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया, जो सही निशाने पर जाकर लगा है। दिल्ली चुनाव के बारे में मतदान के बाद किए गए सर्वेक्षण परिणाम को पुष्ट करते दिखाई दे रहे हैं। हालांकि सर्वेक्षण कई बार गलत भी साबित हुए हैं, लेकिन इस बार का सर्वेक्षण सटीक होकर वही तस्वीर दिखा रहे हैं, जो उन्होंने देखा। इससे ऐसा लगता है कि अरविन्द केजरीवाल की आम आदमी पार्टी अपना स्वयं का परीक्षण करने में चूक गए। उनको लगता ही नहीं था कि उनकी पार्टी सत्ता से बाहर भी हो सकती है। आम आदमी पार्टी के सत्ता से बाहर होने के बारे में यह भी कहा जा रहा आम आदमी पार्टी को दूसरों ने कम उनके अपनों ने ही पराजित किया है। आम आदमी पार्टी के कई बड़े नेता इस बात से नाराज थे कि आतिशी मार्लेना को मुख्यमंत्री क्यों बनाया। जबकि आम आदमी पार्टी में इस पद के लिए कई दावेदार थे। अतः यह स्वाभाविक थी जो नेता राजनीतिक आकांक्षा को लेकर कार्य कर रहे थे, उनके सपनों पर पानी फिर गया।

दृष्टि कोण

आसान जिंदगी की चाहत और डिपोर्ट होना

बहुत बे-आबरू होकर तिरे कूचे से हम निकले...गालिब के इस शेर से उन डिपोर्ट किए गए भारतीयों का दर्द समझा जा सकता है जिन्हें अमरीका से भारत वापस भेजा गया है। अमरीका से निर्वासित किए गए 100 से ज्यादा भारतीय प्रवासियों को लेकर अमरीकी सैन्य विमान सी-17 ग्लोबमास्टर से वापस भारत भेजा गया है। इनमें 104 भारतीय शामिल हैं जिनमें 72 पुरुष, 19 महिलाएं और 13 बच्चे हैं। अमरीका में करीब 18 हजार प्रवासी भारतीय अवैध रूप से रह रहे हैं। इन्हें भी वापस भारत भेजा जाएगा। डंकी मार कर अमरीका तक पहुंचे प्रवासी भारतीयों का काफी कुछ लुट गया। इनके लाखों रुपए बर्बाद हो गए और अमरीका में बसने के सपने भी टूट गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बातचीत में डोनाल्ड ट्रंप ने अवैध आप्रवासन का मुद्दा उठाया था। अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बातचीत के दौरान अमरीका में रह रहे अवैध भारतीय आप्रवासियों को लेकर चिंता जताई थी। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि हमें उम्मीद है कि बिना दस्तावेज के अमरीका में रह रहे भारतीयों के संबंध में जो सही होगा, भारत वो कदम उठाएगा। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा था कि भारत अवैध प्रवासन का समर्थन कतई नहीं करता। अवैध प्रवासन कई अवैध गतिविधियों से जुड़ा रहता है। यह हमारी प्रतिष्ठा के लिए ठीक नहीं है। जयशंकर ने कहा था कि अगर हमारा कोई नागरिक अमरीका में अवैध रूप से रहता हुआ पाया जाता है और उसका भारत का नागरिक होना पाया जाता है तो हम उसे कानूनी रूप से भारत वापस लाने की प्रक्रिया के लिए तैयार हैं। बीते कुछ दिनों से अमरीका दुनिया भर के देशों से आए और अमरीका में रह रहे अवैध प्रवासियों को उनके देश भेजने की कार्रवाई कर रहा है। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाले हैं अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सबसे कठोर आप्रवासन नीति के मास्टरमाइंड स्टीफन मिलर। ट्रंप ने अपना दूसरा कार्यकाल जिस दिन संभाला, उसी दिन उन्होंने जिन कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर किए, उन पर मिलर के हस्ताक्षर पहले से मौजूद थे। इन आदेशों में थे- जन्मसिद्ध नागरिकता को खत्म करना और दक्षिणी सीमा पर राष्ट्रीय इमरजेंसी घोषित करना। नीतिगत मामलों के डिप्टी डायरेक्टर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के रूप में मिलर ने ट्रंप के आप्रवासन एजेंडे को लागू करने के लिए कई कार्यकारी आदेशों का मसौदा तैयार करने की अगुवाई की। इसमें अवैध प्रवासियों के आने पर रोक और अमरीकी धरती पर पहले से मौजूद रहने वालों को प्रत्यर्पित करने का वादा किया गया है। इन आदेशों में से एक है जन्म आधारित नागरिकता को खत्म करना। यह एक ऐसा कदम है जो अमरीकी संविधान के 14वें संशोधन में गारंटी दिए गए ऐतिहासिक अधिकार को नकारता है और इसे कोर्ट में चुनौती भी दी गई है। स्टीफन मिलर ट्रंपिज्म की सबसे कट्टर नीतियों के वास्तुकार ही नहीं हैं, बल्कि एक रणनीतिकार भी हैं, जिन्होंने इन्हें असरदार तरीके से लागू करने के दांवपेंच में महारत हासिल कर ली है। ऐसा बहुत कम होता है कि अमरीका में रह रहे अवैध आप्रवासियों को वापस उनके देश भेजने के काम में सेना को लगाया जाए, लेकिन ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में प्रवासियों को भेजने के मिशन में सेना का इस्तेमाल किया जा रहा है। दरअसल अमरीका में बसना एक ऐसा सपना है जिसे ज्यादातर लोग हकीकत में बदलना चाहते हैं, खासतौर पर अमरीकी जीवन शैली और सुविधाएं सभी को आकर्षित करती हैं। आकर्षण का यही जाल मुसीबत का सौदा साबित होता है। जब वैध तरीके से अमरीका में प्रवेश नहीं मिलता तो डंकी रास्ते से घुसने की कोशिश की जाती है। बेरोजगारी की समस्या और खूब धन कमाकर अच्छी जिंदगी जीने की चाह कई भारतीय युवाओं को विदेश जाकर रोजगार तलाशने के लिए प्रेरित करती है। आंकड़े बताते हैं कि डंकी रूट से भारत से अमरीका जाने वालों की संख्या काफी है। विदेश जाकर बहुत सारा धन कमाने का सपना देखने वाले हजारों लोग हर साल डंकी रूट से अमरीका जाने का जोखिम उठाते हैं। डंकी रूट एक ऐसा जोखिम है जिसमें हर कदम पर परेशानी ही परेशानी है और कई बार मौत का भी सामना करना पड़ता है। अमरीकी सीमा पार करने के लिए लोगों को कई महीनों तक लंबी यात्रा करनी पड़ती है। मानव तस्कर इस रूट में संचालक की भूमिका में होते हैं, जो अवैध रूप से देशों की सीमाएं लांघने में मदद के बदले लोगों से अच्छी खासी रकम लेते हैं। कई बार यह रकम 50 से 85 लाख रुपए तक होती है। अमरीका में डॉलर में धन कमाकर भारत पैसा भेजने वाले लोगों के घर अलग से पहचाने जाते हैं। कई परिवारों के लिए उनके किसी सदस्य का अमरीका में होना स्टेटस माना जाता है।

कुछ अलग

सरकार का स्टैंड

एक सरकार होती है और एक सरकार का स्टैंड होता है। जब सरकार स्टैंड लेती है तो पब्लिक को पता चलता है कि वाकई ही सरकार नाम की कोई चीज है जिसने स्टैंड लिया है। अगर सरकार स्टैंड नहीं लेती तो पब्लिक को कंफ्यूजन हो जाती है कि वाकई कोई सरकार है भी या नहीं या फिर सब कुछ रामभरोसे ही चल रहा है। लोकतंत्र में सरकार का स्टैंड लेना बहुत जरूरी है। स्टैंड लेते रहने से सरकार की थकी हुई मांसपेशियों में रक्त का संचार थोड़ा तेज हो जाता है। सरकार दिखने लगती है। सरकार का दिखना बहुत महत्वपूर्ण है। और सरकार तब दिखती है जब वह स्टैंड लेती है। सरकार का स्टैंड लेना भी एक कला है। इसे साधारण लोग समझ नहीं सकते। स्टैंड कभी सडक़ों पर लिया जाता है, कभी संसद में, तो कभी मीडिया में बयान देकर। कभी-कभी सरकार का स्टैंड इतना परिपक्व होता है कि विपक्ष भी भ्रमित हो जाता है कि इस स्टैंड का विरोध कैसे किया जाए। सरकार कहती है, 'हमने किसानों के लिए स्टैंड लिया', लेकिन किसान कहते हैं, 'यह स्टैंड हमारे खिलाफ क्यों लग रहा है?' सरकार के स्टैंड का गहराई से अध्ययन किया जाए तो पता चलता है कि यह फेविकोल के जोड़ से भी मजबूत होता है। चाहे जनता लाख प्रदर्शन कर ले, चाहे संसद ठप हो जाए, सरकार का स्टैंड चट्टान की तरह अडिग रहता है। सरकार का स्टैंड लेना सिर्फ एक निर्णय नहीं, बल्कि एक तरह का जादू है। यह जादू ऐसा है कि कभी-कभी जनता इसे समझने के लिए तर्क-वितर्क में उलझ जाती है। सरकार महंगाई बढ़ा देती है, और कहती है, 'हमने देश के विकास के लिए स्टैंड लिया।' जनता यह समझने में उलझ जाती है कि विकास महंगाई के बिना क्यों नहीं हो सकता? सरकार के स्टैंड की तरह सरकार के भीतर बैठे नेता भी अपने-अपने स्टैंड रखते हैं। एक नेता कहता है, 'हम गरीबों के लिए काम कर रहे हैं', लेकिन गरीब सोचता है, 'यह काम हमें और गरीब बनाने का है या अमीरों को और अमीर बनाने का?' दूसरे नेता कहते हैं, 'हम रोजगार ला रहे हैं', लेकिन युवाओं को सिर्फ वादों का रोजगार मिलता है। इन सबके बीच पब्लिक हमेशा यह देखती रहती है कि सरकार का अगला स्टैंड क्या होगा। यह जानना पब्लिक के लिए उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना सुबह उठकर यह जानना कि दूध वाला आएगा या नहीं। पब्लिक की समस्याएं महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी होती हैं, लेकिन सरकार का स्टैंड इन समस्याओं से इतर होता है। सरकार कहती है, 'हम डिजिटल इंडिया बना रहे हैं', जबकि पब्लिक कहती है, 'पहले गांव में बिजली तो लाओ।' सरकार का स्टैंड गिरगिट की तरह रंग बदलने में माहिर होता है। जब विपक्ष सरकार को घेरता है, तो सरकार कहती है, 'हमने सही स्टैंड लिया है।' जब जनता विरोध करती है, तो सरकार अपने स्टैंड को 'जनहितकारी' बता देती है। स्टैंड के बिना सरकार की पहचान अधूरी रहती है। सरकार के स्टैंड का तकनीकी पक्ष भी है। जब सरकार कोई बिल पास करती है, तो वह इसे 'देश हित' का स्टैंड बताती है। जब यह बिल वापस लिया जाता है, तो इसे 'जन हित' का स्टैंड कहा जाता है। ऐसे में जनता समझ नहीं पाती कि असली स्टैंड क्या है। सरकार का स्टैंड लेना सिर्फ एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा है। यह स्टैंड जनता के लिए हो या न हो, लेकिन सरकार के अस्तित्व के लिए जरूरी है।

देश दुनीया से

जनता क्यों वंचित है वनाधिकारों से?

हिमाचल प्रदेश में सरकारें वन अधिकार कानून 2006 को लागू करने के मामले में काफी दुविधा में रही हैं और जो कानून 2008 में अधिसूचित हो गया, उसे लागू करने की प्रक्रिया 2012 में शुरू कर पाई। पहले तो सरकार यह कहती रही कि यह कानून हिमाचल में लागू ही नहीं होता। फिर कई सामाजिक संस्थाओं ने इसके बारे में केंद्र सरकार से स्पष्टता के लिए आग्रह किया और वहां से निर्देश प्राप्त करने के बाद सरकार कानून को लागू करने के लिए तैयार हुई, किन्तु केवल जनजातीय क्षेत्रों के लिए। फिर कानून से संबंधित अन्य परंपरागत वनवासी शब्द पर जानकारी केंद्र सरकार से प्राप्त करके हिमाचल सरकार से आग्रह किया गया कि पूरा हिमाचल अन्य परंपरागत वनवासी की श्रेणी में आता है और यहां के वासी अपनी आजीविका के लिए वनों पर निर्भर करते हैं। तब जाकर गैर जनजातीय क्षेत्रों में भी सरकार ने कानून को लागू करने का काम शुरू करने की घोषणा की। किन्तु इसकी प्रक्रिया का पहला कदम, वन अधिकार समितियों का राजस्व मुहल स्तर पर गठन करके प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए कुछ नहीं किया। कुछ एक स्वयंसेवी संस्थाओं ने दावे भरने की जटिल प्रक्रिया को कुछ क्षेत्रों में वन अधिकार समितियों को सिखा कर काम आगे बढ़ाने का जिम्मा उठाया ताकि यह प्रक्रिया प्रदर्शित करने और अन्य वन अधिकार समितियों तक सरकार को प्रशिक्षण कार्य आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया जा सके और जहां जरूरी हो वहां सहयोग भी दिया जा सके। किन्तु सरकार इस दिशा में कुछ भी करने से बचती रही, जैसे कि इस कानून को लागू करना स्वयंसेवी संस्थओं की ही जिम्मेदारी हो। इस कानून के तहत ब्रिटिशकालीन वन कानूनों द्वारा ऐतिहासिक शोषण की बात स्वीकार की गई और उसे दुरुस्त करने का प्रयास करने की बात कही गई। इस कानून के तहत वनों पर निर्भर जनजातीय और अन्य परंपरागत वनवासी समुदायों को मुख्यतः तीन तरह के अधिकार देने की बात कही गई। एक, जनवरी 2005 से पहले यदि कोई वनवासी वन भूमि पर अपनी आजीविका के लिए खेती कर रहा है, या आवास और पशुशाला बना कर वन भूमि का प्रयोग कर रहा है तो उस भूमि पर उसे प्रयोग का अधिकार देना। दूसरा, वन भूमि से जिन बरतनदारी अधिकारों का उपयोग अपनी आजीविका जरूरतों के लिए कर रहा है, उनको कानूनी मान्यता देना। और तीसरा बरतनदारी वाले वनों में प्रबंधन में भूमिका देना। इसके अतिरिक्त स्थनीय जरूरतों के तेरह कामों के लिए एक हेक्टेयर तक वन भूमि के उपयोग को बदलने की सहमति और संस्तुति देकर वन मंडलाधिकारी के स्तर पर ही वन भूमि के प्रयोग में बदलाव करवा लेना, ताकि स्थानीय विकास कार्यों के लिए वन संरक्षण अधिनियम 1980 की लंबी प्रक्रिया से बचा जा सके, जिसके अंतर्गत वनभूमि के उपयोग में बदलाव की स्वीकृति केंद्र सरकार के स्तर पर वन एवं पर्यावरण मंत्रालय से लेनी पड़ती है जो बहुत ही कठिन प्रक्रिया से गुजरने के बाद ही संभव हो पाता है। इतने जनहित के लिए उपयोगी प्रावधानों और हिमाचल जैसे पहाड़ी प्रदेश के लिए जरूरी प्रावधानों वाले कानून को लागू करने में सरकार लंबे समय तक निष्क्रियप्रायः ही बनी रही। आज दिन तक कुछ दावे जनजातीय क्षेत्र में ही स्वीकृत हो सके हैं और अन्य परंपरागत क्षेत्रों के मामूली दावों को ही स्वीकृति मिली है, जिनकी संख्या उंगलियों पर गिनी जा सकती है, जबकि यह काम तो दो-ढाई लाख परिवारों से संबंधित है। जो भी प्रगति हुई है, उसमें भी दावे भरवाने का काम स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा किया गया है। असल में इस कानून को लागू करवाने की जिम्मेदारी किसकी है? क्या सरकार इस जिम्मेदारी से बच सकती है? अगर नहीं तो सरकार को तत्काल इस दिशा में युद्ध स्तर पर कार्य शुरू करना चाहिए। पूरे प्रदेश में इस काम को करने की सामर्थ्य सरकार के सिवा किसी के पास नहीं हो सकती। इस कानून के लिए दावे प्रपत्र भर कर वन अधिकार समिति के माध्यम से दावे उपमंडल स्तरीय समिति के पास जाएंगे, वहां से पारित होकर जिला स्तरीय समिति के पास जाएंगे, जहां दावों की सत्यता की जांच करके उन्हें मंजूर किया जाएगा। दावे प्रपत्र भरने की प्रक्रिया भी काफी तकनीकी है जो उचित प्रशिक्षण के बिना संभव नहीं है। जब इस सारी प्रक्रिया और कानून के प्रावधानों का लोगों को कानों-कान पता ही नहीं हो तो कैसे उम्मीद की जा सकती है कि दावे भरे जाएंगे। इस कमी का फायदा उठा कर कुछ जगहों पर पंचायत सचिवों से यह प्रमाणपत्र लेने के भी प्रयास किए गए हैं कि कोई भी दावा प्राप्त नहीं हुआ। जब तक बताया ही नहीं गया, तब तक दावे भरने कौन आ सकता था। इन तमाम खेलों से लगता है कि सरकारें इस कानून को टालमटोल से लटका कर निपटा देना चाहती हैं। इस पर जो सबसे चिंता की बात हुई, वह है माननीय उच्च न्यायालय द्वारा तमाम अवैध कब्जों को सख्ती से बेदखल करने के आदेश। हैरानी की बात है कि ये आदेश वन अधिकार कानून पास होने के पहले के कानूनों के आधार पर दिए गए हैं और प्रदेश सरकार ने वन अधिकार कानून की बात तक न्यायालय में नहीं रखी, जिसमें स्पष्ट प्रावधान है कि जब तक वन अधिकार कानून के दावों का निपटारा नहीं हो जाता, तब तक किसी को भी अवैध कब्जाधारक बता कर बेदखल नहीं किया जा सकता। हम हिमाचल सरकार से यह आग्रह करते हैं कि माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष यह तथ्य रखे ताकि न्यायालय इस तथ्य का संज्ञान ले सके और पूरे प्रदेश में युद्ध स्तर पर दावे भरवाने का कार्य शुरू करे। यह हिमाचल जैसे पर्वतीय राज्य के लिए कितना जरूरी है, यह इसी बात से समझा जा सकता है कि यहां केवल 9-10 प्रतिशत ही कृषि भूमि है, जिस पर इतनी बड़ी आबादी का गुजर-बसर हो पाना संभव नहीं है। इसी कारण लोगों को मजबूरी में कुछ वन भूमि पर अपनी निर्भरता बनानी पड़ी है। वैसे भी प्रदेश में राजस्व भूमि का प्रावधान इसीलिए किया गया था कि बढ़ती आबादी और विकास की जरूरतों के लिए भूमि उपलब्ध की जा सके। हिमालय में पर्यावरण की दृष्टि से वनों का प्रबंधन करने की जरूरत है।

आप का नजरीया

अवैध प्रवासी 'आतंकी' नहीं

अमरीका ने 104 अवैध भारतीय प्रवासियों को वापस भेजा है। वायुसेना के विमान के बजाय सामान्य यात्री विमान से उन्हें भेजा जा सकता था, क्योंकि सैन्य विमान का हमारी सरजमीं पर उतरना देश की संप्रभुता के खिलाफ है। भारत सरकार ने यह समझौता क्यों किया? अमरीका में अवैध भारतीयों की संख्या करीब 7 लाख बताई जाती है। यदि राष्ट्रपति ट्रंप का प्रशासन सभी को भारत वापस भेजना चाहेगा, तो पूरी कवायद में 10 साल लगेंगे। यह विशेषज्ञों का आकलन है। कानूनी औपचारिकताएं अलग हैं। अभी तक अमरीका में बिना वैध दस्तावेज वाले 20,407 भारतीयों को ही चिह्नित किया जा सका है। वे सभी अवैध प्रवासी हैं। वे अंतिम 'बेदखली आदेश' का इंतजार कर रहे हैं। उनमें से 17,940 भारतीय ऐसे हैं, जो बाहर में घूम-फिर रहे हैं। हालांकि कइयों के पैरों में 'डिजिटल ट्रैकर' लगाए गए हैं, लिहाजा उनकी लोकेशन पर 'इमिग्रेशन एंड कस्टम एनफोर्समेंट' (आईसीई) चौबीसों घंटे निगाह रखती है। उधर 2467 अवैध भारतीय प्रवासी 'हिरासत केंद्र' में कैद हैं। उनमें से ही 104 को भारत वापस भेजा गया है। ऐसे अवैध प्रवासियों को 2009 से ही वापस भेजा जा रहा है, लेकिन जिस तरह सैन्य विमान से हथकड़ी बांध कर और पांवों में बेडियां पहना कर इन भारतीयों को वापस लाया गया है, वह 'अमानवीय' कृत्य है और आतंकियों के साथ किए गए व्यवहार सरीखा है। अवैध प्रवासियों को उनके देश वापस छोड़ कर आना अमरीका की सरकारी नीति है, लेकिन प्रवासियों को लाते हुए ऐसा पाशविक व्यवहार क्यों किया गया? आज आम भारतीय यह सवाल पूछ रहा है और भारत-अमरीका संबंधों की सच्चाई जानना चाहता है। भारत अमरीका का मित्र-देश है, सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार है, क्या ऐसे देश के मूल नागरिकों के साथ अमानवीय व्यवहार करना उचित है? विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने राज्यसभा में वक्तव्य देकर लीपापोती की कि अब तक 15,756 अवैध भारतीय प्रवासी भारत लौटे हैं। यह सिलसिला कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार के दौरान भी जारी था और मौजूदा सरकार के कालखंड में भी लगातार हर साल ऐसे भारतीय लौटे हैं। क्या विदेश मंत्री का इतना आश्वासन ही पर्याप्त है कि भारत सरकार ट्रंप प्रशासन के लगातार संपर्क में है और आग्रह कर रहे हैं कि भारतीयों के संग ऐसा दुव्र्यवहार न हो। सवाल हथकड़ी-बेडियों वाले अमानवीय सलूक का है, जो हरेक आतंकवादी के साथ भी नहीं किया जाता। यदि कोलंबिया जैसे छोटे देश का राष्ट्रपति लाल आंखें दिखा कर अमरीकी विमान के उतरने से साफ इंकार कर सकता है, तो भारत जैसा मजबूत और विराट देश क्यों नहीं कह सका कि हम अपना विमान भेजकर ऐसे भारतीयों को वापस ले आएंगे? इस 'आंख से आंख मिलाने वाली' नीति से कूटनीति का कहां नुकसान हो रहा था? विदेश मंत्री अमरीकी दुव्र्यवहार का खंडन नहीं कर पाए और न ही संसद में निंदा कर पाए।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला अनुकम्पा समिति एवं स्थापना समिति की बैठक सम्पन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में उपायुक्त श्री रमेश घोलप की अध्यक्षता में जिला अनुकम्पा समिति एवं स्थापना की बैठक की गई। जिला अनुकम्पा समिति की बैठक में अनुकंपा समिति के सदस्यों के समक्ष विभिन्न विभागों से जुड़े कुल 12 मामलों को रखा गया। उपायुक्त ने एक-एक कर सभी अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति वाले आवेदक के आवश्यक कागजतों की जांच किया। इनमें आयु प्रमाण पत्र, शैक्षणिक प्रमाण पत्र समेत अन्य जरूरी कागजातों की गहन जांच कर पर्याप्त कागजातों वाले आवेदक को अनुकंपा के आधार पर जल्द नियुक्ति पत्र देने समेत अन्य निर्देश दिए गए। जिला अनुकम्पा से संबंधित अनुकम्पा समिति की बैठक में कुल 12 मामलों में से 3 मामलों में संबंधित विभाग में लिपिक के पद नियुक्ति की

अनुशंसा की गई। इसकें पश्चात जिला स्थापना समिति की बैठक में 81 कर्मियों को सेवा संपुष्टि का लाभ देने का निर्णय लिया गया एवं 106 कर्मियों को एसीपी/ एम ए सी पी का लाभ देने का निर्णय लिया गया। उक्त बैठकों में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय, उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, जिला परिवहन पदाधिकारी इन्द्र कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

एसडीओ सन्नी राज ने किया परीक्षा केंद्रों की जांच

विद्यालय में सफाई नहीं रहने के कारण एचएम सिद्धेश्वर सिंह को लगाया फटकार

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमरिया : प्रखण्ड मुख्यालय के बुनियादी विद्यालय में माध्यमिक और इंटर की परीक्षा केंद्र बनाने को लेकर आईएएस अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में बिखरे गंदगी पर जम कर विद्यालय मुख्य शिक्षक सिद्धेश्वर सिंह पर बिफरे। कहा कि विद्यालय जहां शिक्षा की मंदिर है वहीं मंदिर में इतनी गंदगी क्यों। यही विद्यालय से आपको रोजी रोटी चलती है और इसी विद्यालय को गंदगी और विद्यालय जीर्ण तीर्न हालत में रखा गया है। ना मरम्मती किया गया है ना अन्य सुविधाओं से सुसज्जित रखा गया है। आगे एक एक कर सभी परीक्षा रूमों की जांच किया और कई निर्देश भी दिया। आगे कहा कि परीक्षा में परीक्षार्थियों को किसी तरह लिखने और परीक्षा देने में कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए वर्ना कारवाई किया जाएगा। मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद, मो नेहाल वारसी, अजय कुमार के अलावे अन्य लोग शामिल है।

तीन दिवसीय गायत्री महायज्ञ को लेकर निकला भव्य कलश यात्रा, 251 कलश यात्री हुये शामिल

गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड में मां बागेश्वरी गायत्री धाम ट्रस्ट बाय के पांचवें स्थापना दिवस पर सोमवार से तीन दिवसीय गायत्री महा यज्ञ शुरू हुआ। इसे लेकर भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा में 251 श्रद्धालु शामिल हुए। कलश शास्त्रियों ने बलबल के महान नदी से जल भरकर पुनः बाय स्थित ट्रस्ट पहुंचे जहां यज्ञ का अनुष्ठान शुरू हुआ। ट्रस्ट के संचालक तुलेश्वर साहू ने बतलाया कि मंगलवार को चतरा सांसद कालीचरण सिंह चतरा विधायक जनार्दन पासवान सिमरिया विधायक कुमार उज्जवल दास इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

गिद्धौर कस्तूरबा विद्यालय में वर्ग 6 से 9 वर्ग लिए नामांकन शुरू : बिंदु पोद्दार

गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता): कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025 / 26 कक्षा 6 के 9 तक नामांकन के लिए आवेदन 6 फरवरी से नामांकन जारी है।विद्यालय वार्डेन बिंदु पोद्दार ने बताया कि ने नामांकन फार्म कस्तूरबा विद्यालय में निशुल्क उपलब्ध है। इक्छुक अभिभावक छात्राएं विद्यालय अवधि में फार्म प्राप्त कर दिनांक 15 फरवरी तक अनिवार्य रूप से फार्म भर कर विद्यालय में जमा करें।

आंगनबाड़ी में मची है लुट पर छूट, सेविकाओं पर छत्रछाया है सुपरवाइजर का

जो होगा देखा जायेगा कानून तो अपने हाथ में है, आंगनबाड़ी का कोई भी अनियमता का नहीं है परवाह सुपरवाइजर को

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिद्धौर : प्रखंड अंतर्गत दर्जनों आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है। जहां सेविकाएं घर बैठे आंगनबाड़ी का संचालन कर रही है। इस संबंध में सुपरवाइजर मंजू देवी से दूरभाष के माध्यम से बात किया तो कहती है की जिस आंगनबाड़ी केंद्र में यनियमता बर्ती जा रही है।आप लोग बताएं, तुरंत हम शोकोज करेंगे। जब कि इनके ही छत्रछाया में आंगनबाड़ी केंद्र बंद करके घर से ही सेविकाएं आंगनबाड़ी केंद्र संचालन करती है। पत्रकार के टिम द्वारा निरीक्षण में केंद्र बंद मिला।और सेविका से बात किया तो कहती है। अभी तुरंत बंद करके आए हैं। जबकि उस समय 12:00 बजे रहे थे। और आंगनबाड़ी सुबह 9:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक संचालित करना है। जबकि आंगनवाड़ी कभी खुलता ही नहीं है। ग्रामीण व अभिभावकों को कहना है। यह घटना है मंझगांवा में संचालित कोड संख्या 79 सेविका रिंकू कुमारी का वहीं दूसरी आंगनबाड़ी केंद्र कोड संख्या 140 जहां सेविका संगीता देवी है।वहां सेविका रहती है परंतु बच्चे नहीं सेविका का कहना है कि2 साल से बिना बच्चों के आंगनबाड़ी केंद्र चला रहे हैं। ग्रामीण अभिभावक के द्वारा एक भी बच्चे को नहीं भेजा जाता है। इसका कारण जानने का प्रयास किया तो सेविका घबरा गई।और इसके पीछे भी सुपरवाइजर का भरपूर छत्रछाया है।इसलिए शान से सेविका डिप्टी कर रही है।परंतु आंगनबाड़ी केंद्र में एक भी बच्चा नहीं है। विस्तार खबर इस आंगनवाड़ी से संबंधित कल भी दिया जाएगा ग्रामीणों की क्या कहना है। वह अखबार का अगले अंक में बताया जाएगा।

वार्षिक माध्यमिक व इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 के कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर डीसी व एसपी ने किया संयुक्त बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त श्री रमेश घोलप एवं पुलिस अधीक्षक श्री विकास कुमार पांडेय द्वारा वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 के कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जिले के वरीय अधिकारियों एवं प्रतिनियुक्त किए गए पदाधिकारियों/कर्मियों के साथ संयुक्त ब्रीफिंग किया गया। उपायुक्त ने कहा कि स्वच्छ वातावरण में निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। औचक निरीक्षण के दौरान कदाचार करते यदि कोई परीक्षार्थी पकड़े गये, तो सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा परीक्षा के लिए प्रतिनियुक्त स्टैटिक एवं पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट विभागीय निर्देशों के अनुरूप कदाचार मुक्त ढंग से परीक्षा का संचालन

सुनिश्चित कराएंगे। आगे कहा केंद्राधीक्षकों को अपने-अपने परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापित कराने व उनकी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने, परीक्षार्थियों के लिए पेयजल की व्यवस्था, कमरे में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था, परीक्षार्थियों के लिए शौचालय व अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों में समय पर प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिका पहुंचाने हेतु सभी तैयारी पूर्व में ही पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया।जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा ने बताया प्रथम पाली में माध्यमिक व द्वितीय पाली में इंटर की परीक्षा- माध्यमिक परीक्षा-2025 की परीक्षा पूर्वाह्न 9.45 बजे से 1.00 बजे अपराह्न तक होगी। वहीं इंटरमीडिएट परीक्षा (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य)-2025 की परीक्षा 2.00 बजे से 5.15 बजे अपराह्न तक आयोजित होगी। ज्ञात हो कि माध्यमिक परीक्षा-2025 व इंटरमीडिएट परीक्षा (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य)-2025 11 फरवरी से 03 मार्च तक आयोजित होगी।

माध्यमिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा आज, तैयारी पूर्ण

सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखण्ड मुख्यालय के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में माध्यमिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा तैयारी पूर्ण कर ली गई है। मंगलवार से परीक्षा प्रारंभ हो जाएगी। जिसे लेकर प्रशासन की ओर से सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। प्रखंड क्षेत्र के कुल 1792 छात्र परीक्षा में भाग लेंगे जबकि इंटरमीडिएट के लिए 1210 छात्र भाग लेंगे। शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न कराने को लेकर प्रखंड क्षेत्र में कुल आठ परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिसमें राज्य संपोषित उच्च विद्यालय सिमरिया, किसान उच्च विद्यालय डाडी, बुनियादी विद्यालय सिमरिया, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बगरा मोड, माध्यमिक परीक्षा के लिए केंद्र बनाए गए हैं। जबकि इंटरमीडिएट के लिए राज्य संपोषित उच्च विद्यालय सिमरिया किसान उच्च विद्यालय डाडी और सिमरिया इंटर कॉलेज सिमरिया को केंद्र बनाया गया। अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज के द्वारा परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर परिधि में धारा 144 लागू कर दिया गया है। सभी परीक्षा केंद्रों में मजिस्ट्रेट और पुलिस बल तैनात रहेंगे। मालूम हो कि परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी के माध्यम से भी निगरानी की जाएगी।

छात्रा वृद्धि श्री ने एसईसी राष्ट्रीय छात्रवृति परीक्षा में 8 वीं रैंक पर जमाया कब्जा

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरवाडीह : प्रखंड के लेदगांई में स्थित संत क्लारेट स्कूल की क्लास टू की छात्रा वृद्धि श्री ने वर्ष 2024 में आयोजित एसईसी राष्ट्रीय छत्रवृति परीक्षा में भाग ली थी जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर ग्रेड ए-8 वीं रैंक लाई है। वहीं सोमवार को स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के तहत स्कूल के फादर जॉर्ज के द्वारा वृद्धि श्री की प्रशस्ति पत्र एवं मैडल दे कर सम्मानित किया गया। बता दें कि वृद्धि श्री बरवाडीह गढ़वाटांड़ निवासी मनोज कुमार विश्वकर्मा की बेटी है, जिन्होंने अपनी मेहनत लगन और प्रतिभा का मिसाल कायम किया है और अपने स्कूल व जिले का नाम रौशन किया है।

मैट्रिक की परीक्षा के लिये जिले में 39 केंद्र, इंटरमीडिएट के लिये 25 केंद्र

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : जिले में 11 फरवरी से शुरू होने वाली मैट्रिक एवं इंटर परीक्षा की तैयारियों को लेकर उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक का आयोजन किया गया।प्रथम पाली में माध्यमिक परीक्षा-2025 की परीक्षा 9.45 बजे पूर्वाहन से 1.00 बजे अपराह्न तक और द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट परीक्षा (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य)-2025 की परीक्षा 2.00 बजे अपराह्न से 5.15 बजे अपराह्न तक होगी। जिले में मैट्रिक परीक्षा के परीक्षार्थियों की संख्या 11157 है, जबकि, इंटर परीक्षा के परीक्षार्थियों की संख्या 7350 है। जिले में मैट्रिक परीक्षा को लेकर कुल 39 केंद्र एवं इंटर परीक्षा के लिए 25 केंद्र बनाये गये हैं।बैठक में मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा को कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन एवं विधि व्यवस्था

बनाये रखने हेतु परीक्षा केंद्र पर सभी प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारियों को अपने-अपने कर्त्तव्यों का सही तरीके से निर्वहन करने का निदेश दिया गया। उपायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं बिजली, पर्याप्त रौशनी, शौचालय, पेयजल आदि की व्यवस्था हो, ताकि परीक्षार्थियों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो। परीक्षा केंद्रों में परीक्षा का संचालन सीसीटीवी की निगरानी में होगा। वहीं, प्रश्न पत्र ले जाने वाले दंडाधिकारी व पुलिस बल ससमय अपने प्रखंड के स्ट्रांग रूम से प्रश्न पत्र व उत्तर पुस्तिका लेंगे।उपायुक्त ने पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी परीक्षा केंद्रों तक समय से पूर्व परीक्षा से संबंधित सामग्री पहुंच जाए। साथ ही निष्पक्ष, कदाचारमुक्त स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण परीक्षा संचालन कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उपायुक्त ने कहा कि परीक्षा केंद्र में प्रवेश के समय प्रत्येक परीक्षार्थी की जांच ठीक से हो। परीक्षा केंद्र के अंदर कोई भी परीक्षार्थी किसी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक गजट (मोबाईल, कैलकुलेटर, स्मार्टवॉच, ब्लूटूथ आदि) न ले जाए और इसका कड़ाई से पालन किया जाए। बैठक में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ बिपिन कुमार दुबे, मैजिस्ट्रेट्स, फ्लाइंग स्क्वाड, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी जुड़े थे।

छात्र नेता ने नए सहायक विद्युत अभियंता का किया स्वागत

लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता): बिजली विभाग के सभी कर्मचारियों ने लातेहार के नवपदस्थापित सहायक विद्युत अभियंता बिरसा उराँव का स्वागत किया। इस मौके पर सभी कर्मचारियों ने उन्हें फूलों की माला और गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। समारोह में छात्र नेता कमलेश उराँव, कंप्यूटर ऑपरेटर सदाम अंसारी, अमीर खान, मनोज, धर्मेश अर्जुन, प्रेम, जितेंद्र, अबू अज़म, और विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। कर्मचारियों ने क्षेत्र में शांति बनाए रखने और ईमानदारी से कार्य करने का भरोसा दिया।

थाना प्रभारी के नेतृत्व में अवैध पोस्ता की फसल को किया गया विनिष्ट

बारियातू(प्रभात मंत्र संवाददाता): थाना क्षेत्र के नावाडीह ग्राम मे लगभग 13 एकड़ भुमि में लगे अवैध पोस्ता की खेती को थाना प्रभारी के नेतृत्व में विनष्ट किया गया। इस संबन्ध में बारियातू थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के गोनिया पंचायत अंतर्गत नावाडीह ग्राम में बिस्त्रीत क्षेत्र में पोस्ता फसल लगे होने की गुप्त सुचना मिली थी।सुचना के आधार पर एक छापामारी दल का गठन किया गया, गठित छापामारी दल द्वारा अभियान चला कर उक्त क्षेत्र में लगभग 13 एकड़ भुमि पर लगे अवैध पोस्ता के फसल को नष्ट किया गया। साथ ही कहा कि- उक्त मादक पदार्थ की खेती करने वालो को पहचान कर प्राथमिकि दर्ज किया जा रहा है। वहीं थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने सभी क्षेत्र वासियों से मादक पदार्थ यथा गांजा ,पोस्ता आदि की खेती नहीं करने की अपील की। साथ ही उन्होने ग्रामीणों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि - यदि कोई भी ग्रामीण किसी भी प्रकार का मादक पदार्थों की खेती करेंगे, उनपर कड़ी कानूनी कारवाई की जाएगी, मौके पर थाना के कई पदाधिकारी व सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे।

सॉलिड एवं लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट कार्यशाला का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

बालूमाथ : बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित होटल रोज गार्डन में सोमवार को सॉलिड एवं बधाई लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट की कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन भारतीय हरित सेवा के परियोजना निदेशक श्रीनिवासन, बालूमाथ प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव, बारियातु बीडीओ अमित कुमार बालूमाथ मुखिया नरेश लोहरा समेत कई जनप्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर प्रोजेक्टर के माध्यम से श्रीनिवासन के द्वारा अवांछित ठोस और तरल पदार्थ के उपचार और पुनर्चक्रण के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला गया।उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि लातेहार जिला को शून्य अपशिष्ट बनाने और भविष्य में पर्यावरण प्रशिक्षकों का निर्माण करने की दिशा में काम करना है। कार्यक्रम में डॉक्यूमेंट्री फिल्म के द्वारा इंटीग्रेटेड सॉलिड एंड लिक्विड वेस्ट रिसोर्स मैनेजमेंट प्रणाली के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि जैसे सूखे पत्ते, मछली, बाजार का कचरा, खराब सब्जी एवं कई तरीके से बायोगैस का उत्पादन किया जा सकता है। आज के समय में पर्यावरण प्रदूषण के कारण दुष्प्रभाव फैल रहा है। लेकिन वैज्ञानिक तरीके से ऐसे कचरे को जमा कर उन्हें सही उपयोग में लाया जा सकता है ।और पर्यावरण को दूषित होने से बचाया जा सकता है। वहीं बालूमाथ प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उराँव ने कहा कि प्रखंड को स्वच्छ एवं हरा भरा बनाए रखने के लिए पर्यावरण अनुकूल प्रक्रियाओं पर जोर देने की आवश्यकता है। उन्होंने गांव, पंचायत को साफ सुथरा बनाने की अपील किया। आयोजित बैठक में कई मुखिया, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक मौजूद थे।

श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर के 31 वें वार्षिकोत्सव के भंडारे में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर, लातेहार का 31 वां वार्षिकोत्सव 10 फरवरी को मनाया गया। इस मौके पर आयोजित भंडारा में लातेहार समेत आसपास के क्षेत्रों के 10 हजार से अधिक लोगों ने माता के मंदिर में बैठ कर माता का प्रसाद ग्रहण किया। इससे पहले पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम पूजा अर्चना कर भंडारे का शुभारंभ किया। वैदिक मंत्रोच्चारण पुजारी त्रिभुवन पांडेय ने किया।इस अवसर पर मुख्य यजमान के रूप में संतोष कुमार (पिंटू) सप्तनीक मौजूद थे। मौके पर पूर्व मंत्री श्री राम ने कहा कि धार्मिक आयोजन से क्षेत्र में सुख व समृद्धि आती है। उन्होंने श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर के निर्माण काल से ही वे यहां से जुड़े हैं। आज यह मंदिर न सिर्फ लातेहार वरन आसपास के क्षेत्रों के लिए आस्था व विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने 31 वें स्थापना दिवस पर लातेहार जिला वासियों को

शुभकामनायें दीं। भंडारा शुरू होने के बाद श्रद्धालुओं का तांता लग गया। मंदिर समिति के सदस्य पूरी तन्यमता से लोगों को प्रसाद ग्रहण करा रहे थे। महिला व पुरूष अलग अलग पात में बैठ कर प्रसाद ग्रहण कर रहे थे।बता दें कि 31 वें वार्षिकोत्सव के तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतिम दिन 10 फरवरी को भंडारा का आयोजन किया गया। मौके पर मंदिर समिति के संरक्षक महेंद्र प्रसाद गुप्ता, अभिनंदन प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद शौंडिक, विनोद कुमार साहू, अर्जुन दास, अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता (भोला), उपाध्यक्ष कन्हाई प्रसाद अग्रवाल व बद्री प्रसाद, सचिव आशीष टैगोर, सह सचिव रंजीत कुमार व रविंद प्रजापति, चंद्रशेखर सिन्हा, कोषाध्यक्ष राजू रंजन सिंह, ओम प्रकाश प्रसाद, संजय प्रसाद, सतीष कुमार, उज्जवल साहू, निर्मल महलका, दिनेश महलका आदि सक्रिय थे।

हेहेगड़ा चिराई कटवा में खराब जलमीनार के जिम्मेदार ग्रामीण : सहायक अभियंता

बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चुंगरु पंचायत हेहेगड़ा चिराई कटवा टोला में आदिम जन जाति जनमन योजना के तहत 2017-18 में लगाए गए जल मीनार पिछले पांच महीनों से खराब है जिसका कारण लाभुक समिति व ग्रामीण बताए जा रहे हैं ।इस संबंध में पेयजल स्वच्छता विभाग के सहायक अभियंता प्रशांत कुमार पांडे ने बताया कि साइट विजिट के दौरान पता चला कि उक्त जलमीनार के सोलर से बाईपास कनेक्शन किया गया है जिसमें मोबाइल चार्ज करने हेतु वायर और प्लास्टिक का उपयोग किया गया है। जबकि देखभाल करने की जिम्मेदारी लाभुक समिति व ग्रामीणों की है लेकिन उनके घोर लापरवाही के कारण जल मीनार का स्टार्टर किट खराब हो गया है। प्रशांत कुमार ने बताया कि उक्त जलमीनार का मेंटेनेंस अवधि दो वर्षो का था जो समाप्त हो चुका है हालांकि जलमीनार के खराब होने की सूचना वरीय अधिकारियों को दे दी गई है। और उनके निर्देशानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

हजारीबाग के पूर्व एसडीओ को भेजा गया न्यायिक हिरासत में

पत्नी को जलाकर मारने का है आरोप, रांची से हुई थी गिरफ्तारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : सदर के पूर्व एसडीओ अशोक कुमार को रविवार की देर शाम रांची के गिरफ्तार किए जाने के बाद सोमवार को हजारीबाग कोर्ट में पेश किया गया। इससे पहले उन्हें शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल हजारीबाग में शारीरिक जांच के लिए ले जाया गया। कोर्ट में पेश किए जाने के बाद उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में लेते हुए लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा भेज दिया गया। जेल जाने से पहले उन्होंने पहली बार अपना पक्ष मीडिया के सामने रखा। उन्होंने कि इस मामले में सिक्के के दूसरे पहलू को नहीं देखा गया है। हर सिक्के के दो पहलू होते हैं। पहले पहलू पर बहुत ज्यादा दुष्प्रचार हुआ है। वहीं उनके अधिवक्ता राजकुमार राजू ने बताया कि आवश्यकता पड़ने पर जमानत के लिए अर्जी दी जाएगी।

गिरफ्तारी के बाद चरही गेस्टहाउस में रखे गए : रविवार की देर शाम गिरफ्तार कर उन्हें हजारीबाग की लोहसिंघना थाना प्रभारी संदीप कुमार की टीम लेकर गई। उन्हें रविवार की रात चरही गेस्टहाउस में रखा गया। इसके बाद आज उन्हें कोर्ट में पेशा किया गया। घटना के बाद 31 जनवरी को हजारीबाग व्यवहार न्यायालय ने अशोक कुमार की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया था। जिसके बाद पुलिस उन्हें गिरफ्तार करने को लेकर लगातार प्रयास कर रही थी। इस मामले में हजारीबाग पुलिस पहले ही कोर्ट में पुलिस डायरी जमा कर चकी है।

मैट्रिक-इंटर की परीक्षा 11 फरवरी से, 56,317 परीक्षार्थी लेंगे भाग, 76 केन्द्रों पर मैट्रिक एवं 53 केन्द्रों पर होगी इंटरमीडिएट की परीक्षा

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : झारखंड अधिविद्य परिषद, रांची द्वारा वार्षिक माध्यमिक परीक्षा एवं वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा, 2025 का आयोजन 11 फरवरी से 3 मार्च 2025 तक संचालित होगी। माध्यमिक परीक्षा में 27339 एवं इंटरमीडिएट कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकायों की परीक्षा में 28978 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। इस प्रकार दोनों परीक्षाओं में कुल 56,317 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। माध्यमिक परीक्षा के लिए हज़ारीबाग जिले में 76 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये गए हैं। वहीं इंटर परीक्षा के लिए 53 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन को लेकर नगर भवन में उपायुक्त नैंसी सहाय, पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह, उपविकास आयुक्त इश्तियाक अहमद, अपर समाहर्ता संतोष सिंह सहित कई वरीय पदाधिकारी ने सभी गश्ती दंडाधिकारी, स्टैटिक दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, गस्ती दल पदाधिकारी, केन्द्राधीक्षक एवं संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में परीक्षा से जुड़े सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठा एवं सजगतापूर्वक करने का निदेश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि परीक्षाओं का संचालन निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त संपन्न कराना सभी की जिम्मेवारी है। परीक्षा के सफल संचालन हेतु झारखंड परीक्षा संचालन अधिनियम, 2001 के प्रावधानों का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने परीक्षा से जुड़े सभी पदाधिकारियों को आपसी समन्वय एवं समय प्रबंधन के साथ कार्य करने का निदेश दिया।

बरही में जाम से परेशान है लोग, महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालु दिखे परेशान

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : बरही में पिछले रविवार रात्रि 9 बजे से सड़कों पर गाड़ियां रेंगती हुई नजर आई। जाम रात्रि 9 बजे से शुरू हुई और सोमवार सुबह 10 बजे तक गाड़ियां रेंगती हुई नजर आई। इस दौरान महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालु काफी परेशान दिखे, खास करके महिला श्रद्धालुओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बता दे कि बरही में इन दिनों लगातार जाम की समस्या से जन जीवन अस्त व्यस्त है। स्थानीय लोग भी इस जाम से हलकान है। इधर दिन हो या रात हर दिन जाम लगना आम सी हो गई है। जब जाम लगती है तो कई घंटे वाहनों को जाम में फसना पड़ता है। ऐसे में वाहनों की लंबी कतार से यात्रियों को पानी, भोजन की काफी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। जाम की स्थिति से निपटने के लिए रात से ही बरही थाना के पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी आभास कुमार समेत पुलिस बल की टीम तत्परता से लगे रहे हैं। जानकारी हो की महाकुंभ को लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग दो के माध्यम से उड़ीसा, बंगाल और झारखंड से बड़ी संख्या में हर दिन वाहनों का कतार प्रयागराज की ओर जा रहा है।

प्रयागराज से मौनी अमावस्या स्नान के बाद भी श्रद्धालुओं का दल लगातार प्रयागराज की ओर अग्रसर है। बता दें कि तीन राष्ट्रीय राज्य मार्गो का संगम स्थल बरही चौक है। इस चौक से छोटी बड़ी सहित भारी भरकम मालवाहक अनगिनत वाहनों को प्रतिदिन गुजरना होता है। लेकिन ट्रैफिक की व्यस्था नहीं होने के कारण बरही चौक पर गाड़ियां जैसे तैसे गुजरने लगती है, जिसके कारण जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। लोगों का कहना है कि यदि बरही चौक पर ट्रैफिक की व्यवस्था की जाए तो जाम में कमी आएगी। लेकिन ट्रैफिक की व्यवस्था के प्रति ना ही शासन प्रशासन और ना ही स्थानीय नेताओं को चिंता है।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य संजीव कुमार झा को मिला 'सर्वश्रेष्ठ प्रधानाचार्य' सम्मान

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, मालवीय मार्ग के प्रधानाचार्य संजीव कुमार झा को झारखंड के गुमला में आयोजित तीन दिवसीय प्रांतीय प्रधानाचार्य सम्मेलन-2025 में विद्या विकास समिति, झारखंड द्वारा हजारीबाग विभाग के 'सर्वश्रेष्ठ प्रधानाचार्य' के रूप में सम्मानित किया गया। उन्हें उत्तरीय अंगवस्त्र और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। हजारीबाग विभाग के अंतर्गत हजारीबाग, चतरा, कोडरमा और गिरिडीह जिलों के 32 सरस्वती शिशु विद्या मंदिर आते हैं। ऐसे में यह सम्मान विद्यालय के लिए एक उल्लेखनीय उपलब्धि मानी जा रही है। सम्मेलन से लौटने के बाद विद्यालय में संक्षिप्त समारोह का आयोजन किया गया, जहां प्रधानाचार्य को बधाइयां दी गई। विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव ज्ञानचंद प्रसाद मेहता, जो इन दिनों दिल्ली में हैं, उन्होंने सचल दूरभाष से अपने संदेश में कहा लगन, परिश्रम, निष्ठा और समर्पित भाव से किया गया रचनात्मक कार्य समाज पर चमत्कारी प्रभाव डालता है। प्रधानाचार्य श्री संजीव कुमार झा के कार्य का सही मूल्यांकन हुआ है। अब उनकी जिम्मेदारी है कि वे मालवीय मार्ग विद्यालय परिवार की ठोस पृष्ठभूमि पर इस स्तर के मानकों को बनाए रखें। शिक्षा-सेवा के माध्यम से वे सर्वत्र प्रकाश आलोकित कर सकेंगे, ऐसी प्रतिभा और संभावनाएं उनमें हैं। प्रधानाचार्य संजीव कुमार झा के नेतृत्व में विद्यालय में कई रचनात्मक कार्य किए गए हैं, जिससे स्कूल को नई दिशा और गति मिली है। इस सम्मान से विद्यालय परिवार, प्रबंधन समिति, भैया-बहन और अभिभावकों में अपार उत्साह है।

राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय खेरौन में स्कूल ड्रेस का किया गया वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : बरही प्रखंड अंतर्गत केदारूत पंचायत के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय खेरौन में मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव द्वारा कक्षा पहला और दूसरा के 30 बच्चों के बीच ड्रेस स्वेटर जूता मोजा वितरण किया गया। मुखिया प्रतिनिधि ने बच्चों तथा अभिभावकों को बीच बोले की यह झारखंड सरकार की बहुत ही महात्वाकांक्षी योजना है। गरीब बच्चा के लिए पढ़ने के साथ-साथ बच्चों को समय-समय पर ड्रेस पोशाक उपलब्ध कराती है। आप सभी अभिभावकों को जरूरत है। बच्चों को समय पर स्कूल भेजिए साफ सुथरा स्कूल भेजिए, ताकि बच्चे मन लगाकर पढ़े। मैके पर प्रधानाध्यापक तुलसी दास, अध्यक्ष अशोक सिंह, शिक्षक बहादुर राणा, समाजसेवी भोला सिंह, शंभु सिंह, उमेश सिंह, विकी सिंह, उपमुखिया प्रतिनिधि दीपक साव, भाजपा नेता प्रदुमन सिंह लोकेश सिंह सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

वन विभाग ने लूरूँगा जंगल में 7 अवैध कोयला खदानों को डोजरिंग कर बंद किया

बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) : अधिसूचित वन क्षेत्र लूरुंगा के जंगल में अवैध रूप से संचालित कोयला खदान को बड़कागांव वन विभाग एवं उरीमारी ओपी पुलिस के सहयोग से जेसीबी मशीन लगाकर डोजरिंग कर बंद किया गया। कुल 7 अवैध कोयला खदान के मुहाने को बंद किया गया है। अवैध रूप से खदान चलाने वाले मालिक एवं कारोबार में सम्मिलित लोगों को चिन्हित कर वन विभाग के द्वारा मामला दर्ज किया गया है। ज्ञात होगी एक माह पूर्व वन विभाग ने इंदिरा, रुदी, रावतपारा, अंबा झरना, तिलैया, असनाटांड़, आदि कई जंगलों में संचालित अवैध कोयला खदान के मुहाने को बंद करने का काम किया था। डोजरिंग कार्य में बड़कागांव वनकर्मियों के अलावा उरीमारी थाना प्रभारी रामकुमार राम व अन्य पुलिसकर्मी लोग शामिल थे।

ट्रेन से कटकर पांच मवेशियों की मौत

कटकमदाग (**प्रभात मंत्र संवाददाता**) । थाना क्षेत्र के कुंडिलबागी रेलवे ओवर ब्रिज के रेलवे ट्रैक के पास सोमवार को पांच मवेशियों की मौत ट्रैन से कटकर हो गया.जबकि एक घायल मवेशी को ग्रामीणों ने बचा लिया.बताया जाता है कि सभी मवेशी दुधारू थे. मालवाहक ट्रैन बरकाकाना से कोडरमा की ओर जा रही थी.इसी बीच घास चर रहे मवेशी ट्रैन के हॉर्न सुनते ही इधर उधर दौड़ने लगे और पांच मवेशी चपेट में आ गये. जिनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गयी.इस बाबत कटकमदाग थाना प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि पांच मवेशी की मौत ट्रैन से कटकर हो गयी.मवेशी किसका था इसकी जांचपड़ताल चल रहा है.लोग मवेशियों को घर मे बांधकर रखे.

कटकमसांडी प्रखंड में मैट्रिक परीक्षा के लिए बनाया गया तीन परीक्षा केंद्र

कटकमसांडी (प्रभात मंत्र संवाददाता) : प्रखंड में मैट्रिक परीक्षा को लकर तीन परीक्षा केंद बनाया गया है। परीक्षा को लेकर कटकमसांडी बीडीओ ने शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त परीक्षा को लेकर चार दंडाधिकारी नियुक्त किया है । कटकमसांडी प्रखंड के आधा दर्जन स्कूल के परीक्षार्थी कटकमसांडी प्लस टू हाई स्कूल , परियोजना गर्ल्स हाई स्कूल और मिडिल स्कूल में परीक्षा देंगे। कटकमसांडी प्लस टू हाई स्कूल के प्राचार्य विजय कुमार मसीह ने कहा की परीक्षा को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है ।

बरही टाउन हॉल में 13 फरवरी को लगेगा रोजगार मेला

बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) : बरही टाउन हॉल में आगामी 13 फरवरी को रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो ने दिया। उन्होंने बताया कि बरही टाउन हॉल में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास योजना के अंतर्गत प्रखंड स्तरीय यूथ मोबिलाइजेशन कैंप का आयोजन किया जाना है। इस कैंप में प्लेस द्वारा प्रखंड के इच्छुक/ अहर्ता वाले अभ्यर्थियों का चयन कर कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण उपरांत अभ्यर्थियों को रोजगार उपलब्ध कराने का कार्य किया जाएगा। वहीं उन्होंने कहा कि इच्छुक अभ्यर्थी अपने साथ आधार कार्ड की छाया प्रति, मोबाइल नंबर के साथ आयोजन में भाग लेंगे। वहीं सातवीं पास 18 वर्ष से 35 वर्ष के बीच महिला पुरुष भाग ले सकते हैं। रोजगार मेला दिन के 11 बजे से शुरू होगी।

भाजपा ने समिति गठित करने के लिए 11 पंचायतों में पर्यवेक्षक की नियुक्ति की

प्रभात मंत्र संवाददाता

बड़कागांव : भाजपा संगठन महापर्व सदस्यता अभियान के तहत बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल की एक बैठक हरली पंचायत भवन में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो ने किया। बैठक में ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव उपस्थित हुए। बैठक में मंडल अध्यक्ष एवं बूथ अध्यक्ष एवं समिति गठित करने के लिए मंडल के 11 पंचायत में एक पर्यवेक्षक की नियुक्ति की गई है। जिसके तहत नयाटांड़ पंचायत में देवंती देवी, हरली विजय यादव, बादम जागेश्वर तुरी, गोंदलपूरा भागीरथ ठाकुर, चोपदार बलिया किशन राणा, नापो खुर्द महेंद्र महतो, तलश्वार पूनम साहू, अंगों भोपाल स्वर्णकार, उरीमरी अकाल मुंडा, पोटंगा कार्तिक उरांव, गरसूला दिनेश करमाली को नियुक्त किया गया है। मौके पर उपाध्यक्ष अशोक साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष विनोद महतो, किशोर राणा, नागेश्वर महतो, दामोदर महतो, भागीरथ ठाकुर, रंजीत नायक, दशरथ चौधरी, सूरज कुमार, विजय यादव, युवा मोर्चा अध्यक्ष सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

15 करोड़ से अधिक राशि के योजनाओं की स्वीकृति मिली : अंबा प्रसाद

बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) : पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के मीडिया प्रभारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि अंबा प्रसाद द्वारा चुनाव पूर्व किए गए मेहनत एवं कार्यकाल के दौरान अनुसंशित दर्जनों योजनाओं की स्वीकृति प्राप्त हुई है। विदित हो कि विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के पूर्व कई योजनाओं का अंबा प्रसाद द्वारा अनुशंसा एवं उसका डीपीआर तैयार करवा कर जिला में समर्पित करवाया गया था। लेकिन आचार संहिता लग जाने के कारण कई योजनाओं की स्वीकृति नहीं हो पाई थी और अब सभी कार्य धीरे-धीरे धरातल पर उतरने लगे हैं। अभी लगभग 15 करोड़ की योजनाओं की स्वीकृति मिली है जिसका निविदा भी जारी हो गया है। वही एजेंसियों द्वारा निविदा भी जारी कर दी गई है। इस संबंध में विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी करके सभी विकास योजनाओं की सूची उपलब्ध कराई गई है। इन योजनाओं का होगा निर्माण (बड़कागांव प्रखंड) बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के नयाटांड़ पंचायत के ग्राम पिपराडीह में बरगद पेड़ से शनिवार बाजार भाया पांडे मुहल्ला तक पीसीसी पथ निर्माण लगभग 72 लाख की लागत से, तलसवार पंचायत अंतर्गत टिकरी टांड में मेन रोड से टिकरी टांड भाया अर्जुन साव सुरेश महतो के घर तक एवं उपरैली तालाब तक पीसीसी पथ एवं गार्डवाल निर्माण लगभग एक करोड़ 15 लाख की लागत से, हरली पंचायत के मंदिर चौक से भुईया टोली नाला पार नव प्राथमिक विद्यालय हरली तक दो स्पेन का पुल एवं गार्डवाल निर्माण लगभग एक करोड़ 40 लाख की लागत से विद्यालयों को सुदृढ़ करने का कार्य होना है। वही खंराटी में उत्क्रमित मध्य विद्यालय की चार दिवारी निर्माण लगभग 80 लाख की लागत से, महुंगाई खुर्द में उत्क्रमित मध्य विद्यालय का उन्नयन कार्य लगभग 78 लाख की लागत से कार्य किया जाएगा।

सीबी परियोजना द्वारा आंगनबाड़ी का पेंटिंग और नवीनीकरण कार्य पूर्ण

प्रभात मंत्र संवाददाता

केरेडारी : चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना द्वारा शनिवार को आयोजित एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में आंगनवाड़ी विद्यालय का पेंटिंग और नवीनीकरण कार्य पूरा कर उद्घाटन किया गया। यह आंगनवाड़ी छतरा जिला टंडवा प्रखंड क्षेत्र के कबरा गाँव मे स्थित है । इस अवसर पर संस्कृति महिला समिति के उपाध्यक्ष राखी गुप्ता बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। यह कार्य कंपनी के सामाजिक जिम्मेदारी सीएसआर पहल के तहत किया गया।नवीनीकरण कार्य के बाद विद्यालय भवन अब बच्चों के लिए एक सुरक्षित स्वच्छ और आकर्षक वातावरण प्रदान करेगा। बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के उद्देश्य से इस पहल से उनके मानसिक और शारीरिक विकास में मदद मिलेगी। नए और रंगीन कक्षों से बच्चों में अध्ययन के प्रति रुचि बढ़ेगी साथ ही विद्यालय की स्वच्छता और सुरक्षा में भी सुधार होगा जो बच्चों के स्वास्थ्य को लाभकारी साबित होगा। इस मौके पर राखी गुप्ता ने कहा कि चट्टी बरियातू कोल परियोजना हमेशा से अपने सीएसआर प्रयासों के तहत शिक्षा स्वास्थ्य और सामुदायिक कल्याण के क्षेत्र में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध रही है। हम विश्वास करते हैं कि इस पहल से बच्चों के उज्जवल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया गया है। यह कदम चट्टी बरियातू कोल परियोजना की शिक्षा और समुदाय के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

जेएलकेएम नेता मुकेश कुमार महतो ने किया विधुत ट्रांसफार्मर का उद्धघाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

विष्णुगढ़ : विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत बकसपुरा पंचायत रखवा में जेएलकेएम युवा नेता इंजीनियर मुकेश कुमार महतो,प्रखंड अध्यक्ष कौलेश्वर महतो ,उपाध्यक्ष सुरेश कुमार, मुखिया नन्हकू महतो ,पंचायत अध्यक्ष मुकेश कुमार तथा ग्रामीणों ने संयुक्त रूप विधिवत पूजा अर्चना कर फीता काटकर 100 केवीए ट्रांसफार्मर उद्घाटन किया गया। बताते चले कि ट्रांसफार्मर विगत एक सप्ताह से खराब था,जिसकी सूचना पाकर जेएलकेएम युवा नेता इंजीनियर मुकेश कुमार महतो ने तत्काल संज्ञान में लेकर संबंधित पदाधिकारियों से वार्ता कर ग्रामीणों को 100 केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने में अहम भूमिका अदा की। सोमवार को ट्रांसफार्मर उद्धघाटन के मौके पर ग्रामीणों ने जेएलकेएम नेताओ को फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए इंजिनियर मुकेश कुमार महतो ने कहा कि ट्रांसफार्मर नहीं रहने के कारण ग्रामवासियों को विभिन्न बिजली संबंधित कार्य करने में काफी परेशानी हो रही थी ,बच्चों का लिखाई पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियां भी बाधित हो रही थी। अब न्यू ट्रांसफार्मर के लगने से गांव में उजाला रहेगा और विभिन्न परेशानियों से छुटकारा मिल पाएगा । साथ ही उन्होंने कहा कि यदि ग्रामीणों को किसी प्रकार की परेशानी होने पर हमे सूचित जरूर करें। इस मौके पर मुख्य रूप से उपाध्यक्ष नागेश्वर महतो, पोखी महतो,युगल महतो, अनूप महतो, तालो महतो, सचिन कुमार,मुकेश कुमार समेत कई महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित थे।

कंटेनर ने बाइक को पीछे से मारी टक्कर, एक की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत टोल प्लाजा के समीप जीटी रोड पर एक अज्ञात कंटेनर ने बाइक को पीछे से ठोकर मारी, बाइक पर सवार डेबो चक पंचायत के सराही गांव निवासी स्व सोहन साव के 60 वर्षीय पुत्र गिरजा साव की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना सोमवार करीब 3 बजे की है। घटना की सूचना पर बरही थाना एसआई शिवम गुप्ता समेत पुलिस बल पहुंचे और घटना का जायजा लिया। वहीं इसकी सूचना पर चौपारण थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश भी घटना स्थल पर पहुंच चुके थे। खबर की सूचना पाकर डेवो पंचायत के मुखिया मोहन साव, बरही पूर्वी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर समेत गांव के परिचित लोग और आसपास के ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचे, और सड़क को जाम कर दिया। वहीं इस घटना की खबर सुनते ही मृतक की पत्नी घटना स्थल पर पहुंची और दहाड़ मार-मार कर रो पड़ी। घटना स्थल पर पीड़ित परिवार के लोग एनएच के अधिकारियों को बुलाने की मांग पर आड़े रहे। वहीं पुलिस ने पीड़ित परिवार से कहा कि उक्त ट्रेलर का पता लगाया जा रहा है, टोल प्लाजा पर लगे सीसी टीवी फुटेज से उक्त वाहन की पहचान की जा रही है। जिसके बाद बरही पुलिस शव को कब्जे में लेते हुए बरही अनुमंडलीय अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल पर मिली जानकारी के अनुसार बाइक चालक ने बताया कि मेरे गांव के भाई मेरे बाइक पर बैठे थे, इतने में पीछे से आ रही कंटेनर ठोकर मार दिया, जिससे पीछे बैठे सड़क पर विपरीत दिशा में गिर गए और कंटेनर ने उसे कुचलते हुए भाग गया। घटना स्थल पर बाइक चालक रोते हुए पुलिस से कंटेनर को पकड़ने की बात कह रहे थे, कहा कि कंटेनर सड़क जाम की वजह से ज्यादा दूर नहीं भाग सकती है, पुलिस उक्त घटना की टोल प्लाजा के सीसी टीवी कैमरा खंगाल रही है।

वार्षिक माध्यमिक एवं इंटर परीक्षा को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ स्थिर एवं गश्ती दण्डाधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन

- माध्यमिक के लिए 53 एवं इंटर के लिए 40 केंद्रों पर आयोजित होगी परीक्षाएं
- माध्यमिक में 12669 एवं इंटरमीडिएट में 12300 अभ्यर्थी लेंगे परीक्षा में हिस्सा
- पूरी पारदर्शिता एवं कदाचार मुक्त तरीके से कराए परीक्षाओं का आयोजन : उपायुक्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : 11 फरवरी 2025 से शुरू होने वाली वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त आयोजन के मद्देनजर सोमवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक अजय कुमार की उपस्थिति में समाहरणालय सभाकक्ष में स्थिर, गश्ती दण्डाधिकारियों एवं थाना प्रभारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम के द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य को जानकारी दी गई कि इस वर्ष रामगढ़ जिले में माध्यमिक परीक्षा के लिए 53 परीक्षा केंद्रों पर 12669 एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए 40 केंद्रों पर 12300 अभ्यर्थी परीक्षा में हिस्सा लेंगे। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी स्थिर एवं गश्ती दण्डाधिकारियों को उनके उनके केंद्रों पर परीक्षाओं का आयोजन पूरी पारदर्शिता के साथ एवं कदाचार मुक्त तरीके से करने का निर्देश दिया वही उपायुक्त ने स्थिर एवं गश्ती दण्डाधिकारियों के लिए जारी दिशा निर्देशों से संबंधित पुस्तिका को सभी स्थिर एवं गश्ती दण्डाधिकारियों को अच्छी तरह से पढ़ लेने एवं किसी भी प्रकार की कोई दुविधा होने पर त्वरित रूप से उन्हें दूर कर लेने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने सभी स्थिर एवं गश्ती दण्डाधिकारियों को परीक्षा के आयोजन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक के द्वारा परीक्षा के आयोजन को लेकर जारी दिशा

निर्देशों की जानकारी देने के क्रम में स्थिर एवं गश्ती दण्डाधिकारियों की कई दुविधाओं को दूर किया गया वहीं पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा के आयोजन को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश भी स्थिर एवं गश्ती दण्डाधिकारियों को दिए। बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातु, जिला कोषागार पदाधिकारी, भूअर्जन पदाधिकारी, नजारत उप समाहर्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी, स्थिर एवं गश्ती दण्डाधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

झारखंड मुक्ति मोर्चा रामगढ़ जिला संयोजक की हुई बैठक

रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता): झारखंड मुक्ति मोर्चा रामगढ़ जिला संयोजक मंडली के तत्वावधान में जिले के सभी प्रखंड/नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष/सचिव के साथ सभी प्रखंड/नगर परिषद के प्रभारियों की संयुक्त बैठक जिला कार्यालय रामगढ़ में समय 1ः00 क्क्रू बजे अपराह्न से कि गई।इस बैठक की अध्यक्षता संयोजक प्रमुख बिनोद किस्कु एवं संचालन संयोजक सदस्य बिनोद कुमार महतो ने किया। बैठक में संयोजक प्रमुख बिनोद किस्कू ने साफ एवं स्पष्ट शब्दों में निर्देश दिए कि पार्टी एवं संगठन के हित में एक समर्पित कार्यकर्ता एवं सिपाही की भांति सदस्यता अभियान में तेजी लाए ताकि निर्धारित तिथि तक हम अपने सदस्यता कार्यक्रम को पूर्व कर सकें।बैठक में संयोजक मंडली के सदस्य भुवनेश्वर प्रसाद उर्फ़ भुन्नु महतो,चित्रगुप्त महतो, सोनाराम मांझी, राजकुमार महतो, विजय राम, साजिद आलम, गुलाम नबी, बरतू करमाली,गीता विश्वास, पिंकी बेसरा,ऐतो बास्के,मुरलीधर कोठारी,नरेश हांसदा, सुरेश चंद पटेल,विजय किस्क उपस्थित थे।

उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला कारा समिति की बैठक

रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता): सोमवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला कारा समिति की बैठक का आयोजन किया गया।जिला कारा समिति की बैठक के दौरान उपायुक्त चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के द्वारा उपकारा रामगढ़ में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली गई। इस दौरान उपायुक्त ने उप कारा रामगढ़ में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों सहित अन्य सुरक्षा उपकरणों, स्वास्थ्य उपकरणों, लाइटिंग आदि के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी संबंधित अधिकारियों को कारा का संचालन नियामानुसार सुनिश्चित करने एवं इससे संबंधित प्रतिवेदन ससमय उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी जिला स्तरीय अधिकारियों पुलिस अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

भाजपा जिला कार्यालय में सक्रिय सदस्यता सत्यापन कार्य हेतु बैठक सम्पन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ : हाथीमारा स्थित भाजपा रामगढ़ जिला कार्यालय में आज जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता के अध्यक्षता में सक्रिय सदस्यता आवेदन पत्र का सत्यापन कार्य हेतु एक आवश्यक बैठक बुलाई गई। प्रदेश द्वारा अधिकृत जिला स्तरीय सक्रिय सदस्यता जांच एवं सत्यापन उप समिति के संयोजक प्रेम मित्तल एवं द्वय सदस्य प्रो संजय प्रसाद सिंह एवं प्रो. खिरोधर साहु विशेष रूप से उपस्थित थे। मंडल अध्यक्ष की उपस्थिति में सक्रिय सदस्यता का सत्यापन का कार्य प्रदेश द्वारा निर्देशित करणीय कार्य के अंतर्गत किया गया। सत्यापन कार्य समिति द्वारा सत्यापन आवेदन पत्र का सत्यापन कर अनुमोदित के लिए प्रदेश में जमा कराया गया। जिला सदस्यता संयोजक राजेन्द्र कुशवाहा ने बताया कि सदस्यता महापर्व के प्रथम चरण में प्राथमिक सदस्य अभियान को 22 दिसम्बर से 10 फरवरी 2025 तक गति दी गई। वहीं दूसरे चरण में सक्रिय सदस्यता अभियान जो 12 जनवरी 2025 से प्रारम्भ हुआ और आज सत्यापन कार्य सम्पन्न होने के साथ ही आगे के संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया का कार्य शुरू होगा। प्रारंभिक करणीय कार्य में बुथ अध्यक्ष,शक्ति केन्द्र संयोजक, सहसंयोजक,मंडल अध्यक्ष का चयन कर लिया जाएगा बैठक में जिला सदस्यता अभियान संयोजक राजू कुशवाहा, सहसंयोजक विजय जायसवाल एवं सहसंयोजक विजय जायसवाल एवं जिला मंत्री संजीव कुमार बबला जिला कार्यालय मंत्री विनोद प्रसाद, मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव मनोज गिरि, गणेश प्रसाद स्वर्णकार, अशोक कुमार, नरेश साव,ऋषिकेश सिंह , कुणाल दास, मिथिलेश मण्डल सहित मंडल अध्यक्ष मंडल सदस्यता संयोजक सहित सह संयोजक गण थे ।

केंद्र से बकाया राशि की मांग पर जेएलकेएम के केंद्रीय अध्यक्ष ने झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री का समर्थन किया है

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ : झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा इकाई रामगढ़ के जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने कहा की केंद्र से बकाया राशि की मांग पर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह डुमरी के विधायक टाइगर जयराम महतो ने झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का समर्थन किया है ! उन्होंने कहा की अगर केंद्र सरकार झारखंड को उसका बकाया राशि नहीं देती है ,तो वे राज्य के तमाम खदानों को बंद करने के लिए तैयार है ! जयराम महतो ने कहा कि वह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ मिलकर आंदोलन करेंगे और राज की खदानों को बंद करने के लिए तैयार हैं ! केंद्र सरकार को झारखंड का बकाया राशि देने के लिए मजबूर करेंगे।क्योंकि हमारी पार्टी विकास के पक्षधर है तथा शोषण और अन्याय के खिलाफ है।

बीस सूत्री अध्यक्ष ने खुद दवा खाकर की फाइलेरिया उन्मूलन की शुरुआत

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ : दुलमी प्रखंड में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत कुल्ही पंचायत के सभी बूथों पर बीस सूत्री अध्यक्ष की सक्रिय भागीदारी देखी गई। इस अभियान के दौरान घर-घर जाकर आशा कार्यकर्ताओं द्वारा फाइलेरिया की दवा का वितरण किया गया, ताकि कोई भी व्यक्ति इस अभियान से वंचित न रह जाए।बीस सूत्री अध्यक्ष ने स्वयं सभी बूथों का दौरा कर लोगों को दवा सेवन के लिए प्रेरित किया और फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए जागरूक किया। उन्होंने न केवल लोगों से दवा सेवन की अपील की, बल्कि स्वयं भी फाइलेरिया की दवा खाकर इस अभियान को सफल बनाने का संदेश दिया। इस अभियान को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया।मौके पर सीएसओ सुमिता कुमारी वीणा कुमारी सरोज करकेंटा योगेन्द्र कुमार व सहिया आंगनबाड़ी कर्मी मौजूद थे।

अवैध कोयला खदान को ग्रामीणों एवं फोरेस्ट विभाग व पुलिस ने मिलकर बंद कराया

लुरूंगा के अवैध कोयला सुरंगों की डोजरिंग कर मुहाना किया गया बंद

प्रभात मंत्र संवाददाता

उरीमारी : बड़कागांव प्रखंड के उरीमारी ओपी क्षेत्र के गरसुल्ला पंचायत के सुदुरवर्ती क्षेत्र लुरूंगा मे सोमवार को बड़कागांव फोरेस्ट विभाग की ओर से ग्रामीणो एवं उरीमारी ओपी के द्वारा अवैध कोयला खनन पर अंकुश लगाने के लिए अवैध खान के मुहाना को डोजरिंग कर बंद कराया गया। वहीं उरीमारी ओपी प्रभारी रामकुमार राम ने कहा कि कोयला तस्कर लुरूंगा के जंगल व पहाड़ों में कई सुरंग बनवा रखी थी। जिसके मुहानों को डोजरिंग कराकर बंद कराया गया है। वहीं ओपी प्रभारी रामकुमार राम ने यह भी कहा कि किसी भी सूरत में उरीमारी ओपी क्षेत्र में अवैध कारोबार फलने-फूलने नहीं दिया जाएगा। लुरूंगा के जंगलों से आच्छादित इस क्षेत्र को कोयला तस्कर अपने लिए सुरक्षित मानकर सालों भर कोयला निकासी कराते हैं और ट्रकों पर लदवाकर स्थानीय मंडी ले जाकर बेचते हैं।

उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : सोमवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक रामगढ़ अजय कुमार की उपस्थिति में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान सर्वप्रथम जिला खनन पदाधिकारी निशांत अभिषेक के द्वारा अवैध खनन के विरुद्ध किए जा रहे कार्यों का उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक सहित अन्य को पीपीटी के माध्यम से विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।बैठक के दौरान उपायुक्त ने विगत कुछ समय में अवैध खनन पर रोक लगाने हेतु किए गए कार्यों की सराहना करते हुए और भी प्रभावी तरीके से अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा खनन टास्क फोर्स की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी ली गई। इस दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा अवैध मुहानों को बंद करने के तहत किए गए कार्यों की जानकारी लेने के क्रम में उपायुक्त ने कहीं से भी अवैध मुहानों से खनन होने संबंधित सूचना प्राप्त होने पर त्वरित रूप से उसे अच्छी तरह बंद कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक सुनिश्चित करने एवं अवैध मुहानों की अच्छी तरह से डोजरिंग करने को लेकर उपायुक्त ने सभी संबंधित परियोजनाओं के महाप्रबंधकों एवं एरिया सिक्योरिटी ऑफीसर्स को कार्यों पर विशेष ध्यान देने एवं अवैध मुहानों से किसी भी तरह का कोई भी खनन कार्य न होने देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी को योजनाबद्ध तरीके से रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न रेलवे साइडिंग का निरीक्षण कर नियम अनुसार खनिजो का परिवहन सुनिश्चित करने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा अधिकारियों को जिले के अलग-अलग क्षेत्र में संचालित क्रेशर की जांच करने एवं बिना अनुमति अथवा अवैध तरीके से क्रेशर का संचालन करने वालों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने एवं तत्काल रूप से अवैध क्रशरों को ध्वस्त करने का निर्देश दिया।

मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अंतर्गत फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का उपायुक्त ने किया शुभारंभ

- अभियान के तहत जिले में 1082581 लोगों को खिलाई जाएगी फाइलेरिया रोधी दवाएं
- जागरूकता वाहन को उपायुक्त ने किया रवाना

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अंतर्गत फ़ाइलेरिया उन्मूलन अभियान का सोमवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने शुभारंभ सदर अस्पताल रामगढ़ से किया मौके पर उपायुक्त चंदन कुमार ने सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद सहित अन्य अधिकारियों व चिकित्सकों के साथ फाइलेरिया रोधी दवाइयां खाकर अभियान का शुभारंभ किया।मौके पर सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद द्वारा उपायुक्त को 10 फरवरी 2024 से 25 फरवरी 2024 तक रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत लोगों को फाइलेरिया रोधी दवाइयां खिलाने हेतु तैयार माइक्रो प्लान आदि की जानकारी दी। इस दौरान उपायुक्त ने सिविल सर्जन सहित अन्य सभी अधिकारियों, चिकित्सकों आदि को लोगों को अपने सामने ही फाइलेरिया रोधी दवाइयां खिलाना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने रोग से जुड़ी विभिन्न भ्रांतियों को दूर करने का भी कार्य किया। वहीं लोगों को फाइलेरिया रोग एवं इससे बचाव के प्रति जागरूक करने हेतु जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस दौरान जिला भी0बी0डी0 पदाधिकारी रामगढ़ डॉ अजय चौधरी के द्वारा बताया गया कि डीईसी एवं एल्बेन्डाजोल ये दोनों दवाइयाँ बिलकुल सुरक्षित है, मात्र संक्रमित व्यक्तियों में ही मामूली प्रतिकुल प्रभाव जैसे कि बुखार, चक्कर, उल्टी, सरदर्द इत्यादि हो सकते हैं जो कि मुख्यता फाइलेरिया के परजीवी के मरने के वजह से दिखाई देते है तथा यह 24 से 48 घंटे के बीच बीना किसी उपचार के ठीक हो जाता है। रामगढ़ जिलान्तर्गत सभी लक्षित 1082581 जनसमुदाय को फाईलेरिया रोधी दवा (डीईसी एवं एल्बेन्डाजोल) की एकल खुराक को खिलाई जानी है। दो साल से छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं और अत्यंत बीमार व्यक्ति को इन दवाओं का सेवन नही करने की बात कही गई। उन्होने बताया कि डीईसी एवं एल्बेन्डाजोल दवाइयों के सेवन से फाइलेरिया जैसी बीमारी का बचाव एवं रोकथाम सम्भव है।कार्यक्रम में जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, डॉ0 स्वराज, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ0 तुलिका रानी, जिला आर0सी0एच0 पदाधिकारी डॉ0 एहतेशामुद्दीन, उपाधीक्षक डॉ ठाकुर मृत्युन्जय, डॉ नितेश कुमार चिकित्सक, डॉ पल्लवी कौशल, बिजय कुमार ष्ठक्क्रू रशमी आनंद ष्ठष्ठरू जिला भी0बी0डी0 सलाहकार संजना कुमारी, रवि कांत रवि लिपिक, रितेश कुमार एवं राजन कुमार ठाकुर Programme Officer Primal, विमल केशरी DPMU Coordinator, मो0 मिन्हाज अंसारी MPW cum पीरामल फाउंडेशन की टीम वं सदर अस्पताल के सभी कर्मी उपस्थित हुए।

उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : सोमवार को जिला समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक रामगढ़ अजय कुमार की उपस्थिति में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की।बैठक के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में किए गए कार्य की समीक्षा की गई समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने चुट्टूपालू घाटी में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए। वर्तमान में घाटी में लगाई गई लाइटों के नियमित रूप से कार्य करने की जानकारी ली। मौके पर उपायुक्त ने हर हाल में घाटी में लगाई गई लाइटों का नियमित रूप से कार्य करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया साथ ही उन्होंने घाटी क्षेत्र में दुर्घटनाओं को रोकने हेतु साइन बोर्ड कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। इन सबके अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा वाहन जांच अभियान, जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन, ब्लैक स्पॉट चिंहितिकरण आदि को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए।बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स को नियमित रूप से वाहन जांच अभियान चलने व अवैध परिवहन पर लगाम

लगाने हेतु समय-समय पर विशेष वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिए । बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने एवं वाहन चालकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नियमित रूप से जिले के सभी क्षेत्रों में सभी थाना प्रभारी को नियमित रूप से वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। ताकि लोगों में जागरूकता फैल और वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग करें जिससे हो रही दुर्घटनाओं को काम किया जा सके। बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियों/ अधिकारियों, एनएचएआई के अधिकारियों, कार्यपालक अभियंताओं सहित अन्य उपस्थित थे।

अखिल भारतीय हाड़ी संघर्ष मोर्चा का छठवां स्थापना दिवस सह प्रदेश कार्यसमिति बैठक संपन्न

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता): अखिल भारतीय हाड़ी संघर्ष मोर्चा धनबाद जिला के बेनर तले छठा स्थापना दिवस सह प्रदेश कार्यसमिति बैठक पाथरडीह में राजेश हरि के अध्यक्षता में बड़े ही धूम धाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अशोक राम राष्ट्रीय सदस्य डॉ. अंबेडकर फाउंडेशन सामाजिक न्याय एवम अधिकारिता भारत सरकार सह केंद्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय हाड़ी संघर्ष मोर्चा तथा मुख्य वक्ता ध्रुव कुमार हरि प्रदेश अध्यक्ष, अखिल भारतीय हाड़ी संघर्ष मोर्चा उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम का संचालन ज़िला कार्यवाहक अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार हरि के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुख्य एवं वक्ता तथा मंचासिन सभी अतिथियों के द्वारा बाबा साहेब के फोटो पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। साथ ही मुख्य अतिथि तथा मुख्य वक्ता के द्वारा केक काट कर छठा स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर प्रदेश कमिटी का घोषणा भी केंद्रीय अध्यक्ष के द्वारा किया गया साथी सभी को पगड़ी पहना कर तथा सर्टिफिकेट देकर प्रदेश कमेटी का गठन भी किया गया। इस कार्यक्रम में झारखंड के अनेक जिलों के लोगों ने भाग लिए जिसमें मुख्य रूप से गिरिडीह, बोकारो, देवघर, जामताड़ा, हजारीबाग, रामगढ़ इत्यादि जिलों के गणमान्य उपस्थित हुए।

माध्यमिक व इंटरमीडिएट परीक्षा के सभी केन्द्रों के 100 मीटर परिक्षेत्र मे निषेधाज्ञा जारी

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता): वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) सैद्धांतिक परीक्षा-2025, दिनांक 11 फरवरी, 2025 से आरम्भ हो रही है। वार्षिक माध्यमिक सैद्धांतिक परीक्षा - 2025, दिनांक - 11.02.2025 से 03.03.2025 तक प्रथम पाली में (09.45 बजे पूर्वाहन से 01.00 बजे अपराह्न तक) एवं इंटरमीडिएट की सैद्धांतिक परीक्षा दिनांक - 11.02.2025 से दिनांक-03.03.2025 तक द्वितीय पाली में (02.00 बजे अपराह्न से 05.15 बजे अपराहन तक) संचालित की जाएगी। धनबाद जिलान्तर्गत वार्षिक माध्यमिक सैद्धांतिक परीक्षा कुल - 104 परीक्षा केन्द्र एवं इंटरमीडिएट (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) सैद्धांतिक परीक्षा कुल 89 परीक्षा केन्द्र में की जाएगी। कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न कराने के लिए अनुमंडल दंडाधिकारी राजेश कुमार ने दिनांक - 10.02.2025 की रात्रि 12 बजे से परीक्षा के प्रत्येक तिथि को परीक्षा समाप्ति तक सभी परीक्षा केन्द्रों के 100 मीटर परिक्षेत्र में धारा-163 भा.ना.सु.सं. के तहत निषेधाज्ञा जारी की है।निषेधित क्षेत्र में अनावश्यक भीड़ लगाना, अवैध रूप से मटरगश्ती करना, ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग एवं अनाधिकृत रूप से हथियार लेकर चलने तथा कदाचार से संबंधित किसी भी प्रकार की गतिविधि एवं वस्तु का उपयोग करने, परीक्षा से संबंधित कोई भी कागज-पत्र या अन्य सामग्री वितरित करने या उसकी गोपनीयता पर प्रतिकुल प्रभाव डालने का प्रयास करना आदि को प्रतिबंधित किया गया है।उपरोक्त आदेश दिनांक - 10.02.2025 की रात्रि 12 बजे से परीक्षा के प्रत्येक तिथि को परीक्षा समाप्ति तक के लिए लागू रहेगा।

कोल इंडिया की मदद से पहला कदम दिव्यांग बच्चों को सामान्य बनाने में जुटा

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता): नारायणी चैरिटेबल ट्रष्ट के अन्तर्गत दिव्यांग बच्चों की स्कूल पहला कदम भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के बंगलो नंबर 8 में सुचारु रूप से चल रहा है, यहाँ दिव्यांग बच्चों के लिए शिक्षा, चिकित्सा और उसे आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई तरह के प्रयासों से इन बच्चों को सामान्य बच्चों की तरह बनाया जा रहा है। आज ये बच्चे समाज के हर क्षेत्र में पहला कदम स्कूल का नाम रोशन कर रहे है और इन सबक के लिए हमारे सहयोगकर्ता कोल इंडिया लिमिटेड है जो हमें स्हयोग राशि के रुप में 21 लाख 8 हजार 275 रुपये 2024 25 में दिये है। कोल इंडिया लिमिटेड का सहयोग मिलने से आज दिव्यांग बच्चों का जीवन सामान्य बच्चों की तरह बनाने में पहला कदम स्कूल सहायक सिद्ध हो पा रहे है। पहला कदम परिवार की और से कोल इंडिया लिमिटेड को तहे दिल से बहुत-बहुत धन्यवाद और आग्रह है कि आगे भी इनका साथ और प्यार इन दिव्यांग बच्चों पर बना रहे।

मानव संसाधन विभाग जीतपुर एवं चासनाला के अधिकारी के खिलाफ़ किया ज़ोरदार प्रदर्शन

झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता): सेल के जीतपुर कोलियरी के असंगठित मजदूर मोर्चा के सभी मजदूर जीतपुर कोलियरी के मुख्य कार्यालय के समीप मानव संसाधन विभाग जीतपुर एवं चासनाला के अधिकारी के खिलाफ़ नारेबाजी की ज़ोरदार प्रदर्शन किया। कई अधिकारी को जाने नहीं दिया। मेन गेट पर लेट गए कई घंटे तक अधिकारी बहार खड़े रहे। आश्वाशन के बाद अधिकारी को जाने दिया गया। बताते चलें की सेल के मानव संसाधन विभाग जीतपुर एवं चासनाला के अधिकारी की लापरवाही एवं कार्य में उदासीनता के कारण लम्बे समय तक ठेका मजदूरों का सारा दस्तावेज़ रोक कर रखे जाने के कारण आज तक ऑनलाइन नहीं हो पाया है। जिसके कारण ठेका मजदूर अपनी भविष्य निधि का पैसा आवश्कता अनुसार निकाल नहीं पा रहे है। जबकि कोयला खान भविष्य निधि संगठन धनबाद के आयुक्त का निर्देशानुसार जनवरी 2024 में ही उपलब्ध करा देना चाहिए था।लेकिन अभी तक ओन लाइन नहीं हुवा है। जीतपुर कोलियरी के असंगठित मजदूर के शाखा सचिव सुरेश सिंह ने कहा की ठेका मजदूर का जो पैसा है वह उनकी मेहनत की कमाई का पैसा है वो पैसा अपनी भविष्य के लिए रखते है ताकि अपने बच्चे को अच्छी शिक्षा दे सके शादी के समय पैसा काम आ सके। कई ठेका मजदूर अपने बच्चों की शादी एवं अन्य कार्य के लिए दर दर भटक ना पड़ रहा है सेल के मानव संसाधन विभाग जीतपुर एवं चासनाला के अधिकारी जानबूझ कर मजदूरों का दस्तावेज़ रोक कर रखा था 7 ताकि ओन लाइन ना हो सके 7ये उनकी मंशा को दर्शाता है सुरेश सिंह ने कहा की ऐसे अधिकारी पर करवाई होनी चाहिए 7 लोगो का कहना है की कई मृत सेवानिवृत कार्मियों का भविष्य निधि पैशन अभी तक चालू नहीं हुआ है। उनकी पत्नी दर दर भटक रही है। मौके पर राजकुमार तिवारी, प्रदीप महतो,दसरथ प्रशाद,अमज़द अंसारी,उपेंद्र प्रसाद भगलू रावत आदि मौजूद थे।

धनबाद की अनीता मजूमदार का अंतर्राष्ट्रीय मॉडलिंग व अभिनय में बढ़ता कदम

धनबाद : धनबाद की अनीता मजूमदार मॉडलिंग एवं अभिनय में नित्य आयाम छोड़ कर धनबाद का नाम रौशन कर रही है। इंडिया का सबसे बड़ा फैशन शो लैक्मे फैशन वीक में धनबाद की अनीता मजूमदार को सिलेब्रिटी गेस्ट के रूप में आमंत्रित किया गया। इस संदर्भ में धनबाद की मॉडल और अभिनेत्री अनीता मजूमदार ने एक साक्षात्कार में बताया कि लक्मे ए फैशन वीक मुझे आमंत्रित कर सम्मानित किया और साथ ही साथ आगामी लैक्मे फैशन वीक में बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे एवं अन्य मशहूर मॉडल्स के साथ रैंप वॉक परफॉर्मेंस होगा। इसी महीने फरवरी में इजिप्ट के सबसे बड़े फैशन शो अंतर्राष्ट्रीय एलवाईए रैंप शो आयोजित हुआ था जिसमें मैं टॉपर चुनी गई। इसकी ड्रेस डिजाइनिंग नीता खंडेलवाल ने की जो अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त ड्रेस डिजाइनर है और मेरी ड्रेस डिजाइनर है। इन्हीं सब मेहनत, उपलब्धियां और धनबाद वासियों के समर्थन और आशीर्वाद से आगामी बहुत सारे वेब सीरीज, एल्बम फिल्मों में अभिनय के ऑफर आ रहे हैं। कुछ दिनों पहले जापान की लव किल्लन परफ्यूम की ब्रांड इंडोर्स करने के लिए जापान बुलाया गया था। कंपनी ने मेरा प्रोफाइल और परफॉर्मेंस देख कर अपने लव किल्लन परफ्यूम का मॉडल चुन लिया। इन सभी सफलताओं के पीछे समस्त धनबाद वासियों एवं मेरी मां का समर्थन और आशीर्वाद है।

उपायुक्त ने किया दवा खाकर फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ

धनबाद को फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिए सभी करें दवा का सेवन : उपायुक्त

- ➩ 11 से 25 फरवरी तक छूटे हुए लोगों को दवा प्रशासक देंगे घर घर जाकर दवा
- ➩ फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सभी लोगों से दवा लेने की अपील

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने सोमवार को सदर अस्पताल में फाइलेरिया उन्मूलन के लिए शुरू हुए मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन का शुभारंभ स्वयं डीईसी एवं एल्बेंडाजोल की गोली खाकर किया।इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि 11 से 25 फरवरी तक दवा प्रशासक द्वारा घर-घर जाकर लोगों को अपने सामने डीईसी एवं एल्बेंडाजोल की खुराक खिलाई जाएगी। उन्होंने धनबाद को फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिए जिले वासियों से दवा प्रशासक को सहयोग करने और जरूर दवा लेने की अपील की। साथ ही कहा कि मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के दौरान वर्ष में एक बार डीईसी एवं एल्बेंडाजोल दवा का खुराक लेने से इस लाईलाज रोग पर नियंत्रण पाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि 1 से 2 साल तक के बच्चे को एल्बेंडाजोल की आधी गोली (200 एमजी) पानी में घोलकर। 2 से 5 वर्ष तक को डीईसी की एक गोली (100 एमजी), एल्बेंडाजोल की एक गोली (400 एमजी), 6 वर्ष से 14 वर्ष तक डीईसी की 2 गोली (200 एमजी), एल्बेंडाजोल की एक गोली, 15 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को डीईसी की तीन गोली 300 (एमजी) एवं एल्बेंडाजोल की एक गोली दवा प्रशासक द्वारा अपने सामने खिलाई जाएगी। जबकि एक वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं अत्यंत वृद्ध एवं गंभीर बीमार व्यक्तियों को दवा की खुराक नहीं दी जाएगी। मौके पर सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानु प्रतापन, सदर अस्पताल के नोडल डॉ राजकुमार सिंह, डब्ल्यूएचओ के सर्विलांस मेडिकल ऑफिसर डॉ अमित कुमार तिवारी, वीबीडी पदाधिकारी डॉ सुनिल कुमार, वीबीडी सलाहकार रमेश कुमार सिंह, डीएलओ डॉ मंजू दास, शुभम् कुमार व अन्य लोग मौजूद थे।

11 फरवरी से 3 मार्च तक 105 सेंटर पर होगी वार्षिक माध्यमिक व इंटरमीडिएट परीक्षा

- कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराने के लिए दंडाधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों को दिये दिशा निर्देश
- कदाचार करते पकड़े जाने पर की जायेगी एफआईआर
- सभी तरह के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने पर प्रतिबंध

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : जिले के 105 परीक्षा केंद्रों पर 11 फरवरी से 3 मार्च तक वार्षिक माध्यमिक व इंटरमीडिएट परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। शांतिपूर्ण तरीके से और कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराने के लिए उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को न्यू टाउन हॉल में सभी दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।इस अवसर पर उपायुक्त ने सेंटर सुपरिंटेंडेंट को परीक्षा के दौरान कदाचार करते पकड़े जाने पर परीक्षार्थी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने, परीक्षा केंद्र में पानी, बिजली, पर्याप्त रोशनी, स्वच्छ शौचालय, सीसीटीवी सहित अन्य सुविधाएं सुनिश्चित करने तथा परीक्षा अवधि में सीसीटीवी से निगरानी रखने का निर्देश दिया।साथ ही उन्होंने स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारी को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए परीक्षार्थियों की अच्छे से जांच करने, उनकी पहचान सुनिश्चित करने, समय पर प्रश्न पत्र केंद्र तक पहुंचाने का निर्देश दिया।वहीं वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने पुलिस पदाधिकारियों को सतर्क रहकर अपने कर्तव्य का निर्वहन करने, परीक्षार्थी के फोटो युक्त पहचान पत्र के साथ चेहरे का मिलान करने, किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को नहीं ले जाने देने, समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचने तथा परीक्षा केंद्र के बाहर लोगों का जमवाड़ा नहीं लगने देने का निर्देश दिया।11 फरवरी से 3 मार्च तक आयोजित होने वाली वार्षिक माध्यमिक परीक्षा प्रथम पाली में सुबह 9ः45 बजे से दोपहर 1ः00 बजे तक तथा इंटरमीडिएट परीक्षा द्वितीय पाली में दोपहर 2ः00 बजे से संध्या 5ः15 बजे तक आयोजित की जाएगी। बैठक में उपायुक्त माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन, उप विकास आयुक्त सादात अनवर, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी निशु कुमारी, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम, डीएसपी सुमित कुमार, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी व अन्य लोग मौजूद थे।

असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट ने किया कैंसर जागरूकता स्क्रीनिंग सह निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा बलियापुर प्रखंड के पलानी गांव में एक कैंसर जागरूकता स्क्रीनिंग एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य स्थानीय समुदाय को कैंसर के प्रति जागरूक करना और उन्हें निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की सुविधा प्रदान करना था।यह शिविर असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से आयोजित किया गया था, जिसमें विशेषज्ञ डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों की एक टीम ने समुदाय आधारित मूल्यांकन (Community-Based Assessment) प्रक्रिया के तहत कैंसर की प्रारंभिक पहचान, इलाज के तरीके और निवारण उपायों के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी। शिविर में उपस्थित नागरिकों का विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें रक्तचाप, आरबीएस, पल्स, ऑक्सीजन संतृप्ति (SpOw), तापमान, वजन और अन्य सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण शामिल थे।इस शिविर में भारी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित हुए और उन्होंने इस पहल की सराहना की। आयोजन में शामिल स्वास्थ्य टीम ने बताया कि समय पर कैंसर का निदान और उपचार जीवन को बचा सकता है।इस शिविर में महिलाएं, पुरुष, बच्चे, और वृद्ध सभी ने अपनी स्वास्थ्य जांच करवाई और कैंसर के प्रति जागरूक हुए। असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट ने भविष्य में इस तरह के और शिविर आयोजित करने का संकल्प लिया।

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, अवर प्रादेशिक नियोजनालय, हजारीबाग

भर्ती कैम्प, दिनांक – 15.02.2025

सूचना

अवर प्रादेशिक नियोजनालय –सह– मॉडल कैरियर सेन्टर, हजारीबाग द्वारा दिनांक 15.02.2025 को अवर प्रादेशिक नियोजनालय, हजारीबाग में 10:00 बजे पूर्वाहन से 4:00 बजे अपराह्न तक निम्न कंपनियों के अधीन रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु एक दिवसीय भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसका विवरण निम्न हैं :–

S. N	Name of the Establishment	Name of Vacancies	No of Vacanies	Qualification	Experience	Age in Years	Pay/Salary	Job Location	Remarks
1	BACS Energy Pvt. Ltd. Bhilai Durg	Trainee Engg..	50	Diploma/ BE/ B-Tech (Mechanical)	0 – 1 Years	21 - 30	16K – 18 K	Guj, Mahkar	Accommodation and one time meal by company
		Trainee Engg..	20	Diploma /BE/ B-Tech (Electrical)	0 – 1 Years	21 - 30	16K – 18 K	Guj, Mahkar	
2	Reliance Nippon Life Insurance Hazaribagh	S. ARDM	05	Graduate	Fresher / Experience 2 Years minimum	25 – 35	2.3 lac per annum		
		ARDM	10	Graduate	Fresher / Experience 2 Years minimum	25 – 35	2.3 lac per annum		
		MP	01	Graduate	Fresher / Experience 2 Years minimum	25 – 35	2.3 lac per annum		
		Ex MP	01	Graduate	Fresher / Experience 2 Years minimum	25 – 35	2.3 lac per annum		
		ABM	02	Graduate	Fresher / Experience 2 Years minimum	25 – 35	2.3 lac per annum		
		Ex ARDM	01	Graduate	Fresher / Experience 2 Years minimum	25 – 35	2.3 lac per annum		
		Chief MP	01	Graduate	Fresher / Experience 2 Years minimum	25 – 35	2.3 lac per annum		
		Ex MP		Graduate	Fresher / Experience 2 Years minimum	25 – 35	2.3 lac per annum		

योग्य एवं इच्छुक आवेदक (उम्मीदवार) जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.jharniyojan.jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए इस रोजगार मेला/भर्ती में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण–पत्रों एवं अंक प्रमाण–पत्रों की छाया प्रतियों अंचल कार्यालय द्वारा निर्गत आवासीय प्रमाण–पत्र तथा बायोडाटा दो प्रतियों में, दो पासपोर्ट साईज का फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते है। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उन्हे पुनः निबंधन करवाने की आवश्यकता नहीं है। चूँकि रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, अतएव चयन की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार से हस्तेक्षप नहीं रहेगा। इस निमित किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय देय नही होगा।

नियोजन पदाधिकारी
अवर प्रादेशिक नियोजनालय, हजारीबाग।

PR.NO.346147 Labour Employment and Traning(24-25):D

अनुमण्डल दण्डाधिकारी का न्यायालय, गुमला
भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा–163 के तहत
आदेश

अध्यक्ष, झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची के पंत्राक–JAC/028/2003/CC-31/2025, दिनांक–17.01.2025 द्वारा संसूचित व निदेशित है कि वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2025 एवं इन्टरमीडिएट (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) परीक्षा–2025 का आयोजन कुल 35 परीक्षा केन्द्रों पर दिनांक–11.02.2025 से दिनांक–03.03.2025 तक प्रथम पाली एवं द्वितीय पाली में होना सुनिश्चित है।

उक्त आलोक में लोक परिशाँति एवं विधि व्यवस्था के साथ निर्विघ्न, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त परीक्षा के सफल संचालन हेतु मैं राजीव नीरज, अनुमण्डल दण्डाधिकारी, गुमला भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा–163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए गुमला अनुमण्डल क्षेत्र के गुमला नगर परिषद्, गुमला प्रखण्ड, सिसई प्रखण्ड, घाघरा प्रखण्ड, बिशुनपुर प्रखण्ड, रायडीह प्रखण्ड एवं भरनो प्रखण्ड क्षेत्र निम्नांकित परीक्षा केन्द्रों से 100 मीटर की परिधि तक दिनांक–10.02.2025 के संध्या 6:00 बजे से दिनांक–03-03.2025 के रात्रि 10.00 बजे तक निषेधाज्ञा (प्रतिबन्ध) जारी व लागू करता हूँ :–

क्र0	गुमला अनुमण्डल परिक्षेत्र	परीक्षा केन्द्र	अभि0
1	2	3	4
1.	गुमला नगर परिषद्	संत् इग्नासियुस उच्च विद्यालय, गुमला	
2.		लथेरन उच्च विद्यालय, गुमला	
3.		उर्सलाईन बालिका उच्च विद्यालय, गुमला	
4.		संत् पात्रिक उच्च विद्यालय, गुमला	
5.	प्रखण्ड – गुमला	राजकीय उच्च विद्यालय, करंजटोली, गुमला	
6.		संत् अन्ना बालिका उच्च विद्यालय, दाऊदनगर, पुग्गू, गुमला	
7.		राजकीकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, अरमई, गुमला	
8.		राजकीयकृत उच्च विद्यालय, टोटो, गुमला	
9.	प्रखण्ड – सिसई	राजकीयकृत बालक मध्य विद्यालय, सिसई	
10.		संत् जेवियर उच्च विद्यालय, रोषनपुर, सिसई	
11.		माघी बालिका उच्च विद्यालय, सिसई	
12.		संत् तुलसीदास उच्च विद्यालय, सिसई	
13.		आश्रम आवासीय बालिका उच्च विद्यालय, सिसई	
14.		राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, (प्र0 मु0),सिसई	
15.		राजकीयकृत बालिका उच्च विद्यालय, सिसई	
16.		राजकीयकृत कार्तिक उच्च विद्यालय, छारदा, सिसई	
17		रा0उर्दू मध्य विद्यालय, सिसई	
18.	प्रखण्ड – भरनो	राजकीयकृत कन्या मध्य विद्यालय, भरनो	
19.		प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय, भरनो	
20.		राजकीयकृत + 2 उच्च विद्यालय, भरनो	
21.		सीताराम सरस्वती विद्या मंदिर, भरनो	
22.		राजकीकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, दुम्बो, भरनो	
23.	प्रखण्ड – घाघरा	एस0 एस0 + 2 उच्च विद्यालय, घाघरा	
24.		राजकीकृत मध्य विद्यालय, घाघरा	
25.		टी0बी0आर0 उच्च विद्यालय, नवडीहा, घाघरा	
26.		संत् जुड्स उच्च विद्यालय, नवडीहा, घाघरा	
27		संत जुड्स मध्य विद्यालय नवडीहा, घाघरा	
28.	प्रखण्ड – बिषुनपुर	एस0 एस0 + 2 उच्च विद्यालय, बिषुनपुर	
29.		आवासीय बालिका उच्च विद्यालय, चापाटोली, बिषुनपुर	
30.		राजकीयकृत मध्य विद्यालय, बिषुनपुर	
31.		राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, नरमा, बिषुनपुर	
32.	प्रखण्ड – रायडीह	एस0 एस0 + 2 उच्च विद्यालय, रायडीह	
33.		जय किसान उच्च विद्यालय, माँझाटोली, रायडीह	
34.		संत् अन्ना उच्च विद्यालय, माँझाटोली, रायडीह	
35.		प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय, रायडीह	

तद्आलोक में, उपरोक्त वर्णित परीक्षा केन्दों में ----------------

1. 100 मीटर की परिधि में 5 या 5 से अधिक व्यक्तियों का एक साथ एकत्रित होना अथवा, अस्त्र–शस्त्र के साथ प्रदर्शन करना पूर्णतः वर्जित रहेगा।
2. यह निषेधाज्ञा कर्त्तव्य पर प्रतिनियुक्त सरकारी कर्मियों, मन्दिर–मस्जिद, गिरजाघर में पूजा–अर्चना, शादी–विवाह के लिए आए लोगों एवं शव यात्रा पर लागू नहीं होगी।
3. एक साथ तीन से अधिक वाहनों (पुलिस/सरकारी वाहनों को छोड़कर) के परिचालन करने पर पूर्णतः प्रतिबन्ध रहेगा।
4. पूरे परीक्षा केन्द्र के परिक्षेत्र में दिनांक–10.02.2025 के संध्या 6:00 बजे से दिनांक–03-03.2025 के रात्रि 10.00 बजे तक ध्वनि–विस्तारक यंत्र/वाहन आदि के साथ इसके प्रयोग को निषेधित किया जाता है। आवश्यकतानुसार सभी संबंधित पक्ष निदेशित शर्त्तों पर इस हेतु लिखित अनुमति प्राप्त कर ही ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग कर सकेंगे। बिना अनुमति के किसी भी वाहन पर ध्वनि–विस्तारक यंत्र के प्रयोग पर पूर्णतः प्रतिबन्ध रहेगा।
5. पूरे गुमला अनुमण्डल क्षेत्र में किसी प्रकार का घातक हथियार/अग्नेयास्त्र या विस्फोटक सामान लाने या ले जाने पर मनाही की जाती है। हथियार में (वृद्ध एवं अंपगों के टहलने की छड़ी एवं ड्यूटी पर तैनात सुरक्षाकर्मी की लाठी एवं अग्नेयास्त्र को छोड़कर) लाठी भी शमिल है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,गुमला।

PR 346196 District (24-25)D

कार्यालय, अनुमण्डल पदाधिकारी –सह–अनुमण्डल दण्डाधिकारी, सिमरिया (चतरा)।

–: निषेधाज्ञा आदेश :–
भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा–163

उपायुक्त, चतरा के आदेश ज्ञापांक–254/स्था0, दिनांक–08.02.2025 के आलोक में झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची द्वारा संचालित वार्षिक माध्यमिक परीक्षा–2025 एवं वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा–2025, दिनांक–11.02.2025 से 03.03.2025 तक प्रथम पाली में (पूर्वाह्न–9.45 से 1.00 बजे अपराहन तक) तथा द्वितीय पाली में (अपराहन 2.00 बजे से 5.15 बजे अपराहन तक) संचालित होगी। इस संदर्भ में सिमरिया अनुमण्डल अन्तर्गत पड़ने वाले विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर दण्डाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, चतरा के द्वारा की गई है। उक्त अवसर पर निर्देशित है कि परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा समाप्ति तक केन्द्रों के 200 मीटर परिधि में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा–163 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू करने की कार्रवाई की जायेगी।

तदनुसार उक्त परीक्षा में विधि–व्यवस्था बनाये रखने एवं परीक्षा को कदाचार मुक्त तथा शान्ति पूर्ण संपन्न कराने हेतु निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर 200 मीटर की परिधि में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा–163 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा आदेश लागू करना आवश्यक प्रतीत होता है।

अतः **मैं सन्नी राज(भा0प्र0से0) अनुमण्डल दण्डाधिकारी–सह–अनुमण्डल पदाधिकारी, सिमरिया भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा–163 अन्तर्गत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए परीक्षा अवधि के दौरान विभिन्न परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा आदेश लागू करता हूँ।** परीक्षा केन्द्र जिस पर निषेधाज्ञा आदेश प्रभावी रहेगा, इनकी विवरणी निम्नवत् है :–

क्र0	वर्षिक माध्यमिक परीक्षा–2025, परीक्षा हेतु परीक्षा केन्द्र का नाम	थाना/प्रखण्ड क्षेत्र का नाम	इंटरमीडिएट (कला, विज्ञान, वाणिज्य) परीक्षा–2025 परीक्षा हेतु परीक्षा केन्द्र का नाम	थाना/प्रखण्ड क्षेत्र का नाम	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5	6
1.	गंगा स्मारक उच्च विद्यालय, गिद्धौर।	गिद्धौर	एस0एस0+2 उच्च विद्यालय, सिमरिया।	सिमरिया।	
2.	मध्य विद्यालय, गिद्धौर।		सिमरिया इंटर कॉलेज, सिमरिया।		
3.	जनता उच्च विद्यालय, पत्थलगडा।	पत्थलगडा	किसान उच्च विद्यालय, डाडी।		
4.	उत्क्रमित उच्च विद्यालय, नावाडीह, पत्थलगडा।		उत्क्रमित उच्च विद्यालय, नावाडीह, पत्थलगडा।	पत्थलगडा।	
5.	राज्य संपोषित उच्च विद्यालय, सिमरिया।	सिमरिया।	उत्क्रमित उच्च विद्यालय, लमटा, लावालौंग।	लावालौंग।	
			एस0एस0+2 उच्च विद्यालय, टण्डवा।	टण्डवा।	
			परियाजना बालिका उच्च विद्यालय, टण्डवा।		
6.	किसान उच्च विद्यालय, डाडी, सिमरिया।		राजकीय कन्या मध्य विद्यालय, टण्डवा।		
7.	सिमरिया इंटर कॉलेज, सिमरिया।				
8.	बुनियादी विद्यालय, सिमरिया।				
9.	मध्य विद्यालय, बगरा मोड, सिमरिया।	सिमरिया।	मध्य विद्यालय, गिद्धौर।	गिद्धौर।	
10.	उत्क्रमित उच्च विद्यालय, लावालौंग।	लावालौंग।	–	–	
11.	उत्क्रमित उच्च विद्यालय, लमटा, लावालौंग।				
12.	वनांचल इंटर कॉलेज, टण्डवा।	टण्डवा।			
13.	राज्य संपोषित उच्च विद्यालय, टण्डवा।				
14.	परियोजना बालिका उच्च विद्यालय, टण्डवा।				
15.	राजकीय कन्या मध्य विद्यालय, टण्डवा।				
16.	उच्च विद्यालय, बचरा।				

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा–163 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा आदेश निम्न शर्तों के साथ लागू रहेगा :–

1. परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि के अन्दर कोई भी व्यक्ति अनावश्यक रूप से न तो मजमा लगायेंगें और न हीं ऐसा करने के लिए किसी को उकसायेंगें।
2. कोई भी व्यक्ति घातक हथियार यथा लाठी, भाला, गड़ासा, तलवार एवं अन्य किसी भी तरह का आग्नेयास्त्र लेकर निषेधाज्ञा क्षेत्र में प्रवेश नहीं करेगा।
3. अद्योहस्ताक्षरी के वगैर अनुमति का ध्वनि विस्तारक यंत्र यथा लाउडस्पीकर, किसी भी प्रकार का नारेबाजी, रैली, किसी भी प्रकार का सामूहिक कार्यक्रम आदि का प्रयोग निषेधाज्ञा क्षेत्र में नहीं किया जाएगा।
4. परीक्षा केन्द्र आदि के नजदीक किसी भी व्यक्ति के मटरगश्ती आदि करने पर पूर्णतः रोक रहेगी।
5. कोई भी व्यक्ति किसी परीक्षार्थी को कदाचार करने में न तो सहयोग करेगा और न हीं चिट पूर्जा आदि पहुंचाने में प्रयास करेगा। ऐसा करते हुए पकड़े जाने पर ऐसे व्यक्तियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी।
6. परीक्षा केन्द्रों पर प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी/परीक्षार्थी/पुलिस बल अथवा परीक्षा कार्य से जुड़े हुए कर्मियों/पदाधिकारियों को छोड़कर किसी का भी प्रवेश वर्जित रहेगा।
7. निषेधाज्ञा आदेश के अधीन यह आदेश विशिष्ट व्यक्तियों या विशेष स्थान या क्षेत्र में निवास करने वाले व्यक्तियों को अथवा आम जनता को जब वे उस राह से हीं किसी विशेष स्थान या क्षेत्र में जाते रहते हैं या जायें निर्दिष्ट किया जा सकेगा।
8. इस धारा के अधीन निषेधाज्ञा किसी मृत व्यक्ति के दाह संस्कार अथवा धार्मिक कार्यक्रम शादी–विवाह के कार्यक्रम में शामिल व्यक्तियों के विरूद्ध शिथिल रहेगा।
9. यह निषेधाज्ञा अपने कर्त्तव्य पर तैनात पुलिस कर्मियों/दण्डाधिकारियों/परीक्षा कार्य से जुड़े हुए कर्मियों के विरूद्ध प्रभावी नहीं रहेगा।

आज दिनांक–08.02.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से यह निषेधाज्ञा आदेश निर्गत किया गया, जो दिनांक–11.02.2025 से दिनांक–03.03.2025 तक कह तिथि तक प्रभावी रहेगा।

अनुमण्डल दण्डाधिकारी,
सिमरिया।

PR 346232 (District) 24-25 (D)

धीरज प्रसाद साहू के सौजन्य से कांग्रेसियों ने गरीब, असहाय के बीच किया कंबल वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत अन्तर्गत सरनाटोली ग्राम में पूर्व राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहु के सौजन्य से ठंढ के प्रकिप से बचाव के लिये गांव के गरीब असहाय व वृद्ध वृद्धाओं के बीच कम्बल का वितरण किया गया। इस निमित सरना टोली स्थित आदिवासी मुहल्ला में 40 गरीब असहाय व्यक्तियों के बीच पूर्व प्रखंड अध्यक्ष जमील अंसारी के नेतृत्व में पंचायत के कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा कंबल वितरण किया गया। साथ ही प्रखंड क्षेत्र में पार्टी की मजबूती के लिये विशेष मुहिम चलाया जा रहा है। वही कंबल वितरण के दौरान पूर्व प्रखंड अध्यक्ष जमील अंसारी ने कहा कि गरीब असहाय और वृद्धाओं का मदद करना कांग्रेस पार्टी के नियती में शामिल है। साथ ही उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन के वरीय पदाधिकारियों के दिशा निर्देश पर कार्यकर्ताओं ने यह निश्चय किया गया कि जितना हो सके गरीब असहाय और वर्द्धों को ठंड से बचाने का हर सम्भव प्रयास किया जायेगा। जिस के लिये प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत ग्राम में घूम घूम कर जरूरतमंद गरीब असहायों के बीच कंबल का वितरण किया जा रहा है। वही प्रखंड उपाध्यक्ष संजीवन उराँव ने कहा प्रखंड के विभिन्न पंचायत ग्राम में ठंड से बचाव के लिए वैसे गरीब असहाय के बीच कंबल वितरण कर मदद किया जा रहा है। मौके पर समाजसेवी यूसुफ अंसारी, रिजवान अंसारी, वार्ड सदस्य शर्मिला उराँव, आजम अंसारी सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद थे।

हनुमान मंदिर में आज से प्रारम्भ हुआ अखंड हरिकीर्तन



प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत अन्तर्गत तोड़ार ग्राम में माघ पूर्णिमा के अवसर पर हनुमान मंदिर में 24 घण्टे का अखंड हरि कृतन आज से प्रारम्भ हुआ। वही तोड़ार ग्राम के कीर्तन मंडली के श्रद्धालु भक्त शरद यादव, बृजमोहन साहु, रंजीत यादव, अभिषेक साहु, कपिंद्र महतो, अजय साहु, राजेन्द्र जायसवाल,सतीश यादव समेत अन्य सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया की तोड़ार ग्राम में करीब 15 वर्षो से लगातार अखण्ड हरि कृतन का आयोजन किया जा रहा है। जिस निमित मंगलवार से ग्राम के बीच स्थित हनुमान मंदिर में माघ पुर्णिमा के अवसर पर 24 घण्टे का अखण्ड हरि कृतन विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रारम्भ होगा। जो बुधवार को समापन होगा। साथ ही बताया कि आयोजित अखंड हरि कीर्तन में बरही, सेन्हा, अरु, चारहु, आरेया, हेसवे, बाजार डांडू, चौकनी सहित विभिन्न गांवों के कृतन मंडली व महिला पुरुष भक्तजन शामिल होंगे। वही अखंड हरि कृतन का समापन के पश्चात बुधवार को भंडारे का आयोजन किया जायेगा। जिसमे सभी श्रद्धालु भक्तों से ससमय कृतन व भंडारा में शामिल होने के लिये अपील किया गया है।

शिक्षा तथ्यों का अध्ययन नहीं है, बल्कि सोचने के लिए मन का प्रशिक्षण है परीक्षा पर चर्चा : विपिन कुमार दास

लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता): शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आयोजित परीक्षा पे चर्चा आयोजित कार्यक्रम का लाइव अवलोकन कराया गया। परीक्षा पे चर्चा सन् 2018 से हर साल आयोजित होने वाला एक वार्षिक कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम को शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के कक्षा षष्ठ से नवम तक के भैया- बहनों को वीडियो लाइव के माध्यम से दिखाया गया। इस कार्यक्रम के दौरान भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश भर के छात्रों शिक्षकों और अभिभावकों से कैसे बातचीत करते हैं तथा बोर्ड परीक्षा और प्रवेश परीक्षाओं को तनाव मुक्त और सहज तरीके से कैसे हल किया जाए इसके कई तरीके बताए।पीएम मोदी ने परीक्षा पर चर्चा (पीपीसी) कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों से कहा की विफलताओं को अपना शिक्षक बनाना चाहिए। जीवन सिर्फ परीक्षा नहीं है। फेल होने से जीवन रुकता नहीं है। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने कहा कि परीक्षा पर चर्चा का उद्देश्य आपकी दृढ़ता, आपकी कड़ी मेहनत और कभी हार न मानने वाला रवैया आपको परिभाषित करता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री से सीधे बातचीत करने का भी मौका मिलता है।

कल्याण अस्पताल में निशुल्क मोतियाबिंद सह लैंस प्रत्यारोपण शिविर का हुआ आयोजन

लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता): कल्याण अस्पताल हेसल बसारडीह लोहरदगा संचालित विकास भारती बिशनपुर में जिला अंधापन नियंत्रण समिति लोहरदगा एवं जीवन ज्योति ट्रस्ट रांची के सहयोग से निशुल्क मोतियाबिंद सह लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 21 मरीज का निशुल्क ऑपरेशन एवं लैंस लगाया गया। इस आपरेशन शिविर में नेत्र सर्जन डॉ. वीरेंद्र कुमार, जीवन ज्योति ट्रस्ट के संजना गुप्ता, प्रबंधक प्रणव पाठक, ओ टी सहायक फारुख अंसारी, उर्मिला कुजूर, ए एन एम शांति धान, अंशु कुमारी, प्रीति कुमारी मुकेश साहु,बरुण सिंह, अरुण राम आदि उपस्थित थे।

पीएमश्री राजकीय उत्क्र0 ऊ0 विद्यालय जिंगी में 10 वीं के छात्र-छात्राओं के विदाई समारोह का हुआ आयोजन

अच्छे अंक लाकर अच्छा इंसान बनते हूए राष्ट्र निर्माण में समर्पण की भावना कुशल छात्र की पहचान : अलीराजा अंसारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

कुडू-लोहरदगा : मैट्रीक परीक्षा का परिणाम विशेष महत्व रखता है। व्यक्ति के कैरियर का चुनाव करने से लेकर व्यक्तित्व के निर्माण में मैट्रीक के परिणाम का प्रभाव दिखाई देता है।इसलिए आत्मविश्वास और लगन के साथ सफलता प्राप्ति हेतू सदैव प्रयत्नशील रहना चाहिए। उक्त बातें आज कुडू प्रखंड अवस्थित पीएमश्री रा. उत्क्रमित उच्च विद्यालय जिंगी में मैट्रीक 2025 के छात्र-छात्राओं के विदाई समारोह में विद्यालय के प्र. प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी ने कहीं।उन्होंने छात्रों के सफल और लंबी जीवन की कामना करते हुए उन्हें सदैव समाज और देश के विकास में अग्रसर रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा जरूरी अच्छा इंसान बनने की सोच रखना है जो देश के निर्माणकारी भुमिका के लिए समर्पित हो।इसके पूर्व कार्यक्रम में विद्यालय के नौवीं कक्षा के छात्रों ने दसवीं के परीक्षार्थियों का स्वागत किया और विदाई गीत की प्रस्तुती दी। मौके पर शिक्षक संजय उरांव, प्रमेश कुमार सिंह, आदित्य कुमार वैद्य, आईसीटी इंस्ट्रक्टर सादाब अंसारी ने भी बच्चों को लक्ष्य निर्धारण कर कड़ी मेहनत करते रहने के लिए प्रेरित किया। सभी शिक्षकों ने विदा लेने वाले बच्चों को सफल जीवन के लिए आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर सभी बच्चों को विद्यालय प्रबंधन की ओर से जनरल नॉलेज की किताब उपहारस्वरूप दी गई। कार्यक्रम का संचालन ज्याउल हक अंसारी एवं धन्यवाद प्रेषण खुशमारेन मर्शिला तिर्की ने किया। मौके पर शिक्षक-शिक्षकिएं फूलमनी उरांव, समीना खातून, मोनिका उरांव, सरिता टोप्पो, बीएड प्रशिक्षु अंकिता टोप्पो, राखी टोप्पो, मैजिक बस संस्था से रितेश कुमार सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में हुआ स्नेह मिलन समारोह का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा में कक्षा दशम के छात्र छात्राओं का स्नेह मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य विमलेश कुमार तिवारी व समिति के अध्यक्ष सुदेश्वर साहू तथा समिति संस्थापक सदस्य जगदीश साहू द्वारा संयुक्त रूप से भारतमाता की तस्वीर पर पुष्पार्चन और दीप प्रज्वलन कर शुभारम्भ किया गया। वही अतिथि परिचय प्रधानाचार्य द्वारा कराया गया। तत्पश्चात कक्षा नवम के बहनों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। वही प्रधानाचार्य बिमलेश कुमार तिवारी ने कहा विद्या भारती अंक ज्ञान के साथ साथ संस्कारित शिक्षा देने कार्य करती है। साथ ही विद्यालय में बिताए गए स्वर्णिम पल को बहन अंशु कुमारी, मानसी कुमारी एवं भैया मृत्युंजय कुमार साहू द्वारा अनुभव कथन के रूप में विचार व्यक्त किया गया। तथा अनुशासन, बेहतर उपस्थिति एवं हर गतिविधि में भाग लेने वाले भैया को प्रशस्ति पत्र के साथ विशेष उपहार भेंट किया गया। अध्यक्ष सुदेश्वर साहू ने उद्बोधन के दौरान आशीर्वचन देते हुए कहा कि विद्या मंदिर से पढ़े लिखे भैया बहन आज देश के महत्वपूर्ण पद पर सुशोभित हैं। वही जगदीश साहू ने अपने आशीर्वचन में कहा की मैट्रिक परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर परिवार समाज और देश का नाम रौशन का शुभकामना सभी भैया बहनों को दिया। इस अवसर पर कक्षा नवम के भैया बहनों द्वारा दशम कक्षा के अपने बड़े भैया बहन को उपहार दिया गया। कार्यक्रम प्रमुख संध्या कुमारी समेत सभी अचार्य आचार्याओं द्वारा शुभकामना दिया गया।

सेन्हा प्रखंड स्वास्थ्य केंद्र में फाइलेरिया रोधी एमडिटी की दवा खिलाई गई

सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड क्षेत्र में फाइलेरिया रोधी एमडीटी की दवा खिलाई गई। प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समेत विभिन्न जगहों के 116 केंद्रों में फाइलेरिया रोधी एमडीटी की दवा समदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कांग्रेस जिला अध्यक्ष सूखैर भगत, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.संजीत आनंद के अलावे एएनएम और स्वास्थ्य सहिया तथा आंगनबाड़ी सेविकाओं के द्वारा फाइलेरिया रोधी खिला कर दवा खिलाने के शुभारंभ किया गया। वही प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.संजीत आनंद ने बताया कि एमडीए कार्यक्रम के तहत 25 फरवरी तक 02 वर्ष से ऊपर उम्र के लोगो को दवा खिलाई जायेगी। सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के 116 बूथों में दवा खिलाई जा रही है। तथा 11 फरवरी से 25 फरवरी तक डोर टू डोर एएनएम, स्वास्थ्य सहिया और आंगनबाड़ी सेविकाओं तथा स्वास्थ्य वोलेंटियरों द्वारा दवा खिलाई जायेगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा के अंतर्गत 88 गाँवों में 92,250 लोगो को दवा खिलाई जाएगी। साथ ही बताया कि गर्भवती महिला, अधिक उम्र के व्यक्तियों और बीमार व्यक्तियों को छोड़ कर सभी लोगों दवा नही खिलाना है.वही सभी लोगों से फाइलेरिया का उपयोग अवश्य करने के लिये अपील किया गया। क्यों कि अपने पैर को हाथी पांव नही बनाने के लिये फाइलेरिया रोग से बचाव के लिए दवा का सेवन बहुत जरूरी है। यह रोग मच्छर के काटने से होता है जो एक संक्रमित बीमारी है। जिसका लक्षण काफी समय बितनी के बाद दिखाई देता हैं। फाइलेरिया बीमारी पैर फूलने व हाईड्रोशील से भी हो सकती है। जिससे सभी को बचाव करना बहुत ही आवश्यक है। मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष सूखैर भगत, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संजीत आनंद, विकास कुमार, महेश कुजूर, दवेंद्र गिरी, सीएचओ प्रियंका कुजूर, स्वास्थ्य सहिया शकुंतला देवी, सेविका मालती देवी अन्य मौजूद रहे।

कैरो प्रखंड के विभिन्न गांवो में सरकारी योजनाओं को लेकर चलाया जागरूकता अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

कैरो-लोहरदगा : प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 10 फरवरी सोमवार को श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग श्रम अधीक्षक कार्यालय लोहरदगा के द्वारा प्रखंड के अनेको गाँवो मे जागरुकता वाहन के द्वारा विभाग के द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओं के निमित प्रखंड वासियों को किया गया जागरुक। उक्त वाहन के द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से असंगठित कर्मकार मृत्यु दुर्घटना सहायता योजना के तहत कर्मकार की समान्य मृत्यु पर 50 हजार एवं दुर्घटना मृत्यु पर 01 लाख का प्रावधान, अंत्येष्टि सहायता योजना के तहत 15 से 25 हजार, मातृत्व व प्रसविधा योजना के तहत 15 हजार, कौशल उन्नयन योजना, उपचार अजीविका सहायता योजना, मुख्यमंत्री असंगठित श्रमिक औजार सहायता योजना, साईकल सहायता योजना के तहत 07 हजार रुपये, शिलाई मशीन सहायता योजना के तहत 06 हजार रुपये, विवाह सहायता योजना के तहत 30 हजार आर्थिक सहायता राशि सरकार के द्वारा विभाग से राशि डीबीटी द्वारा दिये जाने के प्रावधान के विषय में आम जन को ध्वनि विस्तारक यंत्र से जागरूकता वाहन के द्वारा जानकारी दी गई। कैरो प्रखंड के कैरो, उतका, विराजपुर, एड़ादोन, बकसी, सढ़ाबे, गजनी, खन्डा, नरौली, गुड़ि, बाघी, चिपो, नगड़ा इत्यादि गाँवों मे जागरूकता वाहन से सरकार के द्वारा संचालित योजना की जानकारी श्रम विभाग लोहरदगा के द्वारा दी गई।

कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में एमडीए कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

भंडरा-लोहरदगा : भंडरा प्रखंड स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में सोमवार को एमडीए कार्यक्रम 2025 की शुभारंभ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर संजय कुमार के द्वारा दवा खिलाकर की गई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर संजय कुमार ने बताया की 11 फरवरी से 25 फरवरी तक सहिया द्वारा घर घर जाकर दवा खिलाई जाएगी इस कार्यक्रम में 2 साल से ऊपर के लोगो को दवा खिलाई जाएगी तथा 2 साल से नीचे,गर्भवती महिला और गंभीर रूप से बीमार लोगो को दवा नही खिलाई जाएगी। इस कार्यक्रम में एमओआईसी डाक्टर संजय कुमार, साजिद आलम, मेरी बेक, ज्योति हुरहुरिया, एवलिन मिंज आदि लोग उपस्थित थे।

राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा जिला समिति की अगुवाई में तीन जोड़ा का बेन्जा समारोह हुआ सम्पन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : फरवरी महिना माघ मास के शुक्ल पक्ष त्रयोदशी को राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा लोहरदगा जिला समिति की अगुवाई में एम जी रोड स्थित झखरा कुम्बा सरना स्थल में तीन कन्या वर जोड़ों का आदिवासी सरना रीति-रिवाज से बेन्जा समारोह सम्पन्न हुआ। इन तीनों कन्या वर जोड़ों का बेन्जा कार्यक्रम राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा लोहरदगा जिला धर्म गुरू फुलेश्वर उरांव के द्वारा किया गया। आदिवासी सरना समाज में कोच्चा चांदो में बेन्जा समारोह या कोई भी नया या शुभ कार्य नहीं होता है। पूर्वजों से चलता आ रहा है कि दवनलख आदिवासी समाज में बढ़ती चांद में ही करने का रीति-रिवाज किया जाता है। बेन्जा समारोह सदर प्रखंड के ग्राम हेंसल से पिता स्वर्गीय विश्वनाथ उरांव का पुत्र अनिल उरांव वर कन्या संध्या उरांव से हुआ। दूसरा ग्राम हेसमी प्रखंड मांडर जिला रांची निवासी पिता चम्पा उरांव का पुत्र संजय उरांव वर कन्या नदिया उरांव ग्राम मेढ़ो कोराम्बे लोहरदगा के साथ हुआ। तीसरा लोहरदगा सदर प्रखंड के ग्राम रघु डोंगा टोली पिता विजय टोप्पो का पुत्र वर अजय उरांव के साथ कन्या रानी उरांव ग्राम नदिया करचा टोली निवासी के साथ हुआ। इस समारोह में मुख्य रूप से राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा लोहरदगा जिला समिति जिलाध्यक्ष सोमदेव उरांव, सचिव सुकेनदर उरांव, महिला प्रकोष्ठ से बेन्जा समारोह सहयोगी जयंती उरांव, विसनी उरांव, कोर कमिटी से सोमे उरांव, फूलदेव भगत, राम किशुन उरांव समेत कन्या वर से जगरनाथ भगत, रंथु उरांव, करमचंद उरांव, जगन पहान, सुजित भगत,पार्वती पहान, मोटा उरांव, मंगरा उरांव, मंजू उरांव, पुष्पा उरांव, रेखा देवी, पचोला टोप्पो, शांति कुमारी सहित भारी संख्या में आदिवासी सरना समुदाय के लोग मौजूद थे।

विद्या विकास समिति झारखंड द्वारा आयोजित निबंध प्रतियोगिता में अन्वेषा मुखर्जी प्रथम

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा की बहन अन्वेषा मुखर्जी ने विद्या भारती द्वारा आयोजित निबंध प्रतियोगिता में पूरे झारखंड में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्या भारती प्रतिभा खोज /चयन एवं निबंध प्रतियोगिताओं में सफल आए विद्यार्थियों को वंदना सभा में उनके अभिभावकों के साथ सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में शामिल भैया बहनों ने विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया। भैया-बहनों एवं उनके अभिभावकों को सम्मानित करने के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल उपस्थित थे। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान प्रत्येक वर्ष पूरे झारखंड के विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए विद्या भारती प्रतिभा खोज एवं चयन परीक्षा आयोजित करती है परीक्षा के माध्यम से भैया-बहनों के प्रतिभा का पता चलता है। यह परीक्षा दो चरणों में संपन्न होती है। प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा। मुख्य परीक्षा में सर्वोत्तम अंक लाने वाले भैया-बहनों को नगद राशि से सम्मानित किया जाता है। विद्यालय के कक्षा सप्तम के भैया अमन कुमार ने प्रतिभा खोज में द्वितीय स्थान प्राप्त कर 4000 नगद राशि, भैया ऋषभ राज शर्मा 1000 नगद, राशि, कमलेश उरांव नगद राशि, 1000 हिमांशु उरांव ने 1000 रूपए नगद राशि प्राप्त की। सांत्वना पुरस्कार आस्था पांडे, सत्यम साहू, तनिष्क राज, अंशु मिश्रा, वैभव भास्कर एवं हर्ष राज सिंह को प्राप्त हुआ। विद्या भारती के योजनानुसार विभिन्न विषयों में अपनी दक्षता एवं दायित्वों को बेहतर ढंग से निभाने वाले आचार्य-दीदी जी को भी मंच पर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि के लिए विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, समिति के सदस्य एवं आचार्य-आचार्या ने भैया-बहनों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

उपायुक्त ने किया फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ

सदर अस्पताल परिसर में दवा वितरण कार्यक्रम की हुई शुरुआत

उपायुक्त, उप विकास आयुक्त समेत अन्य पदाधिकारियों ने भी ली खुराक

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम 2025 (एमडीए) का शुभारंभ आज सदर अस्पताल परिसर लोहरदगा में किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण,उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत,सिविल सर्जन डॉ शंभूनाथ चौधरी व कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों ने एमडीए की दवा के रूप में डीईसी और एल्बेंडाजोल की निर्धारित खुराक ली और सभी से लोहरदगा जिला को फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिए अपने स्तर से प्रयास करने का संदेश दिया। सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम 2025 (एमडीए) 11 फरवरी से 25 फरवरी 2025 तक डोर-टू-डोर संचालित होगा। आज 10 फरवरी को स्वास्थ्य कार्यकताओं द्वारा बूथ स्तर पर यह दवा खिलायी गयी।

संक्रमण की कड़ी को तोड़ना हीं फाइलेरिया का ईलाज : उपायुक्त

सदर अस्पताल परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत उपायुक्त व अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर की गई। इस मौके पर उपायुक्त,लोहरदगा ने कहा कि फाइलेरिया की बीमारी से बचाव के लिए एकमात्र उपाय बीमारी से पूर्व ही दवा लेना है जो सौ प्रतिशत कारगर है। फाइलेरिया से बचने के जरूरी है कि इसकी कड़ी को तोड़ा जाए। एमडीए की दवा के तहत किसी भी व्यक्ति को वर्ष में एक बार निर्धारित मात्रा में खुराक लेनी है जिससे फाइलेरिया के प्रभाव में आने का खतरा समाप्त हो जाता है। फाइलेरिया मच्छर के काटने से फैलता है और कोई भी व्यक्ति मच्छर के काटे जाने के खतरे से अछूता नहीं है। जब एक मच्छर व्यक्ति को काटता है तो उससे व्यक्ति के शरीर में फाइलेरिया के कीटाणु प्रवेश कर जाते हैं। फाइलेरिया से प्रभावित व्यक्ति को जब एक मच्छर काटता है तो वह मच्छर फाइलेरिया का वाहक बन जाता है। जब फाइेरिया की दवा खाते हैं तो वह उस कीटाणु के प्रभाव को खत्म कर देता है। वहीं दूसरी ओर अगर कोई व्यक्ति एक बार फाइलेरिया से ग्रसित हो जाता है तो कोई सर्जरी भी उसे पहले जैसा नहीं बना पाती। बीमारी के बाद इसका इलाज संभव नहीं है। सरकार द्वारा एमडीए की दवा निःशुल्क वितरण की जा रही है। लोहरदगा जिला में अभी भी फाइलेरिया के मरीज हैं। जो व्यक्ति अभी फाइलेरिया से ग्रसित नहीं है उनमें से गर्भवती महिला, दो वर्ष की उम्र से कम बच्चों और अत्यंत गंभीर रूप बीमार लोगों को छोड़कर सभी को एमडीए की खुराक लेनी चाहिए। लेकिन आनेवाली पीढ़ी इसकी चपेट में नहीं आए इसके लिए सभी को एमडीए की दवा दी जानी जरूरी है।

एमडीए की दवा को कोई गंभीर प्रतिकूल प्रभाव नहीं : उप विकास आयुक्त

उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि एमडीए की दवा पूरी तरह सुरक्षित है। चुंकि यह कीटाणु से होता है इसके लिए कीटाणु के प्रभाव को समाप्त करने के लिए वर्ष में एक बार दवा लेना जरूरी है। सरकार इसके लिए प्रत्येक वर्ष दवा सेवन का एक अभियान चलाती है जिसमें सभी को यह दवा जरूर खाना चाहिए। इसका कोई गंभीर प्रतिकूल प्रभाव नहीं है। उप विकास आयुक्त ने कहा कि जब स्वास्थ्य विभाग की टीम इस अभियान को घर-घर जाकर चलाए तो लाभुकों को यह दवा मौके पर ही खिलायी जाए।

चलते चलते एक नजर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने संगम में किया पवित्र स्नान

महाकुम्भ नगर : सनातन संस्कृति के सबसे बड़े मानव समागम महाकुम्भ में उमड़ रहे आस्था और श्रद्धा के महासागर में सोमवार को महाकुम्भ में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान कर अक्षयवट का दर्शन-पूजन कर संपूर्ण चराचर के कल्याण की प्रार्थना की। इसके बाद उन्होंने बड़े हनुमान जी मंदिर में श्रद्धा-भाव से पूजा-अर्चना कर जगत कल्याण के लिए प्रार्थना की। भारत की पहली आदिवासी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने प्रयागराज महाकुम्भ में मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती की त्रिवेणी के पावन संगम में पुण्य की डुबकी लगाकर पूरी दुनिया को एकता और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच महामहिम द्रौपदी मुर्मु ने पूरी आस्था के साथ त्रिवेणी संगम में स्नान किया। पावन डुबकी लगाने से पहले राष्ट्रपति ने त्रिवेणी संगम में पुष्प और नारियल अर्पित किया और भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर प्रणाम किया। उन्होंने मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती की अराधना करते हुए एक के बाद एक, कई बार पवित्र जल में डुबकी लगाई। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चारण और श्लोकों के बीच उन्होंने संगम स्थल पर पूजा अर्चना की और संगम की आरती भी उतारी।त्रिवेणी संगम पर डुबकी लगाने से पूर्व राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सपरिवार विधिवत पूजा अर्चना की। संगम में स्नान से पहले राष्ट्रपति ने सबसे पहले पूर्ण आस्था के साथ जल को स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। उसके बाद पवित्र जल में फूल माला और नारियल अर्पित कर समस्त राष्ट्र की समृद्धि और शांति की मनोकामना की। इस दौरान उनके साथ उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे।

मप्र में अंगदान करने वाले व्यक्तियों को दिया जाएगा राजकीय सम्मान : सीएम

भोपाल : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को एम्स भोपाल में 16 दिन पहले हृदय प्रत्यारोपण करवाने वाले मरीज दिनेश मालवीय से मुलाकात कर सफल हार्ट ट्रांसप्लांट के लिए शुभकामनाएं दीं। साथ ही एम्स के चिकित्सकों की टीम को भी इस बड़ी उपलब्धि के लिए बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह सफल ट्रांसप्लांट अंगदान के महत्व को दर्शाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घोषणा की कि राज्य सरकार अंगदान और देहदान को प्रोत्साहित करने के लिए नई योजनाएं लागू करेगी। अंगदान करने वाले व्यक्तियों को राजकीय सम्मान दिया जाएगा।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मृतक के परिवार की सहमति से उनके पार्थिव शरीर को उचित चिकित्सा संस्थानों तक पहुंचाया जाएगा और अंतिम संस्कार के समय राजकीय सम्मान दिया जाएगा। इसके अलावा यदि अंगदान करने वालों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं है, तो सरकार इसे बनवाने में मदद करेगी। राष्ट्रीय पर्वों पर ऐसे लोगों को सम्मानित करने का भी प्रयास किया जाएगा।गौरतलब है कि कुछ दिनों पहले ब्रेन डेड घोषित सागर जिले के बलिराम कुशवाहा के परिवारजनों ने अंगदान-महादान का निर्णय लिया था।

पराक्रम व शौर्य का प्रतीक है आदिवासी महाकुंभ मेला : अविनाश

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : कुंभ से एक बूंद अमृत गिरा तो प्रयाग राज में महाकुंभ लग गया। राजा मेदिनी राय के घर घर मथनिया चलने से न जाने कितना अमृत छलका होगा। पलामू के धरती वीरों कि धरती रही है। नीलांबर पीतांबर यहां के अमर बलिदानी योद्धा अपनी बेशकीमती शहादत दिए। रक्त का कतरा कतरा गिरा तब स्मिता बचा। उन वीर शहीदों और प्रतापी राजा मेदिनी राय के याद में झारखंड के प्रथम विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी के दूरगामी सोच के साथ आदिवासी महाकुंभ मेला का

आयोजन किए थे। यह मेला बेतला नेशनल पार्क मोड़ दुबियाखाड़ में राजकीय मेला लगता है। उक्त बातें झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता और संत मरियम विद्यालय के निदेशक अविनाश देव ने कही। उन्होंने कहा कि मेला में आने का आमंत्रण मुझे भी मिला। बहुत प्रसन्नता और खुशी जाहिर कर रहा हूं कि यह ऐतिहासिक मेला का चश्मदीद गवाह मै भी बनूंगा। देश दुनिया के आदिवासियत स्मिता जल जंगल जमीन और संस्कृति पर मंडरा रहे खतरे को खत्म करने का कारक बनेगा। हुल जोहार।

उत्तराखंड में रजिस्ट्री प्रक्रिया होगी पेपरलेस

एजेंसी

देहरादून : उत्तराखंड सरकार ने प्रदेश के सभी रजिस्ट्री कार्यालयों में जमीन संबंधित रजिस्ट्री को पूरी तरह पेपरलेस करने की योजना बनाई है। कैबिनेट की अंतिम मंजूरी मिलने के बाद यह व्यवस्था लागू हो जाएगी। यह जानकारी वित्त मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने दी।डॉ. अग्रवाल ने बताया कि अब तक रजिस्ट्री के बाद स्कैन की गई कॉपी कार्यालय में सुरक्षित रखी जाती थी और मूल दस्तावेज पक्षकार को सौंप दिए जाते थे। लेकिन सरकार ने इस प्रक्रिया को तकनीकी रूप से उन्नत बनाने का निर्णय लिया है।उन्होंने बताया कि इसमें चरणबद्ध तरीके से सुधार के लिए पूरी व्यवस्था पेपर लेस किए जाने का सरकार की ओर विचार किया जा रहा है, जिसमें पेपरलेस रजिस्ट्रेशन, आधार

प्रमाणीकरण, वर्चुअल रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी। इसके लिए उत्तराखंड ऑनलाइन दस्तावेज रजिस्ट्रीकरण नियमावली 2025 का प्रस्ताव बनाए जाने का सरकार की ओर से निर्णय लिया जा रहा है।उन्होंने बताया कि इस व्यवस्था के लागू होने के बाद भी विलेखों में पंजीकरण के लिए पक्षकार अपने ही स्थान से लेखपत्रों को तैयार कर ऑनलाइन लिंक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकेगा। इसके अलावा स्टाम्प ड्यूटी एवं रजिस्ट्रेशन फीस का भुगतान भी ऑनलाइन माध्यम से कर सकेगा।

वनवासियों के बीच शिक्षा देने को होना चाहिए प्रयास : होसबाले

एजेंसी

महाकुम्भनगर : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने सोमवार को महाकुंभ में आयोजित संत समागम को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति विश्व की पोषक व तारक है। हिन्दू संस्कृति की रक्षा व भारत की एकता व एकात्मता के लिए काम करें। शिक्षा, सेवा, संस्कार व धर्म जागरण के द्वारा अपने समाज की एकता को अपने समाज की अस्मिता को बनाए रखने का प्रयत्न करना चाहिए।उन्होंने कहा कि वनवासियों को ईसाई व मुसलमान बनाने का प्रयत्न हुआ। हमारे देवी देवताओं, पूजा पद्धति को बदल दिया। वनवासियों का कोई धर्म नहीं है, यह प्रचारित किया गया। इन सारे विषयों को पाठ्य पुस्तकों में

विश्वविद्यालयों में पढ़ाया पीएचडी करके इसको स्थापित करने का प्रयत्न किया गया। भोले भाले वनवासियों के हाथों में नक्सलियों ने बंदूक थमा दी। समस्या का समाधान उनका उद्देश्य नहीं था। प्रेम से रहो, हिंसा बंद करो, इस नफरत से काम नहीं चलेगा।सरकार्यवाह ने कहा कि वनवासियों ने अपने पूजा पाठ, मंत्र पारायण से, रीति रिवाज से, तीज त्यौहार से,पर्वों के आचरण से, पर्वों के अनेक संस्कारों से उसको जतन से बनाकर बचाकर रखे हैं। गुरूओं के मार्गदर्शन व संतों की साधना इस धर्म श्रद्धा को आध्यात्मिक चेतना को मूल संस्कार पद्धति को मजबूत रखने में बहुत बड़ी भूमिका निभाई हैं।दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि धर्मान्तरण एक प्रमुख चुनौती है। इसे रोकने के लिए हमें आगे आना होगा। अपनी संस्कृति की रक्षा के लिए एक प्रतिबद्धता चाहिए।

सरकार का खाद्य प्रसंस्करण और भंडारण अवसंरचना को बढ़ावा देने पर विशेष जोर

एजेंसी

नई दिल्ली : प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना की परिकल्पना एक व्यापक पैकेज के रूप में की गई थी, जिसके परिणामस्वरूप खेत से लेकर खुदरा दुकानों तक कुशल आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के साथ आधुनिक अवसंरचना का निर्माण होगा। यह न केवल देश में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देगा, बल्कि खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की क्षमता में भी सुधार करेगा, जो किसानों को बेहतर रिटर्न प्रदान करने और विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा करने, कृषि उपज की बर्बादी को कम करने, प्रसंस्करण स्तर को बढ़ाने और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के निर्यात को बढ़ाने में मदद करेगा। यह जानकारी खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्यमंत्री रवनीत सिंह ने आज

राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में दी। इसमें बताया गया कि पीएमकेएसवाई के तहत स्टैंडअलोन कोल्ड स्टोरेज का समर्थन नहीं किया जाता है। पीएमकेएसवाई की एक उप-योजना एकीकृत कोल्ड चेन और मूल्य संवर्धन अवसंरचना योजना के तहत पिछले पांच वर्षों में तेलंगाना राज्य में 06 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है।भारतीय खाद्य निगम, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार भंडारण सुविधाओं को उन्नत एवं आधुनिक बनाने के लिए भारत सरकार ने देश में सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मोड पर स्टील साइलो के निर्माण के लिए कार्य योजना को मंजूरी दी है। इस योजना के तहत देश भर में विभिन्न स्थानों पर 24.25 एलएमटी क्षमता वाले साइलो का निर्माण किया जा रहा है।

हज़रत महजूर शम्सी मरहूम की पुण्यतिथि पर हुआ मुशायरा सह कवि सम्मेलन का आयोजन

आपसी सौहार्द का प्रतीक है हिंदू मुस्लिम एकता : अरुणा शंकर

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : आईएमए हॉल हॉस्पिटल चौक मेदनीनगर मे अंजुमन तरक्क़ी ए उर्दू पलामू और एदारा-ए-फ़िक्रो अदब के संयुक्त तत्वधान मे सुप्रसिद्ध शायर हज़रत महजूर शम्सी मरहूम की 51वी पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए मुशायरा सह कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस मुशायरे सह कवि सम्मेलन की मुख्य अतिथि प्रथम महापौर श्रीमती अरुणा शंकर एवम विशिष्ट अतिथि मुंबई से आए हुए फ़िल्म निर्देशक टीवी सीरियल निर्माता विनोद मदन सिन्हा थे। इन अतिथियों को शाल और बुके देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्रीमति अरुणा शंकर ने आयोजकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम होते रहना चाहिए।

उन्होंने हिंदू मुस्लिम एकता पर बल देते हुए आपसी सौहार्द पर बल दिया।

कार्यकम के विशिष्ट अतिथि विनोद मदन सिन्हा ने कहा कि महजूर शम्सी साहब अपनी जात मे एक अंजुमन थे। उनका व्यक्तित्व हमसब के लिए अनुकरणीय है। इसके बाद मुशायरा का पूर्ण रूप से आगाज़ हुआ। मुशायरे की इब्तदा मे हज़रत महजूर शम्सी साहब के नाती जनाब अदनान काशिफ़ ने कलामे महजूर और जनाब इस्तेखार साहब ने हज़रत महजूर शम्सी साहब का कलाम पेश किया। इस मुशायरा मे शमीम जोहर, नसीम रेयाज़ी, मकबूक मंज़र,अरशद कमर, इंतेखाब असर,अतहर मुबीन कुरेशी, अमीन रहबर, मुसतफ़ा बलखि गोया, एमजे अज़हर, नुदरत नवाज़, निगार आलम अता, अलाउद्दीन शाह चराग, हरिवंश प्रभात, प्रेम प्रकाश, किरण राज़,शालिनी श्रीवास्तव, अशरफ़ जमाल अश्क व मनीष मिश्रा नंदन ने अपनी रचनाएं पेश की। कायकर्म की अध्यक्षता डॉ मुजफ़्फ़र बलखि तथा मंच संचालन, शायर मुसतफ़ा बलखि गोया ने किया। मुशायरे को सवारने सजाने मे मुख्य भूमिका अरशद जमाल, अदनान काशिफ़, मुसतफ़ा बलखि गोया, इंतेखाब असर ने की।

गुमराह करने वाले विज्ञापनों पर सुप्रीम कोर्ट ने की कार्रवाई

नई दिल्ली। आयुर्वेदिक, सिद्ध एवं यूनानी दवाओं के गैरकानूनी विज्ञापनों के विरुद्ध कार्रवाई करने में विफल रहने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली, आंध्र प्रदेश और जम्मू-कश्मीर समेत कई राज्यों की आलोचना की और उनके मुख्य सचिवों को तलब किया। जस्टिस अभय एस. ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि उसके आदेशों का शायद ही अनुपालन हुआ है। पीठ ने मुख्य सचिवों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये अदालत में पेश होकर यह बताने को कहा कि इन राज्यों ने आदेशों का अनुपालन क्यों नहीं किया। न्याय मित्र के रूप में पेश वरिष्ठ अधिवक्ता शादान फरासत ने कहा कि ज्यादातर राज्यों ने उल्लंघकर्ताओं की माफी स्वीकार करके और शपथ पत्र लेकर उन्हें बरी कर दिया है।

पंजाब में आम आदमी पार्टी की उल्टी गिनती शुरू : चुघ

एजेंसी

नई दिल्ली : भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने सोमवार को कहा कि दिल्ली के चुनावी नतीजों के बाद अरविंद केजरीवाल का फर्जी और धोखेबाज चेहरा देश के सामने आने के साथ ही पंजाब में भी आम आदमी पार्टी सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है।चुघ ने दावा किया कि पंजाब में आम आदमी पार्टी ताश के पत्तों की तरह है, जो जल्द ही ढह जाएगी क्योंकि भगवंत मान सरकार जिस बहुचर्चित दिल्ली मॉडल को पंजाब में लागू करना चाहती थी, उसे दिल्ली ने सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि ÷केजरीवाल और उनके मॉडल को दिल्ली की जनता ने यमुना में फेंक दिया है।चुघ ने पार्टी मुख्यालय में मीडियाकर्मियों से कहा कि केजरीवाल का दिल्ली का फर्जी मॉडल कुछ भी नहीं है। दस साल

तक दिल्ली की जनता को सिर्फ धोखा दिया, जिसका उदाहरण घोटालों की सूची है- शराब घोटाला, छात्रवृत्ति घोटाला, शिक्षा और स्वास्थ्य, जल बोर्ड घोटाला। उन्होंने कहा कि पंजाब के लोगों को आम आदमी पार्टी के भ्रामक प्रचार से भ्रमित होने की गलती का एहसास हो चुका है और अब पंजाब मान सरकार का अंत देखने के लिए तैयार है। पंजाब में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है, मान सरकार सभी मोर्चों पर पूरी तरह विफल है और गैंगस्टर एवं अन्य माफिया राज्य में खुलेआम घूम रहे हैं, पंजाब अब बदलाव की तलाश में है। पंजाब में आम आदमी पार्टी विधायकों के समर्थन का दावा करने वाली कांग्रेस से जुड़े सवाल पर चुघ ने चुटकी लेते हुए कहा कि देश के लगभग सभी हिस्सों में कांग्रेस का सफाया हो चुका है। कांग्रेस पहले से ही वेंटिलेटर पर है क्योंकि यह नेतृत्वहीन पार्टी बन गई है। भाजपा पंजाब में विपक्ष के रूप में जिम्मेदार भूमिका निभा रही है और आने वाले दिनों में लोगों का दिल जीतेगी।

माघी पूर्णिमा पर बन रहा ग्रह-नक्षत्रों का अद्भुत योग

एजेंसी

महाकुम्भ नगर : दैहिक, दैविक और भौतिक कष्टों से मुक्ति, मनोवांछित फल की प्राप्ति की संकल्पना साकार करने के लिए देश-विदेश के 43 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु संगम के पवित्र जल में डुबकी लगा चुके हैं। स्नानार्थियों के आने का क्रम जारी है। महाकुंभ का पांचवां स्नान पर्व माघी पूर्णिमा 12 फरवरी को पड़ रहा है। उसे देखते हुए दिन-रात श्रद्धालु तीर्थराज प्रयाग पहुंच रहे हैं। माघी पूर्णिमा पर ग्रह-नक्षत्रों का अद्भुत योग बन रहा है। उसमें पुण्य की डुबकी लगाने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु संगम नगरी पहुंच रहे हैं।

आचार्य अवधेश मिश्र शास्त्री के अनुसार 11 फरवरी की शाम 6.30 बजे पूर्णिमा तिथि लग जाएगी, जो 12 फरवरी को शाम 6.41 बजे तक रहेगी। इससे बुधवार को दिनभर पूर्णिमा का प्रभाव रहेगा। 12 फरवरी की सुबह 8.01 बजे तक श्लेषा नक्षत्र और सौभाग्य योग है। इसके बाद शोभन योग लग जाएगा। कुंभ राशि में बुध व शनि, मीन राशि में शुक्र व राहु संचरण करेंगे। जो अत्यंत उत्तम माना जाता है। माघी पूर्णिमा स्नान पर्व के साथ संगम क्षेत्र में चल रहा माहभर का कल्पवास समाप्त हो जाएगा। स्नान के बाद अधिकतर संत व श्रद्धालु क्षेत्र से प्रस्थान कर जाएंगे।आचार्य राममोहन शुक्ल के अनुसार माघ महीने की पूर्णिमा तिथि का विशेष महत्व है। पूर्णिमा के बाद फाल्गुन माह की शुरुआत हो जाती है। इसी तिथि पर भगवान विष्णु ने मत्स्य अवतार लिया था। गंगा स्नान, दान और भगवान सत्यनारायण की कथा सुनने, भगवान विष्णु, मां लक्ष्मी और चंद्रदेव की पूजा करने का विशेष महत्व है। उक्त तिथि पर गाय, तिल, गुड़ और कंबल का दान विशेष पुण्य फल देता है।

तिरुपति लड्डू मामले में सीबीआई का बड़ा एक्शन, मिलावट मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया

नई दिल्ली। केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) ने श्रीवेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में भक्तों को प्रसाद के रूप में दिए जाने वाले प्रसिद्ध तिरुपति के लड्डू में मिलावट के मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान विपिन जैन, पोमिल जैन, अपूर्व चावड़ा और राजू राजशेखरन के रूप में की गई है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सीबीआई ने पिछले साल नवंबर में तिरुपति के लड्डू बनाने में जानवरों की चर्बी के इस्तेमाल के आरोपों की जांच के लिए पांच सदस्यीय एसआईटी का गठन किया था। टीम में केंद्रीय एजेंसी के दो अधिकारी, आंध्र प्रदेश पुलिस के दो और भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) का एक अधिकारी शामिल था।

परीक्षा पे चर्चा : प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों को दिया आत्मविश्वास का मंत्र

एजेंसी

नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को नई दिल्ली की प्रतिष्ठित सुंदर नर्सरी में परीक्षा पे चर्चा (पीपीसी) के 8वें संस्करण के दौरान देशभर के विद्यार्थियों से बातचीत की। उन्होंने व्यक्तित्व में सुधार और खामियों को दूर करने में चुनौती को अहम बताया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी खुद को चुनौती दें और एक लक्ष्य निर्धारित करें। लक्ष्य को प्राप्त करने से आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि परीक्षाएं ही सब कुछ नहीं हैं। उन्होंने ज्ञान और परीक्षा को दो अलग चीज बताया। उन्होंने कहा कि किसी को भी परीक्षा को अंतिम लक्ष्य नहीं समझना चाहिए। उन्होंने लोगों से प्रौद्योगिकी को समझने और उसका अधिकतम उपयोग करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों के साथ अनौपचारिक बातचीत में कई विषयों पर चर्चा की। उन्होंने तिल से बनी

मिठाइयां बांटीं।प्रधानमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों को हर समय अच्छी तरह से तैयार रहना चाहिए और स्वयं को चुनौती देते रहना चाहिए। उदाहरण के लिए यदि आप पिछली बार किसी परीक्षा में 30 अंक लाए थे तो अगली बार 35 अंक लाने हैं। उन्होंने कहा कि अधिकांश लोग खुद से खुद की लड़ाई लड़ते ही नहीं हैं। प्रधानमंत्री ने इसके लिए मन को स्थिर कर स्वयं की क्षमताओं और लक्ष्य को पहचाने की सलाह दी। उन्होंने लोगों से बार-बार खुद से पूछने का आग्रह किया कि वे क्या बन सकते हैं, क्या हासिल कर सकते हैं और कौन से काम उन्हें संतुष्टि देंगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि किसी का ध्यान अखबार या टीवी जैसे दैनिक बाहरी प्रभावों से प्रभावित नहीं होना चाहिए, बल्कि समय के साथ लगातार विकसित होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने बताया कि बहुत से लोग अक्सर अपने दिमाग को बिना दिशा के भटकने देते हैं।प्रधानमंत्री ने उन्हें सलाह दी कि वे अपने निर्णयों में लापरवाही न बरतें और किसी ऐसी चीज पर शांति पाने के लिए अपना मन बनाएं जो उन्हें चुनौतियों से निपटने में मदद करेगी। मोदी ने कहा कि ज़्यादातर लोग खुद से नहीं बल्कि दूसरों से प्रतिस्पर्धा करते हैं, अक्सर अपनी तुलना उन लोगों से करते हैं जो शायद कम सक्षम हों। उन्होंने कहा कि खुद से प्रतिस्पर्धा करने से अटूट आत्मविश्वास पैदा होता है, जबकि दूसरों से खुद की तुलना करने से निराशा होती है।